हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • शनिवार • 21 मार्च 2026 • वर्ष 10 • अंक 313 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## संक्षिप्त समाचार

### भारत आएंगे बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान

- यूनुस राज खत्म होते ही सुधरने लगे संबंध, अहम होगा दौरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का शासन खत्म होने ही भारत बांग्लादेश के रिश्ते पटरी पर लौटने लगे हैं। इसकी शुरुआत बांग्लादेश के विदेश मंत्री की भारत यात्रा से हो सकती है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान अगले महीने भारतीय राजधानी की एक संक्षिप्त यात्रा पर आ सकते हैं। यह इसीलिए अहम है क्योंकि ढाका में तारिक रहमान की सरकार बनने के बाद बांग्लादेशी विदेश मंत्री की यह पहली विदेश यात्रा होगी। यह खबर ऐसे समय में सामने आई है जब दोनों ही देश संबंधों में आए भारी तनाव के बाद रिश्तों को दोबारा मजबूत बनाने की कोशिशें कर रही हैं। सूत्रों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि रहमान 8 अप्रैल को मॉरीशस में होने वाले हिंद महासागर सम्मेलन में जाते समय नई दिल्ली में रुक सकते हैं।

### एयर इंडिया ने कनाडा के लिए भेजा 'गलत' बोइंग बी 777

- नौ घंटे हवा में तैरते रहने के बाद चीन से लौटा वापस भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया के एक विमान को वैंकूवर पहुंचने से पहले ही लगभग नौ घंटे की उड़ान के बाद दिल्ली लौटना पड़ा। अगर आप सोच रहे हैं कि उसे ईरान-इजरायल युद्ध की वजह से लौटना पड़ा तो आप गलत हैं। वह पूर्वी रास्ते से जा रहा था, न कि खाड़ी युद्ध क्षेत्र वाले। उसके लौटने का कारण थोड़ा अजीब है। जिस प्लेन को कनाडा में एंट्री की मंजूरी नहीं थी, एयर इंडिया ने उस विमान को रवाना किया था। विमान यात्रियों को लेकर उड़ा, लेकिन कनाडा पहुंचने से पहले ही उसे वापस लौटना पड़ा। दरअसल, एयर इंडिया के पास कनाडा के लिए अपने बोइंग 777-300 एक्सटेंडेड रेंज बेड़े को संचालित करने की मंजूरी है, न कि बी 777-200 लॉन्ग रेंज को। गुरुवार (19 मार्च) को जिस फ्लाइट ने दिल्ली से वैंकूवर के लिए उड़ान भरी वह एक बी 777 विमान (फ्लाइट संख्या एआई 185) थी। **कनाडा में बी 777-200 लॉन्ग रेंज को मंजूरी नहीं**- ये फ्लाइट यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी, जिसके पास कनाडा में एंट्री की मंजूरी ही नहीं थी। विमान के 9 घंटे से अधिक की उड़ान भरने और कुनमिंग के पास चीनी हवाई क्षेत्र में पहुंचने पर ही एयरलाइन को अपनी इस बहुत बड़ी गलती का अहसास हुआ। इसके बाद एयरलाइन ने विमान को वापस दिल्ली बुला लिया। फ्लाइट ट्रैकिंग साइटों के अनुसार, ये विमान यह गुरुवार शाम 7.19 बजे उतरा।

### सरकार ने 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए

- इनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म भी शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ




और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन कसीनो (स्लॉट्स, रूलेट और लाइव डीलर गेम्स), पी-टू-पी बेटिंग एक्सचेंज, सट्टा/मटका नेटवर्क और रियल मनी कार्ड ऐप्स शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई में तेजी आई है।

# संत प्रेमानंद से मिलीं राष्ट्रपति, हाथ जोड़कर किया प्रणाम

- संत ने राधे-राधे कहा, परिवार के साथ मुर्मू वृंदावन पहुंचीं, 25 मिनट चर्चा की



मथुरा (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उन्होंने 25 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह 7 बजे बारिश के बीच परिवार के साथ प्रेमानंदजी के वृंदावन आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हाथ जोड़कर संत को प्रणाम किया। संत प्रेमानंद ने राधे-राधे कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। आश्रम में राष्ट्रपति का संतों ने माला-चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रेमानंदजी को जन्मदिन की भी बधाई दी। गुरुवार यानी 19 मार्च को उनका 56वां जन्मदिन था। दरअसल, राष्ट्रपति मुर्मू, यूपी के 3 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए थे। फिर शाम को मथुरा पहुंचीं। प्रेमानंदजी से मुलाकात के बाद बाबा नीम करौरी महाराज के आश्रम पहुंचीं। राष्ट्रपति मुर्मू का मथुरा का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह पिछले साल 25 सितंबर को आई थीं। तब बांके बिहारी के दर्शन किए थे।

### दरबार में पूरे परिवार के साथ पहुंची थीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मू, दामाद गणेश हेम्ब्रम और दोनों नातिनें आद्याश्री और नित्याश्री मौजूद थीं। केलीकुंज आश्रम में राष्ट्रपति और उनके परिवार के लिए कुर्सियां लगाई गई थीं। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति संत प्रेमानंद महाराज के साथ आध्यात्मिक चर्चा के दौरान भाव-विभोर दिखीं। इस दौरान कुटिया में सिर्फ राष्ट्रपति, उनके परिजन और संत के करीबी शिष्य ही मौजूद रहे। संत प्रेमानंद से मुलाकात के बाद राष्ट्रपति, रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल पहुंची। वहां पश्चिमी यूपी की सबसे आधुनिक कैंसर यूनिट 'नंदकिशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मौजूद रहीं।

### तृतीय मां चंद्रघंटा



देवी मां के तृतीय ईश्वरीय स्वरूप का नाम मां चन्द्रघण्टा है।'चंद्र' हमारी बदलती हुई भावनाओं, विचारों का प्रतीक है (ठीक वैसे ही जैसे चन्द्रमा घटता व बढ़ता रहता है)। 'घंटा' का अर्थ है जैसे मंदिर के घण्टे-घड़ियाल।

# देश में दो रुपए से ज्यादा महंगा हुआ 'पावर' पेट्रोल

- तेल की कीमतों पर ईरान युद्ध का दिखा पहला असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बाद बनी ईंधन संकट की स्थिति का पहली बार पेट्रोल की कीमतों पर असर पड़ा है। देश में प्रीमियम यानी पावर पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.30 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोल डीलरों ने इस बात की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार फिलहाल यह कीमतें सिर्फ पावर पेट्रोल की कीमतों पर लागू होंगी और रेगुलर पेट्रोल की कीमत नहीं बढ़ाई गई है। इस बढ़ोतरी का असर मुख्य रूप से उन ग्राहकों पर पड़ेगा जो हाई-ऑक्टेन या प्रीमियम पेट्रोल का इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि प्रीमियम पेट्रोल का इस्तेमाल आमतौर पर बेहतर इंजन परफॉर्मेंस और



ज़्यादा माइलेज के लिए किया जाता है। फिलहाल तेल कंपनियों की ओर से कीमतों में बढ़ोतरी का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है। ईरान युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं।


### जरूरत का 88 प्रतिशत आयात करता है भारत

गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं और पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। वहीं भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसके लिए वैश्विक कीमतों में यह उछाल बड़ा व्यापक आर्थिक जोखिम उत्पन्न करता है। यह भारत के चालू खाते के घाटे को भी बढ़ाता है, रुपये पर दबाव डालता है और घरों व व्यवसायों के लिए ईंधन लागत बढ़ाता है। तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति में बाधा का प्रमुख कारण यह है कि युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। युद्ध से पहले आम तौर पर हर दिन करीब 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल और 50 लाख बैरल तेल उत्पाद होर्मुज से गुजरते थे।

# युद्ध स्वार्थी हितों और वर्चस्व की चाहत का है नतीजा

- भागवत बोले-दुनिया के कई देशों को भरोसा-ईरान-इजराइल जंग भारत ही खत्म करा सकता है

**नागपुर (एजेंसी)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की असली वजह स्वार्थी हित और वर्चस्व की चाहत है। स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म को मानने से ही हासिल की जा सकती है। भागवत नागपुर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- पिछले 2,000 साल से दुनिया ने संघर्षों को सुलझाने के लिए कई प्रयोग किए हैं, लेकिन उन्हें बहुत कम सफलता मिली है। संघ चीफ ने यह भी कहा कि भारत का स्वभाव ही ऐसा है जो सद्भाव में विश्वास रखता है।



- **जबरन धर्म परिवर्तन और ऊंच-नीच की भावनाएं आज भी मौजूद**- धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और ऊंच-नीच की भावनाएं आज भी मौजूद हैं। भारत का प्राचीन ज्ञान हमें सिखाता है कि सभी आपस में जुड़े हुए हैं और एक हैं। धर्म केवल शास्त्रों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि लोगों के व्यवहार में भी झलकना चाहिए। अनुशासन और नैतिक मूल्यों के पालन के लिए लगातार अभ्यास जरूरी है और इसमें अक्सर निजी परेशानियां भी आती हैं।

# छत्तीसगढ़ में जबरन धर्मांतरण पर अब आजीवन कारावास

- विधेयक हो गया है पास, सदन में गूंजे 'जय श्रीराम' के नारे

**रायपुर (एजेंसी)।** विधानसभा ने राज्य में अवैध मतांतरण की चुनौतियों से निपटने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक-2026 को गुरुवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके तहत अब बलपूर्वक, प्रलोभन या धोखाधड़ी से कराए जाने वाले सामूहिक मतांतरण के दोषियों को आजीवन कारावास तक की कठोर सजा भुगतनी होगी। इस नए कानून में विशेष रूप से महिलाओं, नाबालिगों, अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के साथ होने वाले अवैध मतांतरण के मामलों में 20 वर्ष तक की कैद का सख्त प्रविधान किया गया है। साथ ही डिजिटल माध्यमों से दिए जाने वाले प्रलोभन को भी अपराध की श्रेणी में रखा गया है।



# एलपीजी की पैनिक बुकिंग घटी | ...लेकिन हालात चिंताजनक

- सरकार ने कहा-देशभर में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है लेकिन संकट बरकरार
- बताया-हर दिन 55 लाख सिलेंडर की मांग, 7500 कंज्यूमर पीएनजी पर शिफ्ट हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एलपीजी संकट को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अब पैनिक बुकिंग में कमी आई है। देशभर में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन हालात अभी भी चिंता वाले बने हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को करीब 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग हुई। वहीं, करीब 7500 उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से ये बातें केंद्रीय मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही गई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान से 913 भारतीय आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते वापस लौट रहे हैं।



- **कालाबाजारी रोकने के लिए 4500 छाप मारे**- पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने निगरानी बढ़ाने के लिए 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटियां बनाई हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में 4500 छापे मारे गए।
- **गल्फ क्षेत्र में 22 जहाज और 611 भारतीय सुरक्षित**- शिपिंग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 24 घंटों में किसी भी समुद्री घटना की कोई रिपोर्ट नहीं है। पर्शियन गल्फ क्षेत्र में हमारे 22 जहाज और 611 भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन पर लगातार नजर रखी जा रही है।
- **पीएम मोदी ने 5 देशों के नेताओं से की बात** - विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इस दौरान वेस्ट एशिया में चल रहे संघर्ष पर भारत का पक्ष रखा। सभी नेताओं ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में सुरक्षित आवाजाही के समर्थन की बात दोहराई। रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ओमान के सुल्तान से भी बात की और उन्हें व वहां के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं।

# रूसी इनपुट पर एनआईए ने पकड़े थे अमेरिकी और यूक्रेनी नागरिक

- म्यांमार सीमा पर हथियारबंद गुटों को ट्रेनिंग दी, ग्रुप में 14-15 लोग, अन्य की तलाश जारी

**आईजोल (एजेंसी)।** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पूर्वोत्तर (मिजोरम सीमा) में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने रूसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर अमेरिकी और यूक्रेनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था।

पकड़े गए लोगों पर भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने का आरोप है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह गिरोह म्यांमार के हथियारबंद गुटों को ट्रेनिंग दे रहे था। टूरिस्ट वीजा की आड़ में म्यांमार के विद्रोही गुटों को ड्रोन और आधुनिक



युद्ध तकनीक की ट्रेनिंग दी जा रही थी। ये लोग टूरिस्ट वीजा पर भारत आए थे, लेकिन मिजोरम में बिना अनुमति अवैध रूट से पहुंचे और यहां से पड़ोसी देश म्यांमार की सीमा में घुस गए। सूत्रों के अनुसार 8 अन्य यूक्रेनियन की तलाश जारी है। कुल 14-15 लोगों का ग्रुप था। ये लोग यूरोप से बड़े पैमाने पर ड्रोन पहुंचा रहे थे, जो संभवतः भारत से जुड़े उग्रवादी समूहों तक पहुंच सकते थे। आरोपी कई बार ट्रेनिंग देने आ चुके हैं। इस बार वे गुवाहाटी पहुंचे।

- **पूर्वोत्तर में ड्रोन वारफेयर का डर**- म्यांमार गृहयुद्ध में ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ा है। सूत्रों का मानना है कि ये ड्रोन अब भारत के उग्रवादियों तक पहुंच सकते हैं। इससे पूर्वोत्तर में ड्रोन अटैक का खतरा बढ़ेगा। यहां म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध और जातीय संघर्ष के कारण पहले भी विदेशी मर्सिनरी या ट्रेनर्स के आने की खबरें आ चुकी हैं। मिजोरम-म्यांमार सीमा पर लंबे समय से अस्थिरता बनी है।

# तमिलनाडु के सलेम में भयानक सड़क हादसा

- 2 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत, सभी एक ही परिवार के सदस्य

**सलेम (एजेंसी)।** तमिलनाडु के सलेम में बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। सलेम के पास उथमासोलपुरम में हुई दुर्घटना में दो बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। ईरोड से सलेम जा रही एक तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम की एक बस कथित तौर पर चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और विपरीत लेन में चली गई।

इसके बाद अनियंत्रित बस सूलाईमेडु के पास एक मिनी मालवाहक वाहन से टकरा गई। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से कुछ ने बाद में गंभीर चोटों के कारण दम तोड़ दिया। इससे मरने वालों की कुल संख्या 8 हो गई।



## संक्षिप्त समाचार

### हमीदपुर बारा में घर तोड़ने के चार आरोपित गिरफ्तार

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के हमीदपुर बारा गांव में प्रेम प्रसंग के मामले में आरोपीत का जेसीबी मशीन से घर तोड़े जाने के मामले में पुलिस ने प्रवेश यादव समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि एक लड़की को प्रेम प्रसंग में गांव का ही लड़का को लेकर भाग जाने का आरोप लगा है। इस मामले में आरोपी के घर को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया था। इस मामले में पीड़ित परिवार ने थाना में आवेदन देकर प्रवेश यादव समेत 13 को नामजद और 10 अज्ञात लोगों पर कांड संख्या 100/26 दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में नामजद आरोपित प्रवेश यादव समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपितों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### गायब लड़की को पुलिस ने हरियाणा से किया बरामद

**नरहट (नवादा)।** नरहट थाना क्षेत्र के हमीदपुर बारा गांव में एक माह पूर्व प्रेम प्रसंग के मामले में गायब लड़की को नरहट पुलिस हरियाणा राज्य के जिला गुरुग्राम मानेसर से बरामद कर लिया है। केस के आईओ एसआई रौशन कुमार ने बताया कि लड़की को बरामद कर लाया गया है। लड़की को मानेसर के एक कमरा से बरामद कर लिया गया है। आरोपित युवक राजा कमरा में नही था वह फैक्ट्री में काम करने गया हुआ था। पुलिस की भनक लगते आरोपित युवक फरार हो गया। लड़की को सकुशल बरामद कर लाया गया और शुक्रवार को न्यायालय में बयान कराया गया है। प्रेम प्रसंग के मामले में लड़की घर से भाग गई थी। इस मामले में लड़की के मां ने थाने में आवेदन देकर कांड संख्या 79/26 दर्ज कराते हुए बेटी को बहला फुसला कर भगाने का आरोप लगाते हुए गांव के राजा समेत तीन युवकों को आरोपित किया है।

### ईद व रामनवमी को लेकर सुगौली थाना में शांति समिति की बैठक



**सुगौली।** आगामी ईद-उल-फितर एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर शुक्रवार को सुगौली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने कहा कि पर्व-त्योहार आपसी भाईचारे और एकता के प्रतीक होते हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि आपसी सहयोग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन हर स्तर पर सतर्क है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेगा।बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

### सूर्य मंदिर समिति की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**रक्सौल।** शुक्रवार को थाना परिसर में सूर्य मंदिर समिति, रक्सौल की कार्यकारिणी बैठक पदेन अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संरक्षक सह अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, थानाध्यक्ष हेमंत सिंह (एएसपी) सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही।बैठक को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिन्हा ने आगामी चैती छठ पूजा को लेकर सूर्य मंदिर स्थित छठ घाट की साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, आने वाले दिनों में समिति की नयी कार्यकारिणी गठन करने तथा मंदिर परिसर स्थित शेड दुकानों के किराया नवीनीकरण एवं नए अनुबंध की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही।वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष हेमंत सिंह (एएसपी) ने छठ पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने तथा छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।मंदिर समिति के सचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया, कोषाध्यक्ष गणेश अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया कि मंदिर परिसर एवं तालाब की साफ-सफाई कई दिनों से जारी है। छठ पूजा से पूर्व भव्य पंडाल निर्माण एवं विद्युत सज्जा की भी व्यवस्था की जाएगी।बैठक में सिटी मैनेजर अविनाश कुमार, स्वच्छता प्रभारी कन्हैया यादव, वार्ड पार्षद सुरेश कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, नगर परिषद सहित सचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया, कोषाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, राकेश कुशवाहा,अध्यक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, दिनेश कुमार धानोठिया, नवीन कुमार सिंह, रवि गुप्ता, गुड्डु खेतान, अजय पटेल, कमलेश कुमार एवं भोला साह समेत समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय चेतना कार्यक्रम के तहत 'अपनी माटी–अपना देश' आयोजन, छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत




**घोड़ासहन।** राष्ट्रीय चेतना कार्यक्रम के अंतर्गत 'अपनी माटी–अपना देश' कार्यक्रम का आयोजन घोड़ासहन में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मो. अनवर अली अंसारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम प्रभारी इंजीनियर संदीप कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के लगभग 100 छात्रों ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, समर्पण और शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस दौरान छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रहकर अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास करना चाहिए।इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले से लगभग दो दर्जन प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया जाएगा। चयनित छात्रों को देश के प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों जैसे आगरा, चित्तौड़गढ़, दिल्ली, अमृतसर और वाघा बॉर्डर का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा के दौरान छात्रों को देश के नामचीन व्यक्तित्वों और नेताओं से मिलने का भी अवसर प्राप्त होगा, जिससे उन्हें प्रेरणा मिलेगी।कार्यक्रम की शुरुआत 31 मई को गांधी संग्रहालय, मोतिहारी में होने की संभावना है, जिसका उद्घाटन बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री द्वारा किया जाएगा। वहीं, कार्यक्रम का समापन 14 जून को पटना में मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा।इस पूरे कार्यक्रम का संचालन स्वराज फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। छात्रों का चयन उनकी प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# पकरीबरावां व धमौल थाना में शांति समिति की बैठक

## पर्वों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का अपील

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पकरीबरावां।** ईद, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर शुक्रवार को पकरीबरावां एवं धमौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। दोनों स्थानों पर आयोजित बैठकों में पुलिस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। धमौल थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि सभी पर्वों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा गया।

मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिन्हा, सचिव अजीत भारती, सरपंच धर्मेंद्र यादव, कैसर मंसूरी, मोइन आलम सहित अन्य थे। वहीं, पकरीबरावां थाना में आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष रंजन चौधरी, एसआई सौरभ कुमार, विकास कुमार, एएसआई ओम प्रकाश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पर्वों के दौरान घातक हथियार, डीजे, अश्लील गाना, किसी विशेष धर्म से संबंधित आपत्तिजनक गीत या नारे तथा राजनीतिक भड़काऊ गानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

प्रशासन ने बताया कि किसी भी जुलूस को निकालने से पूर्व लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा तथा जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा। नियमों के उल्लंघन या अफवाह फैलाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठकों में सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। जाम की समस्या से निपटने के लिए देवी स्थान के पास टोटो वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने तथा सिकंदरा व नवादा की ओर से आने वाली बसों को तय स्थानों पर रोकने का सुझाव दिया गया।

सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव का निर्देश दिया गया। साथ ही चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन 28 मार्च तक संपन्न कराने तथा 29 मार्च को रामनवमी जुलूस को निर्धारित मार्ग राम जानकी ठाकुरवारी से मोहन बीघा, खपूरा मोड़, वारिसलीगंज मोड़ एवं राइस मोड़ होते हुए देवी स्थान तक निकालने का निर्णय लिया गया। बैठकों में सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार, जावेद हुसैन, शेरु मलिक, हाफिज नौशाद, शकील अहमद, मुखिया मनोज चौरसिया, लक्ष्मण चौहान, दिनेश यादव, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रजौली के मनीष ने चित्रकला में बिखेरा अपनी प्रतिभा का रंग, जिला स्तर पर द्वितीय स्थान पाकर बढ़ाया मान



छात्र को सम्मानित करते डीपीओ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार दिवस के गौरवमयी अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में रजौली प्रखंड के एक उभरते कलाकार ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास मध्य विद्यालय, चिरैला के सातवीं कक्षा के छात्र मनीष कुमार ने अपनी तूलिका के जादू से जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे रजौली क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मनीष की इस शानदार सफलता पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा सुश्री वर्षा ए ने उन्हें पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने मनीष की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उसका मनोबल बढ़ाया। ग्रामीण परिवेश से निकलकर जिला स्तर पर मिली इस बड़ी कामयाबी ने यह साबित कर दिया है कि अगर प्रतिभा को सही मार्गदर्शन मिले तो सफलता के आसमान को छुआ जा सकता है। मनीष की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच खुशी और गर्व का माहौल व्याप्त है, जहां हर कोई इस नन्हे कलाकार की सराहना कर रहा है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सह छात्रावास संचालक सोमनाथ, शिक्षक राजीव कुमार, उपेंद्र कुमार समेत अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## भक्ति और शक्ति के संगम से गुंजायमान हुआ कौआकोल दुर्गा मण्डप

### माता के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' की हुई विशेष पूजा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कौआकोल प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय दुर्गा मण्डप में श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना हुआ है। नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को माता दुर्गा के द्वितीय स्वरूप 'माँ ब्रह्मचारिणी' की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। सुबह से ही दुर्गा मण्डप में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। मंदिर परिसर शंखध्वनि और 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान रहा। मुख्य पुजारी पण्डित धर्मेंद्र भूषण पाठक द्वारा माता का विशेष अभिषेक कर उन्हें श्वेत वस्त्र,सुगंधित पुष्प और अक्षत अर्पित किए गए। माता को विशेष रूप से चीनी, मिश्री और पंचामृत का भोग लगाया गया,जो उनके इस स्वरूप को अत्यंत प्रिय है। पूजा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि माँ ब्रह्मचारिणी तपस्या, त्याग और सदाचार की अधिष्ठात्री देवी हैं। उनकी उपासना से भक्तों के जीवन में संयम और आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य पथ से विचलित न होने की प्रेरणा माता के इस स्वरूप से मिलती है। मौके पर मुख्य यजमान सोनु सिंह,अजित कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

# बांझपन की समस्या से मुक्त होगा मोहनपुर का पशुधन, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जगाई नई उम्मीद

◆ 138 पशुओं के नि :शुल्क उपचार के साथ पशुपालकों को मिली आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक प्रबंधन की जोर



शिविर में मौजूद चिकित्सक व ग्रामीण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र बहादुरपुर पंचायत के मोहनपुर गांव के ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले दुधारू पशुओं की प्रजनन क्षमता बढ़ाने और पशुपालकों की आर्थिक चुनौतियों को दूर करने के उद्देश्य से प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय अंधरवारी द्वारा आयोजित विशेष शिविर ने क्षेत्र में एक नई चेतना का संचार किया है।पंचायत समिति प्रतिनिधि वाल्मीकि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में चिकित्सा विज्ञान और जमीनी सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां डॉ. अभय कुमार, डॉ. रेषु कुमार और डॉ. नीरज कुमार सिंह के विशेषज्ञ नेतृत्व ने पशुपालकों की बरसों पुरानी चिंताओं का समाधान किया। रजौली प्रखंड की मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के डॉ. बिपिन बिहारी प्रसाद और उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी ने इस शिविर को और भी प्रभावी बना दिया,जिससे सुदूर ग्रामीण इलाकों तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकीं।

शिविर की सफलता का प्रमाण उस समय देखने को मिला जब 61 पशुपालक अपने 138 पशुओं को लेकर पहुंचे, जहां गाय और भैंसों की गहन जांच के बाद निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। उमेश चौधरी, धीरज कपूर और राजू कुमार जैसे समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में चली इस प्रक्रिया के दौरान चिकित्सकों ने केवल उपचार ही नहीं किया,बल्कि पशुपालकों को वैज्ञानिक प्रबंधन का पाठ भी पढ़ाया। विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि पशुओं में बांझपन केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि असंतुलित पोषण, परजीवी संक्रमण और हार्मोनल असंतुलन का परिणाम है,जिसे खनिज मिश्रण और समयबद्ध टीकाकरण जैसे छोटे बदलावों से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।मैत्री और टीका कर्मी संजय कुमार, अशोक प्रसाद एवं अन्य सहयोगियों की उपस्थिति में संपन्न हुए इस आयोजन ने गांव के पशुपालकों में एक नया आत्मविश्वास भरा है। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पशुपालन विभाग के इस संवेदनशील प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे तकनीकी शिविरों की निरंतरता की मांग की। मोहनपुर में पशुओं के सफल उपचार और दी गई वैज्ञानिक सलाह ने न केवल पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया है, बल्कि किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को भी धरातल पर मजबूती प्रदान की है।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** "उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार" थीम के अंतर्गत बिहार दिवस 2026 के अवसर पर नवादा जिला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा श्री दीपक कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) सुश्री वर्षा, डीपीओ (एमडीएम) श्री रिशु राज, डीपीओ स्थापना श्री शिव कुमार वर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस आयोजन में गणित ओलंपियाड, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं सृजनात्मक विधाओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने ज्ञान, कौशल एवं रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के उपरांत कुल 12 बालक एवं 12 बालिकाओं ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम एवं अनुशासन का परिचय देते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है।

उक्त सभी चयनित छात्र-छात्राएं दिनांक 22 से 24 मार्च 2026 तक पटना में आयोजित होने वाले बिहार दिवस के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रस्थान करेंगे। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों में राकेश कुमार, आलोक प्रिय, सारिका शर्मा, अदिति प्रकाश, आयशा हुसैन, नीरज कुमार, सौरभ कुमार, निराला गौतम, शिखा रानी बहुगुणा, अंकिता कुमारी, दिनेश चौधरी, डॉ. ममता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक हाट में झपट्टामार महिला गिरोह सक्रिय

### एक महिला से दिन दहाड़े की गई छिनतई, विरोध करने पर जमकर की पिटाई


टोटो पर बैठी आरोपित महिलाएं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के बजरंगबली चौक पर शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में महिलाओं का झपट्टामार गिरोह सक्रिय दिखाई दिया। शुक्रवार की दोपहर को अमझरी गांव निवासी नंदू कुमार की पत्नी गीता कुमारी,जिसका मायका बलिया है,वो अपने बीमार पति के इलाज के लिए एक बैंक से दो हजार रुपए निकाली थी और बाजार करने हाट पर गई थी। महिला अपने बच्चे को गोद में लिए फुटपाथ पर के एक कपड़ा दुकान में कपड़ा खरीदने लगी। इसी बीच पीछे से पांच महिलाएं कपड़ा खरीद रही महिला के पीछे खड़े हुई और उसके पास रहे पैसे को ले ली। जब पीड़ित महिला को लगा कि उसका पैसा नीचे गिर गया है,तो वो महिलाओं से पैसे की मांग करने लगी। इसी बात को लेकर पीड़ित महिला और झपट्टामार गिरोह महिलाओं के बीच तू-तू,मैं-मैं होने लगा। इस दौरान झोट्टमार गिरोह में रही महिलाओं ने बेरहमी से पीड़ित महिला की पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों द्वारा मदद हेतु डायल 112 की टीम को सूचित कर बुलाया गया। डायल 112 की टीम में रहे एसआई दिनेश कुमार सिंह ने आरोपी महिलाओं की जांच की,तो उसके पास से मुड़े हुए पीड़ित महिला का पैसा बरामद हुआ। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उन्होंने पीड़ित महिला को घेरकर पैसे चुराते हुए भी देखा है एवं पैसे मांगने पर झपट्टामार गिरोह में रही महिलाओं द्वारा पीड़ित महिला के साथ जमकर निर्ममता पूर्वक मारपीट को अंजाम दिया गया है। झपट्टामार गिरोह में जमुआंय के विनोद राजवंशी की पत्नी मंजू देवी के साथ अन्य तीन महिलाएं एवं एक किशोरी शामिल थी। डायल 112 की टीम द्वारा पीड़ित एवं आरोपी सभी महिलाओं को थाना ले जाया गया है। बताते चलें कि इससे पूर्व भी साप्ताहिक हाट में भीड़ का फायदा उठाकर नाबालिग लड़कों एवं लड़कियों द्वारा मोबाइल व पैसे छिनतई जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। पकड़े जाने पर मामला छोटा होने के कारण मामला समझौता पर समाप्त हो जाता है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि आरोपी महिलाओं द्वारा गिरा हुआ पैसा पीड़ित महिला को वापस कर दिया गया है एवं पीड़ित पक्ष द्वारा किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया गया।

# जैविक खेती से समृद्ध होंगे ग्रामीणः अरविंद

## कौआकोल के झरनवा गांव में भव्य किसान मेला आयोजित

◆ सब्जी खेती परियोजना' के तहत आयोजित इस मेले में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा द्वारा शुक्रवार को महुडर पंचायत के झरनवा गांव में एक भव्य किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। डी.के.ए. ऑस्ट्रिया के सहयोग से संचालित 'जैविक पद्धति से सब्जी खेती परियोजना' के तहत आयोजित इस मेले में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि यह परियोजना महुडर और पहाड़पुर पंचायत के 10 गांवों (दनियां,रानीगदर,झरनमा, करमाटांड़,भिखोमोह,रजवरिया,झिलार,कपसिया) के 400 किसानों के जीवन में बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य किसानों को रसायन मुक्त खेती से जोड़कर उनकी आय और मिट्टी की सेहत सुधारना है। मेले में लाभुक किसानों ने अपने-अपने खेतों में उपजाई गई जैविक सब्जियों और उत्पादों का स्टाल लगाया। किसानों ने एक-दूसरे के उत्पादों को देखकर तकनीक और पैदावार बढ़ाने के गुर सीखे। बेहतर उत्पादन करने वाले किसानों को कृषि औजारों से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। परियोजना समन्वयक धीरेंद्र कुमार मन्नू ने बताया कि सितंबर 2025 में करमाटांड़ में शुरू की गई साप्ताहिक हाट की नींव अब रंग ला रही है,जिससे किसानों को उनके उत्पादों का सही मूल्य बाजार गांव में ही मिल रहा है। कृषि वैज्ञानिक अंगद कुमार ने किसानों को जैविक खाद तैयार करने और कीट प्रबंधन की विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. भारत भूषण शर्मा ने 'स्वस्थ जीवन के लिए जैविक पद्धति' को अपनाने पर जोर देते हुए किसानों की सराहना की। इस अवसर पर परियोजना क्षेत्र के 115 सक्रिय किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सफल किसानों के बीच कृषि यंत्रों का वितरण किया गया,जिससे उनके चेहरे खिल उठे।

## संक्षिप्त समाचार

### चांद का दीदार, आज पढ़ी जाएगी ईद की नमाज

**मसौढ़ी (पटना)**। रमजान के मुकद्दस महीने के 30 रोजे पूरे होने के बाद शुक्रवार देर शाम चांद का दीदार होते ही पूरे क्षेत्र में ईद की खुशियां छा गईं। आसमान में चांद नजर आते ही लोगों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी और हर तरफ ईद की मुबारकबाद का सिलसिला शुरू हो गया। "महक उठी है फिजा पैरहन की खुशबू से, चमन दिलों का खिलाने को ईद आई है..." जैसी पंक्तियां लोगों की भावनाओं को बयां करती नजर आईं। चांद दिखते ही कई जगहों पर लोगों ने पटाखे जलाकर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से ईद की बधाई दी। रमजान के पूरे महीने रोजा रखने के बाद ईद का त्योहार लोगों के लिए खास मायने रखता है। रोजेदारों के चेहरों पर इस खास मौके की खुशी साफ झलक रही है। अब सभी को ईद की नमाज अदा करने का इंतजार है। प्रशासन और मस्जिद कमेटियों की ओर से नमाज का समय निर्धारित कर दिया गया है। शनिवार सुबह मसौढ़ी के गांधी मैदान में सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में भी तय समय पर नमाज पढ़ी जाएगी। मौलाना की कमेटी द्वारा चांद दिखने की पुष्टि के साथ ही ईद मनाने की घोषणा कर दी गई। देर शाम चांद नजर आते ही लोग एक-दूसरे के गले मिले और "ईद मुबारक" कहकर खुशियां साझा कीं। पूरे इलाके में भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का माहौल देखने को मिल रहा है।

### पटना में हथियार तस्कर गिरफ्तार, सादे लिबास में पुलिस ने बिछाया जाल



**पटना**। पटना के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सक्रिय हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान रोहित कुमार उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है, जिसे सवेरा हॉस्पिटल के पास से दबोचा गया। उसके पास से एक पिस्टल भी बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी मनेर इलाके से अवैध हथियार लाकर राजधानी के राजेंद्र नगर, पत्रकार नगर और चित्रगुप्त नगर क्षेत्रों में सप्लाई करता था। इसकी सूचना मिलते ही बहादुरपुर थाना प्रभारी शुभम झा ने चित्रगुप्त नगर थाना पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई। योजना के तहत बुधवार को पुलिस टीम सादे लिबास में सवेरा हॉस्पिटल के पास तैनात हो गई और आरोपी के आने का इंतजार करने लगी। जैसे ही बिट्टू वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की। हालांकि, आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान करीब 10 मिनट तक आरोपी और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की होती रही। इस दौरान मौके पर भीड़ भी जमा हो गई और कुछ लोगों ने आरोपी को छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए उसे हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपने कुछ साथियों के नाम भी बताए हैं। पुलिस को आशंका है कि इस मामले में एक बड़े हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि अब तक किन-किन लोगों को हथियार सप्लाई किए गए। इसके अलावा, मौके पर आरोपी को बचाने की कोशिश करने वाले लोगों की पहचान भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा और इसमें शामिल अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### नशा तस्कर गिरफ्तार, स्मैक बरामद, गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली, पूछताछ कर नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

**हाजीपुर**। वैशाली जिले में बढ़ती अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में बरांटी थाना की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक व्यक्ति को 18 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा बताया गया कि बरांटी थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 18 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सतीश राय, पुत्र चंदारिक राय, निवासी रंदाहा, थाना बरांटी, जिला वैशाली के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह इस स्मैक को कहां से लेकर आया था और इसका खरीदार कौन था। पुलिस अधीक्षक ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ इस अभियान को जारी रखने के निर्देश दिए हैं और आम जनता से भी अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### कर्ज से परेशान महिला ने दी जान, फाइनेंस वालों पर तंग करने का आरोप, गुस्साए ग्रामीणों ने कर्मी को पीटा

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र के राजखंड गांव में एक महिला ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कथित उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि महिला को कर्ज की किस्त चुकाने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। मृतका की पहचान 30 वर्षीय दुर्गा देवी के रूप में हुई है, जो पवन महतो की पत्नी थीं। उनके चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और दो बेटे शामिल हैं। दुर्गा देवी ने कैशपा माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस बैंक से एक लाख रुपये का कर्ज लिया था। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि फाइनेंस कर्मी और समूह की महिलाओं ने दुर्गा देवी से कहा था, "तुम फांसी लगाकर मर जाओ, सारे रुपए माफ कर दिए जाएंगे।" परिजनों ने यह भी बताया कि इससे पहले उनका मोबाइल छीन लिया गया था और घर का कुछ सामान भी ले जाया गया था। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए फाइनेंस कर्मी अरविंद कुमार ने बताया कि सुबह ब्रांच मैनेजर महिला के घर आई थीं। हालांकि, उसने बातचीत की जानकारी होने से इनकार किया और कहा कि उसे यहां बुलाया गया था और उसकी पिटाई की गई है। मृतका के भाई शिवम कुमार ने आरोप लगाया की बहन ने एक लाख रुपए माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस कैशपा से लोन ली थी। समूह का किस्त जमा करने के लिए सुबह से ही बैंक के कर्मी और समूह की महिलाएं टॉर्चर कर रही थी।

# पटना में ऑटो गैंग का भंडाफोड़, एसी चोरी की फिराक में 3 शातिर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ पुलिस गश्ती के दौरान राजापुर पुल के पास एक संदिग्ध सीएनजी ऑटो यूनियन बैंक के नजदीक खड़ा देखा गया, पुलिस को शक हुआ तो टीम आगे बढ़ी


**पटना**। पटना के कृष्णापुरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑटो गैंग के तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी बोरिंग कैनाल रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से पकड़े गए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नौबतपुर निवासी मिथिलेश साव, मनेर के गोविंद कुमार और मैनपुरा के सन्नी कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह पुलिस गश्ती के दौरान राजापुर पुल के पास एक संदिग्ध सीएनजी ऑटो यूनियन बैंक के नजदीक खड़ा देखा गया। पुलिस को शक हुआ तो टीम आगे बढ़ी। इसी दौरान कुछ लोग बैंक के आउटडोर एसी को काटने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस को देखते ही आरोपी ऑटो लेकर फरार होने लगे और बोरिंग कैनाल रोड की ओर भागे। इसके बाद पुलिस ने तुरंत घेराबंदी शुरू की और पीछा करते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास ऑटो को पकड़ लिया। मौके पर ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कई संदिग्ध सामान बरामद किए गए। इनमें सीएनजी ऑटो (BR01PR3847), एक ऑटोमेटिक चाकू, प्लास, पेचकस, सलाई रिंच के अलावा कुछ इंजेक्शन भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि ये इंजेक्शन सामान्यतः एलर्जी के इलाज में उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनका दुरुपयोग नशे के रूप में भी किया जा रहा है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि वे दिन में ऑटो चलाते थे और इसी दौरान बैंकों में लगे आउटडोर एसी की रेकी करते थे। मौका मिलते ही रात या सुबह के समय एसी यूनिट काटकर फरार हो जाते थे और बाद में उन्हें कबाड़ी को बेच देते थे। उससे मिले पैसे से नशा करते थे। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल हैं। साथ ही आरोपियों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है।

## विश्व गौरैया दिवस पर पटना में जागरूकता कार्यक्रम, 'आई लव स्पैरो' पुस्तक का लोकार्पण




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पटना के एसके पार्क में "हमारी गौरैया" और एनवायरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर गौरैया संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए फोटो और घोंसला प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान गौरैयाविद संजय कुमार की पुस्तक "आई लव स्पैरो" का लोकार्पण प्रो. संतोष कुमार (पूर्व प्राचार्य, बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज) और प्रो. नित्यानंद मौर्य (सिविल विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान) द्वारा किया गया। इस अवसर पर गौरैया की "घर वापसी" में योगदान देने वाले 11 लोगों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि कभी घर-आंगन में आम दिखने वाली गौरैया आज दुर्लभ होती जा रही है, लेकिन लोगों के प्रयास से इसकी वापसी संभव है। वहीं प्रो. नित्यानंद मौर्य ने कहा कि गौरैया संरक्षण की जिम्मेदारी हर व्यक्ति की है, क्योंकि मानव गतिविधियों के कारण ही यह पक्षी हमसे दूर हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि गौरैया की कमी से पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो सकता है। एनवायरमेंट वॉरियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने बताया कि गौरैया संरक्षण के लिए वर्षभर अभियान चलाया जाता है, ताकि लोगों में लगातार जागरूकता बनी रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि छोटे-छोटे प्रयासों से गौरैया को फिर से हमारे घर-आंगन में लौटाया जा सकता है और पर्यावरण संतुलन को मजबूत किया जा सकता है।

## भारतीय नववर्ष पर संस्कृत के प्रचार-प्रसार का संकल्प, ऑनलाइन समारोह संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। "आधुनिको भव, संस्कृतं वद" अभियान एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय नववर्ष के अवसर पर एक भव्य ऑनलाइन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीता-राम स्मृति दशदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें देश-विदेश के विद्वानों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होता है, जिसे सृष्टि के आरंभ का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सभी मांगलिक कार्य—जैसे व्रत-त्योहार, विवाह और गृह प्रवेश—हिंदू पंचांग के अनुसार ही संपन्न होते हैं, इसलिए हर व्यक्ति को पंचांग की तिथियों और महीनों की जानकारी होनी चाहिए।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अभियान के प्रधान संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा न्यायाधिकरण के सदस्य (प्रशासकीय) डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह लोग एक जनवरी को उत्साहपूर्वक मनाते हैं, उसी तरह भारतीय नववर्ष को भी व्यापक स्तर पर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा समस्त मानव जाति के कल्याण की भावना को आगे बढ़ाती है।

इस अवसर पर कई विद्वानों और शिक्षाविदों ने भारतीय नववर्ष की महत्ता और संस्कृत भाषा के संरक्षण पर अपने विचार रखे। प्रमुख वक्ताओं में धर्मेंद्र पति त्रिपाठी, प्रो. रागिनी वर्मा, डॉ. लीना चौहान, प्रो. रंजु कुमारी, डॉ. दीप्ति कुमारी, डॉ. नीरा कुमारी, डॉ. रागनी कुमारी, तारा विश्वकर्मा, डॉ. विश्वजीत रुद्रप्राल, वंदना पटेरिया, अमिता शर्मा, देवेश प्रकाश, उमा हनोते और प्रो. मीनाक्षी प्रसाद शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लीना चौहान ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रागिनी वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने मोकामा से लौकहा बाजार रेलखंड का किया निरीक्षण, सुरक्षा पर दिया जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता







**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने शुक्रवार को मोकामा-बरौनी-समस्तीपुर- दरभंगा- सकरी-झंझारपुर- लौकहा बाजार रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों, रेल पुलों और ट्रैक का जायजा लेते हुए संरक्षा से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक सबसे पहले दिनकरग्राम सिमरिया स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस मौके पर सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद महाप्रबंधक ने लौकहा बाजार स्टेशन का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन के विकास को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान समस्तीपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक सन्नी सिन्हा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कोसी रेल पुल का भी विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर उसकी सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेल परिचालन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बिहटा में शांति समिति की बैठक, ईद-रामनवमी व चैती छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिहटा,पटना**। पटना जिले के बिहटा थाना परिसर में आगामी ईद, रामनवमी और चैती छठ पर्व को लेकर शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना रहा। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अमित कुमार ने की। इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रिंकू सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य और मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने पर जोर दिया। बैठक में प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी किए गए कि बिहटा क्षेत्र में डीजे के उपयोग पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। इसके अलावा किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने से पहले प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय जिला प्रशासन के निर्देशानुसार लिया गया है, ताकि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। प्रशासन ने बताया कि ईद और रामनवमी के दौरान मस्जिदों, मंदिरों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। करीब 100 पुलिसकर्मियों की तैनाती की योजना बनाई गई है। साथ ही पूरे इलाके में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी जाएगी, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही चेतावनी दी गई कि कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने आपसी सहयोग और समन्वय के साथ त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

## पटना में भव्य अंदाज़ में लॉन्च हुआ भोजपुरी फिल्म "जेल स्टार" का ट्रेलर

### जल्द होगी सिनेमाघरों में रिलीज



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। राजधानी पटना के प्रतिष्ठित होटल पाटलिपुत्र एक्जोटिका में भोजपुरी फिल्म "जेल स्टार" का ट्रेलर लॉन्च भव्य कार्यक्रम के साथ किया गया। भूमि ओरिजिनल्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म से जुड़े कई चर्चित कलाकार और निर्माता उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम में फिल्मी रंगत देखने को मिली।

इस अवसर पर निर्देशक पराग पाटिल, निर्माता प्रिंस कुमार, अभिनेता व गायक रौशन रोही, अभिनेत्री शिल्पी राघवानी, अभिनेता देव सिंह, नेहा पाठक, खुशी कक्कड़, अखिलेश कश्यप और गौरीशंकर समेत कई कलाकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी कलाकारों ने फिल्म के अनुभव साझा किए और दर्शकों से फिल्म को प्यार देने की अपील की। निर्देशक पराग पाटिल ने बताया कि "जेल स्टार" एक पारिवारिक और मनोरंजक फिल्म है, जिसमें दर्शकों को भावनाओं, संगीत और कहानी का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि रौशन रोही के साथ उनकी यह पहली फिल्म है और उन्होंने इसमें शानदार अभिनय किया है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फिल्म को कई भाषाओं में डब कर व्यापक स्तर पर रिलीज किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक दर्शकों तक इसे पहुंचाया जा सके।

# अलविदा जुम्मा पर मसौढ़ी में उमड़ा आस्था का सैलाब, भाईचारे और अमन-चैन की गूंज से गूंजा इलाका





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी शुक्रवार 'अलविदा जुम्मा' के मौके पर मसौढ़ी अनुमंडल में आस्था और अकीदत का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और हर ओर इबादत का माहौल बना रहा। सुबह से ही लोग नए कपड़े पहनकर मस्जिदों की ओर बढ़ते नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह झलकता रहा। जामा मस्जिद रहामतगंज, पुरानी बाजार मस्जिद, तारेगना, कैलुचक, कश्मीरगंज समेत पुनपुन और धनरूआ प्रखंड के विभिन्न गांवों की मस्जिदों में नमाजियों की लंबी कतारें लगी रहीं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए कई मस्जिदों में अतिरिक्त इंतजाम किए गए, ताकि सभी लोग सुव्यवस्थित तरीके से नमाज अदा कर सकें।

अलविदा जुम्मा की नमाज के दौरान इमामों और मौलानाओं ने अपने खुत्बों में रमजान के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह महीना सब्र, त्याग, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने, जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में शांति कायम रखने की अपील की।

नमाजियों ने देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी। इस दौरान रमजान के इस पवित्र महीने की विदाई का भाव भी लोगों के चेहरों पर साफ झलकता नजर आया। नमाज के बाद मसौढ़ी के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई। ईद की तैयारियों को लेकर लोग खरीदारी में जुट गए। कपड़े, इत्र, टोपी और सेवइयों की दुकानों पर खास भीड़ देखी गई, जिससे बाजारों में उत्सव जैसा माहौल बन गया।अलविदा जुम्मा को लेकर प्रशासन और पुलिस भी पूरी तरह सतर्क रही। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अधिकारियों ने विभिन्न इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। अलविदा जुम्मा के अवसर पर मसौढ़ी में जिस तरह से आस्था, अनुशासन और भाईचारे का संगम देखने को मिला, उसने समाज में एकता और सद्भाव का मजबूत संदेश दिया।

**स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार**

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या- BCECEB/Health/JR/2025/06 दिनांक- 20.03.2026

विज्ञापन संख्या-BCECEB/Health/JR/ 2025/05 दिनांक 16.03.2026 के क्रम में सम्बन्धित सभी उम्मिदवारों/ सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.03.2026 को पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध कराई गई जूनियर रेजिडेन्ट के (टेन्योर एक वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की Pointwise औपबंधिक सूची में टंकण भूल / त्रुटी पाये जाने के कारण संशोधित किया जाता है। **Document Verification में योग्य/ अयोग्य पाये गये अभ्यर्थियों की Pointwise संशोधित औपबंधिक सूची (Revised Provisional List) पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी है, जिसे download कर प्राप्त किया जा सकता है। इसकी प्रति स्वास्थ्य विभाग को भी उपलब्ध करा दी गयी है।**

अग्रेत्तर कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा सम्पन्न किया जायेगा।

नोडल पदाधिकारी

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम के जनता दरबार में आए 103 मामले, शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश



**बिक्रमगंज / रोहतास** । सबका सम्मान–जीवन आसान कार्यक्रम के तहत डीएम उदिता सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार के माध्यम से आमजन की समस्याओं को एसडीएम ने गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों से त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित 10, राशन कार्ड से संबंधित 82 एवं अन्य 13 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं। सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन संबंधित कार्यालय और पदाधिकारियों को निर्देशित किया ताकि फरियादियों को परेशानियों से बचाया जा सकें। प्रायः यह देखा जा रहा है कि प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में बुढ़े-बुजूर्ग अपनी समस्या लेकर पहुंच रहें है. एसडीएम ने पूरी संवेदना के साथ उनकी समस्याएं को सुनकर समस्या के ससमय निष्पादन का निर्देश दिया।

### ईद, छठ व रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**केसरिया, पू.च**। थाना परिसर में शनिवार को थानाध्यक्ष राहुल कुमार की अध्यक्षता में ईद, छठ एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, दोनों समुदाय के प्रबुद्धजन व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अदा की जाने वाली नमाज के समय सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की। इस पर थानाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि पर्व के दौरान गश्ती दल लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगा तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बीडीओ कुमुद कुमार एवं पुलिस निरीक्षक निक्कू कुमार सिंह ने सभी लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। कहा कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। साथ ही लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आग्रह किया गया। नेजाम खान, अभय कुमार सिंह, हातिम खान, सुरेश शर्मा, सीताराम यादव, वसील अहमद खान, विश्वनाथ सिंह, मोहिबुल खान, साजिद खाँ, धर्मनाथ कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### नगर निगम के सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित



**मोतिहारी**। नगर निगम के सभागार में आयोजित बोर्ड की बैठक महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में मा० उप महापौर लालबाबू प्रसाद, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्यगण, सभी पार्षदगण,नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा प्रेस-मीडिया के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। बैठक की शुरुआत में सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा नगर के समग्र विकास और प्रगति के प्रति निगम की प्रतिबद्धता दोहराई गई।इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मोतिहारी नगर निगम का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसके अंतर्गत 208 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। विस्तृत प्रावधान के अनुसार कुल अनुमानित आय 377 करोड़ 49 लाख रुपये तथा कुल अनुमानित व्यय 208 करोड़ 21 लाख रुपये रखा गया है, जिससे 169 करोड़ 28 लाख रुपये के अधिशेष का अनुमान है। यह बजट नगर के विकासात्मक कार्यों को नई गति प्रदान करेगा। प्रस्तुत बजट में नगर को विकसित, स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं नागरिक हितैषी बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें नई सड़कों एवं नालों के निर्माण हेतु 72 करोड़ रुपये, साफ-सफाई के लिए आधुनिक उपकरणों की खरीद हेतु 17 करोड़ 90 लाख रुपये, जलापूर्ति सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 5 करोड़ रुपये तथा स्ट्रीट लाइट प्रबंधन के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त कचरा निष्पादन के लिए MRF एवं कम्पोस्ट प्लांट स्थापना हेतु 12 करोड़ रुपये तथा पार्कों के निर्माण एवं सौंदर्याकरण के लिए 3 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा तथा मृत व्यक्तियों को मोक्षधाम तक पहुंचाने हेतु शव वाहन सेवा के लिए 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए परामर्श केंद्र की स्थापना तथा शिक्षा के क्षेत्र में नए पुस्तकालयों की स्थापना हेतु भी 50 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए 5 लाख रुपये तथा खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी 5 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।नगर की स्वच्छ और सुदृढ़ बनाने के लिए लगभग 21 करोड़ रुपये व्यय किए जाने की संभावना जताई गई है, जिससे शहर को साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाने के प्रयासों को बल मिलेगा। अंत में, महापौर प्रीति कुमारी एवं सदन में उपस्थित उप महापौर एंव पार्षदगण के द्वारा वृत्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट को सर्व सहमति से पारित किया गया।

# नगर निगम की सख्ती: सासाराम को गंदा करने वालों की अब खैर नहीं

## नारियल विक्रेताओं पर चला प्रशासन का डंडा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम नगर निगम शहर की सूरत बदलने और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए इन दिनों 'मिशन मोड' में काम कर रहा है। एक तरफ जहाँ सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे माध्यमों का सहारा लेकर साफ-सफाई अभियान को गति दी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ शहर की स्वच्छता में बाधक बनने वाले लोगों के खिलाफ नगर निगम ने अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है।

**नारियल विक्रेताओं पर गिरी गाज**: ताजा मामले में, नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि कई नारियल विक्रेता और ग्राहक इस्तेमाल किए गए नारियल के खोल (अवशेष) सड़कों पर ही फेंक दे रहे हैं, जिससे न केवल शहर की सुंदरता बिगड़ रही है बल्कि नालियाँ भी जाम हो रही हैं। निगम ने ऐसे लापरवाह लोगों और दुकानदारों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है।

**स्वच्छता प्रभारी का कड़ा संदेश**: कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे स्वच्छता प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम शहर को चकाचक करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है, लेकिन कुछ लोग जानबूझकर सड़कों पर कचरा फेंककर अभियान को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं।

अजय कुमार ने स्पष्ट लहजे में कहा, "जो भी व्यक्ति या दुकानदार सड़क पर नारियल का खोल या अन्य सामग्री फेंकता हुआ पाया जाएगा, उस पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा बल्कि सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। हम शहर की स्वच्छता से कोई समझौता नहीं करेंगे।"

### शांति समिति की बैठक में सुरक्षा के सख्त निर्देश

## आगामी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास )**। दरिहट थाना परिसर में शुक्रवार को थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि पूजा कमिटी एवं गणमान्य लोगों के साथ ईद-उल-फितर चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को सौहार्द एवं आपसी भाईचारा के साथ पर्व मनाने की सलाह दी एवं स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान भड़काऊ नारे ना लगाएं, भ्रामक खबरों एवं अफवाहों से दूर रहे, शांति व्यवस्था भंग करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, डीजे बजाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं, निर्धारित रूट चार्ट के अन्तर्गत ही जुलूस ले जाया जाएगा एवं समयावधि तक जुलूस की समाप्ति करनी होगी। बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकाली जाएगी। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ।आए हुए जनप्रतिनिधियों ने पूजा कमिटी के सदस्यों ने पर्व को शांतिपूर्ण मनाने का आश्वासन दिया। मौके पर एसआई कुंदन कुमार ,जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान ,रंजीत यादव, सुभाष कुमार उर्फ मिठू सिंह ,कृष्णा पासवान ,मंटू पाल ,हरिद्वार प्रसाद मनोज गुप्ता ,कृष्णा गुप्ता सुरेंद्र सिंह मिथलेश राम, अजीत कुमार, असगर अनवर,कलमा अंसारी मौजूद रहे ।

## जयश्री गांव से 225 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**काराकाट / रोहतास** । पुलिस ने अवैध शराब के धंधे पर कड़ा प्रहार करते हुए जयश्री गांव से सवा दो सौ लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब बरामद की है। गुरुवार रात को हुई छापेमारी में 26 पेटियों में भरी 1248 पीस (225 लीटर) शराब जब्त की गई, जबकि शराब तस्कर भगदड़ मचाकर फरार हो गए। पुलिस ने धंधेबाजों की पहचान कर ली है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर छापेमारी तेज कर दी है।थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुरुवार रात डेढ़ बजे गुप्त सूचना मिली कि जयश्री गांव की सड़क पर एक स्विफ्ट डिजायर कार से अवैध अंग्रेजी शराब की पेटियां उतारी जा रही थीं। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। जैसे ही चालक को पुलिस की भनक लगी, वह पेटियां छोड़कर कार समेत फरार हो गया।पुलिस ने मौके से अलग-अलग स्थानों पर बिखरी 26 पेटियां बरामद कीं, जिनमें हर पेटी में लगभग 48 पीस शराब थी।

कुल 1248 पीस शराब 8 पीएम के 'फ्रूटी सेल फॉर यूपी' ब्रांड की पाई गई, जो अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अवैध शराब के धंधेबाजों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। शुक्रवार को जांच के बाद संदिग्धों को चिन्हित कर मामला दर्ज किया गया है और उनकी तलाश में छापेमारी जारी है। गिरफ्तारी जल्द होने की संभावना है।

# बिक्रमगंज में अकीदत, एहतराम और रूहानियत के माहौल में अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज/रोहतास**। मुकद्दस रमज़ान-उल-मुबारक के आखिरी शुक्रवार अलविदा जुमा के मौके पर बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में गहरी आस्था और रूहानियत का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शहर की बड़ी मस्जिदों से लेकर मोहल्लों की छोटी मस्जिदों तक नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोग वुज़ू कर साफ-सुथरे कपड़ों में अल्लाह की इबादत के लिए मस्जिदों का रुख करते नजर आए। नमाज से पहले इमामों ने अपने खुत्बों में रमज़ान के अंतिम दिनों की अहमियत, रोज़े की हिकमत, सब्र, तक़वा, इंसानियत और आपसी भाईचारे पर जोर दिया। बिक्रमगंज निवासी व कार्यपालक सहायक सेवा संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मो. आदिल खान ने कहा कि अलविदा जुमा हमें यह संदेश देता है कि हम अपने अंदर की बुराइयों को खत्म कर अच्छाई की राह पर चलें और समाज में मोहब्बत व भाईचारा कायम रखें। नमाज अदा करने के दौरान नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। साथ ही अपने गुनाहों की माफी मांगते हुए अल्लाह से रहमत, बरकत और मग़फिरत की दरख्वास्त की। अलविदा जुमा के अवसर पर सभी लोग एक साथ नमाज में शामिल हुए, जिससे आपसी एकता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी और रमज़ान के आखिरी दिनों में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहा। क्षेत्र के प्रमुख स्थानों और मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कई मस्जिदों में नमाजियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, जिनमें पेयजल, साफ-सफाई और वुज़ू की व्यवस्था शामिल रही। अलविदा जुमा के इस पवित्र मौके पर पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। लोगों ने इस दिन को खास इबादत, दुआ और खैरात के साथ बिताया। जरूरतमंदों की मदद कर इंसानियत का पैगाम भी दिया गया। अलविदा जुमा न सिर्फ रमज़ान का आखिरी शुक्रवार है, बल्कि यह हमें नेकी, सच्चाई और भाईचारे की राह पर चलने की प्रेरणा भी देता है।

# विश्व गौरैया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों को दिखाई गई डॉक्यूमेंट्री

### विश्व गौरैया दिवस (20 मार्च) के अवसर पर ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय मध्य विद्यालय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)**। काराकाट में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं समाज के बीच गौरैया सहित अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन के संस्थापक एवं निर्देशक शिवम कुमार द्वारा विद्यालय परिवार को गौरैया की फोटो भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात बच्चों को गौरैया एवं अन्य पक्षियों के जीवन, उनके महत्व तथा उनके सामने आ रही चुनौतियों पर आधारित एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ देखा और उससे महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिवम कुमार ने अपने विस्तृत संबोधन में गौरैया की तेजी से घटती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि शहरीकरण, कंक्रीट के बढ़ते जंगल, पुराने घरों की संरचना में बदलाव, कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग तथा जल एवं भोजन के स्रोतों की कमी जैसे कई कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि समय रहते हम सजग नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियां केवल किताबों में ही गौरैया को देख पाएंगी।

उन्होंने समाधान के रूप में बच्चों एवं समाज को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव ला सकते हैं—जैसे अपने घरों की छत या आंगन में दाना-पानी रखना, कृत्रिम घोंसले लगाना, पेड़-पौधे लगाना, रासायनिक कीटनाशकों का कम उपयोग करना एवं प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित रखना। इस दौरान समस्या एवं समाधान दोनों पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे बच्चों में विषय के प्रति गहरी समझ विकसित हुई।

वहीं, राजकीय मध्य विद्यालय गोडारी के प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति और जीव-जंतुओं का संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यदि हम अभी से जागरूक होकर छोटे-छोटे कदम उठाएं, तो हम न केवल गौरैया बल्कि समस्त जीव-जगत को सुरक्षित रख सकते हैं। बच्चों को चाहिए कि वे अपने घर और आसपास के वातावरण में पक्षियों के लिए अनुकूल माहौल बनाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे आने वाली ग्रीष्म ऋतु में अपने घरों पर पक्षियों के लिए नियमित रूप से दाना और पानी उपलब्ध कराएंगे तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रवि तिवारी, द्वितीय स्थान पायल कुमारी तथा तृतीय स्थान राजनंदनी कुमारी ने प्राप्त किया। विजेताओं को ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन द्वारा कृत्रिम घोंसला प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन के सदस्य आकाश पांडेय सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अनुमंडल क्षेत्र में आस्था और सूर्य उपासना के महान पर्व छठ को लेकर तैयारियां जोरों पर




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास** : अनुमंडल क्षेत्र में आस्था और सूर्य उपासना के महान पर्व छठ को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं । अनुमंडल मुख्यालय स्थित काशी छठ पूजा घाट से लेकर नगर के वार्ड संख्या 21 धारूपुर छठ पूजा घाट तक हर जगह श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है ।वहीं दिनारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शक्तिपीठ निज धाम श्री यक्षिणी भलुनी भवानी छठ पूजा घाट, काराकाट प्रखंड के देव मार्कण्डेय छठ पूजा घाट एवं गुजरू छठ पूजा घाट समेत अनुमंडल के सभी प्रमुख घाटों पर साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य तेजी से चल रहा है। श्रद्धालु स्वयं आगे बढ़कर घाटों की सफाई, सजावट और आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं । शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी छठ पूजा को लेकर विशेष उत्साह है । स्थानीय लोग सामूहिक रूप से घाटों को स्वच्छ,सुरक्षित और आकर्षक बनाने में लगे हैं,ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ महापर्व को लेकर प्रशासन भी सक्रिय नजर आ रहा है । घाटों की सुरक्षा,प्रकाश व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर तैयारियां की जा रही हैं । वहीं श्रद्धालु पारंपरिक तरीके से इस पवित्र पर्व को मनाने के लिए पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ जुटे हुए हैं । पूरे अनुमंडल क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है और हर कोई इस महापर्व को शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से संपन्न कराने में अपना योगदान दे रहे है ।

# चैती नवरात्रि के दूसरे दिन पूरा बिक्रमगंज अनुमंडल भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** : चैती नवरात्रि के दूसरे दिन पूरा बिक्रमगंज अनुमंडल भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया । अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में माता रानी के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव और विधि-विधान के साथ की । सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी,जिससे वातावरण "जय माता दी" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा । घर-घर में भक्तों ने व्रत रखकर मां ब्रह्मचारिणी का पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं शांति की कामना की । महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पूजा-अर्चना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया,वहीं युवाओं और बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला । सभी देवालयों व घरों के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था,जहां दिनभर भजन-कीर्तन और आरती का सिलसिला चलता रहा । पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने माता को फल-फूल, दूध और पंचामृत अर्पित किया । धार्मिक मान्यता के अनुसार मां ब्रह्मचारिणी तप,त्याग और दृढ़ संकल्प की प्रतीक हैं । उनकी आराधना से भक्तों को आत्मबल,धैर्य और कठिन परिस्थितियों में भी अडिग रहने की शक्ति प्राप्त होती है ।ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्रि का उत्साह चरम पर रहा । लोग सामूहिक रूप से मंदिरों में एकत्रित होकर पूजा-अर्चना करते नजर आए, जिससे सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली । वहीं शहरी क्षेत्रों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं । पूरे अनुमंडल क्षेत्र में शांति, सौहार्द और उल्लास के बीच नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है । प्रशासन द्वारा सुरक्षा और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है,जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।चैती नवरात्रि के इस पावन अवसर पर भक्ति की यह अविरल धारा आने वाले दिनों में और भी प्रबल होने की उम्मीद है,जब श्रद्धालु माता के अन्य स्वरूपों की आराधना में पूरी निष्ठा से जुटे रहेंगे ।

## मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव एवं भारतीय हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर श्रीराम चरित्र मानस कथा का भव्य आयोजन किया गया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** : नगर के सासाराम रोड में श्री दुर्गा पूजा समिति के सौजन्य से मां दुर्गा के प्रांगण में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव एवं भारतीय हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर श्रीराम चरित्र मानस कथा का भव्य आयोजन किया गया है । कार्यक्रम का शुभारंभ 19 मार्च गुरुवार की देर संध्या व्यासपीठ पर स्थापित प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ ।

इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान एवं विद्वतजनों की उपस्थिति में अयोध्या धाम से पधारी साध्वी शैलप्रिया पांडेय के सानिध्य में पूजन संपन्न कराया गया । पूजा के उपरांत साध्वी शैलप्रिया पांडेय सहित व्यासपीठ पर विराजमान सभी अतिथियों को फूलमाला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत साध्वी पांडेय ने प्रभु श्रीराम संकीर्तन एवं देवी पचरा के साथ की,जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा । इसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने श्रीमुख से कथा का रसपान कराते हुए जीवन के चार पुरुषार्थ—धर्म,अर्थ,काम और मोक्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला । साध्वी पांडेय ने कहा कि धर्म ही जीवन का आधार है,जिसके बिना मनुष्य का अस्तित्व अधूरा है । उन्होंने बताया कि अर्थ का अर्जन धर्म के मार्ग पर चलकर ही करना चाहिए,तभी जीवन संतुलित रहता है । काम अर्थात इच्छाओं की पूर्ति भी मर्यादा और संयम के भीतर रहकर ही करनी चाहिए ।

अंततः मोक्ष ही मानव जीवन का परम लक्ष्य है,जिसे प्रभु श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण कर प्राप्त किया जा सकता है । उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम,भाईचारा और सदाचार का संदेश फैलाएं ।बताया गया कि यह कथा का आयोजन 26 मार्च तक निरंतर चलेगा । आयोजन समिति के अनुसार 27 मार्च को दोपहर एक बजे से सासाराम रोड स्थित दुर्गा मंदिर से प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी,जो पूरे नगर का भ्रमण करेगी ।

वहीं 29 मार्च को इस धार्मिक आयोजन का समापन भव्य भंडारे के साथ किया जाएगा । आयोजन मंडल ने सभी श्रद्धालुओं एवं आसपास के लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण करें और इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं ।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहारशरीफ में ईद पर बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था, शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री, वैकल्पिक रूट जारी




**नालंदा**। ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर बिहार शरीफ शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) के कार्यालय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, यह नई व्यवस्था दिनांक 20 और 21 मार्च 2026 को प्रभावी होगी। पर्व के दौरान सुरक्षा और सुगमता को देखते हुए शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के परिचालन को प्रतिबंधित किया गया है। इसके तहत सभी प्रकार के बड़े व्यावसायिक और सवारी वाहनों, जैसे बस, ट्रक, ट्रैक्टर और पिकअप का शहर की सीमा में प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। खंदकपर से महलपर होते हुए बाबा मणिराम अखाड़ा तक तीनपहिया और चार पहिया वाहनों के जाने पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह सोगरा कॉलेज से नदी मोड़ और कुमार सिनेमा तिराहा से पुलपर चौक होते हुए भरावपर तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। इसके अलावा एलिट होटल से मोगलकुआं और कचहरी चौक से नईसराय होते हुए बरादरी मोड़ तक भी छोटे वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्रशासन ने कई वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए हैं। छोटे वाहन जैसे तीनपहिया, चार पहिया और मोटरसाइकिल मामू-भगिना मोड़ से अस्पताल चौक होकर शहर में प्रवेश कर सकेंगे। रहुई की ओर से आने वाले वाहन पचासा मोड़ से रहुई हॉल्ट और शेखाना होकर कचहरी चौक की तरफ आ सकते हैं। वहीं, देवीसराय से रामचंद्रपुर और मछली मंडी के रास्ते भी शहर में प्रवेश की अनुमति दी गई है। कारगिल चौक से आने वाले वाहनों के लिए गगनदीवान और लहेरी थाना से होते हुए सोहनकुआं का रास्ता खुला रहेगा। इसके साथ ही रेलवे गुमटी से खंदकपर चौक होकर कचहरी चौक की ओर भी आवाजाही की जा सकेगी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए शहर में प्रमुख स्थानों पर ड्रॉप गेट और बैरियर लगाए गए हैं, जिनमें कारगिल बस स्टैंड, सोगरा कॉलेज मोड़, बाबा मणिराम अखाड़ा और पी.एम.एस. कॉलेज के पास मुख्य मोड़ शामिल हैं। वाहनों के पड़ाव के लिए कारगिल बस स्टैंड, सोगरा कॉलेज मैदान और श्रम कल्याण मैदान जैसे स्थलों को पार्किंग के लिए सुरक्षित किया गया है। यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस रूट प्लान का पालन कर पुलिस का सहयोग करें ताकि ईद का पर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### ईद और रामनवमी पर कड़ी सुरक्षा, सीसीटीवी से निगरानी, पैरामिलिट्री फोर्स के साथ आरएएफ की तैनाती



**नालन्दा**। नालंदा जिला प्रशासन ईद और रामनवमी को लेकर अलर्ट मोड पर हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने और उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने व्यापक सुरक्षा योजना का खाका पेश किया है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था केवल थानों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि तकनीक और अतिरिक्त सैन्य बलों के तालमेल से जिले में 'अभेद्य किला' तैयार किया गया है। एसपी भारत सोनी ने बताया कि शहर की निगरानी के लिए 'तीसरी आंख' यानी सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाया जा रहा है। नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित कर सभी मौजूदा कैमरों का अवलोकन किया जा रहा है। नगर आयुक्त स्वयं अपनी टीम के साथ कैमरों की कार्य क्षमता की जांच कर रहे हैं। इसके अलावा, प्रशासन ने कई नए और संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया है जहां अतिरिक्त कैमरे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सुरक्षा बलों की तैनाती के सवाल पर एसपी ने कहा कि स्थानीय पुलिस के साथ-साथ पैरामिलिट्री फोर्स की भी मदद ली जा रही है। जिले में रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) की तैनाती की जाएगी, जो विशेष रूप से दंगों और भीड़ नियंत्रण में सक्षम मानी जाती है। इसके साथ ही बिहार सैन्य पुलिस (BMP), जिला पुलिस बल (DAP), होमगार्ड और जमीनी स्तर पर सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए चौकीदारों को भी पूरी तरह मोबिलाइज किया गया है। त्योहारों के दौरान हुड़दंग रोकने के लिए इस बार 'पंच-स्तरीय' पेट्रोलिंग व्यवस्था लागू की गई है। एसपी के अनुसार, थाना स्तर की गश्त के साथ-साथ पुलिस लाइन से डायनेमिक पेट्रोलिंग, ईआरएसएस (ERSS) की टीमें और वरिष्ठ अधिकारियों व मजिस्ट्रेटों की गश्त 24 घंटे जारी रहेगी। यह पांच परतों वाली सुरक्षा व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि किसी भी सूचना पर पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम हो और किसी भी अप्रिय घटना को पनपने से पहले ही रोका जा सके। एसपी ने बताया कि जिलाधिकारी और उनके स्तर से संयुक्त आदेश (Joint Order) निर्गत किए जा रहे हैं। सभी थानों में शांति समिति की बैठकें संपन्न हो चुकी हैं। शराब और नशीले पदार्थों के जरिए माहौल बिगाड़ने वालों पर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग को भी सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस पुराने अनुभवों और डेटा के आधार पर अपनी रणनीति बना चुकी है और शांति भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

### आज से शुरु होगा तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव, डीप्टी सीएम करेंगे उद्घाटन




**केसरिया, पू.च**। तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव का शुभारंभ शनिवार से होगा। उद्घाटन डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, कला संस्कृति एवं युवा मंत्री अरुण प्रसाद, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, सांसद राधामोहन सिंह व विधायक शालिनी मिश्रा करेंगी। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच, दर्शक दीर्घा, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। उद्घाटन सत्र के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें मुख्य अतिथियों द्वारा संबोधन दिया जाएगा। इसके बाद स्मारिका का विमोचन किया जाएगा तथा बिहार गौरव गान की प्रस्तुति से माहौल देशभक्ति व सांस्कृतिक रंग में रंग जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में संध्या 5:30 से 6:30 बजे तक नालंदा संगीत कला विकास संस्थान के कलाकारों द्वारा आकर्षक लोक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद 6:30 से 8:30 बजे तक सुप्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। वहीं रात 8:30 से 10:30 बजे तक प्रसिद्ध सूफी गायक कुमार सत्यम अपनी प्रस्तुति देंगे। चकिया एसडीओ शिवानी शुभम ने बताया कि महोत्सव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों व पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान गया जिले को दी 744 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में गया जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बिहार पोषक अनाज एवं मूल्य श्रृंखला उत्कृष्टता केंद्र, मायापुर, टनकुप्पा स्थित कृषि क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्प्रिंकलर पद्धति, ड्रिप सिंचाई, मिलेट्स की खेती का निरीक्षण किया। इन पद्धतियों के द्वारा खेतों में उपजाए जा रहे अनाजों के बारे में जानकारी ली। इन पद्धतियों के माध्यम से खेती में कम पानी का उपयोग होता है और फसल का अच्छा उत्पादन होता है। मुख्यमंत्री ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रगति के लिए कई कदम उठाए गए हैं। किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। सभी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बिहार पोषक अनाज एवं मूल्य श्रृंखला उत्कृष्टता केंद्र, मायापुर, टनकुप्पा स्थित परिसर से ही रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर गया जिले के लिए 367 करोड़ रुपये की लागत से 553 योजनाओं का उद्घाटन एवं 377 करोड़ रुपये की लागत से 140 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जिले में चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। इस क्रम में बांके बाजार प्रखंड अंतर्गत बड़की नदी एवं मझियावां नदी पर दो पुल निर्माण कार्य, गया जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय भवन का निर्माण, बारा बांध चेकडैम सिंचाई योजना का निर्माण, लावाबार बीयर पईन



योजना का प्रारंभ, इमामगंज बाजार से पकरी (झारखंड बॉर्डर) भाया कोठी, सलैया पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, मुफस्सिल मोड़ पर फ्लाईओवर परियोजना का निर्माण, प्रखंड गया सदर के ग्राम दुर्वे में 507 आवासन क्षमतावाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य आदि कार्यों के संबंध में में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया की सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों को देखा। इस दौरान जीविका दीदियों के उत्पादों एवं कार्यों को देखा और उसकी सराहना की। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां आपकी कृपा से जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग ऐसे ही काम करते रहिए और आगे बढ़िए। मुख्यमंत्री ने 13,334 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 609 करोड़ 07 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने हस्तकरघा बुनकरों द्वारा किए जा रहे सूत कटाई कार्य को देखा। मुख्यमंत्री ने मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभुकों से संवाद किया और उन्हें सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने बिहार पोषक अनाज एवं मूल्य श्रृंखला उत्कृष्टता केंद्र, मायापुर, टनकुप्पा के प्रशासनिक सह प्रशिक्षण भवन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को दी जा रही ट्रेनिंग, उनके आवासन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे किसानों का उत्साहवर्धन किया।

निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मगध प्रमंडल की आयुक्त सफीना ए०एन०, मगध प्रमंडल के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, गया जिला के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, गया जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहारशरीफ में दिव्यांगों को मिलीं मोटर से चलने वाली ट्राईसाइकिल, 45 लोगों को सौंपी गई चाबियां

### मंत्री श्रवण कुमार बोले- अब जिम्मेदारी उठाने वाले बनेंगे दिव्यांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना 'सम्बल' के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग की ओर से शुक्रवार को बैटरी चालित तीपहिया साइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय बिहारशरीफ मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 45 चयनित दिव्यांगजनों को अतिथियों की ओर से बैटरी चालित साइकिल की चाबियां सौंपी गईं, जिससे उनके चेहरों पर आत्मनिर्भरता की मुस्कान तैर गई। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार सरकार की प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच हर दिव्यांग को इतना सक्षम बनाने की है कि वे समाज और



परिवार के लिए बोझ न रहें। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाना है ताकि वे समाज में सम्मान के साथ जी सकें और स्वयं 'बोझ ढोने वाला' बन सकें। मंत्री ने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार आत्मनिर्भर बिहार के सपने को साकार करने के लिए दिव्यांगों को हर संभव उपकरण और सम्मान देकर आगे बढ़ाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है।

**अब 40 फीसदी दिव्यांग को भी मिलेगी ट्राई साइकिलः** योजनाओं में किए गए क्रांतिकारी बदलावों की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि पूर्व में राज्य में केवल 10,000 मोटराइज्ड साइकिल देने का प्रावधान था, लेकिन अब इस सीमा को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। इसके साथ ही दिव्यांगता की पात्रता में भी बड़ी राहत दी गई है।

पहले 60 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही इस योजना का लाभ ले सकते थे, परंतु अब इसकी सीमा घटाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई पैर से, आंख से या शरीर के किसी अन्य अंग से दिव्यांग हो, सरकार उनके साथ खड़ी है और आने वाले दिनों में उनके लिए और भी बेहतर कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी सरकार की इस पहल की सराहना की और लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्रवण कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों के प्रयासों को सराहा और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। चाबी पाकर दिव्यांगजनों ने भी खुशी जाहिर की और कहा कि अब उन्हें आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## गया के पुराने चित्रगुप्त मंदिर में चैती पूजा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गया शहर के गोदावरी स्थित प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर में आज चैती चित्रगुप्त पूजा संपन्न हुई। इस अवसर पर कलम-दवात के आराध्य भगवान चित्रगुप्त की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। पूजा में भक्तों ने भगवान चित्रगुप्त को फल व मिष्ठान का भोग लगाकर सुख-शांति और घर में खुशहाली की कामना की।

इस आयोजन का नेतृत्व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला गया इकाई की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव ने की, जबकि पूजा का कार्यक्रम महामंत्री विपिन सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**भगवान चित्रगुप्त की विशेष आराधनाः** पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त की विशेष आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने कलम-दवात की पूजा कर अपने जीवन में ज्ञान,



न्याय और सदाचार की कामना की। पुरोहितों की ओर से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा संपन्न हुई। उपस्थित लोगों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना की। पूजा समाप्त होने के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शाम 5:00 बजे भगवान चित्रगुप्त की महाआरती की गई। कार्यक्रम में गया शहर के कायस्थ समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिसमें फूलों और रोशनी का उपयोग किया गया था।

### नालंदा में निगरानी का बड़ा एक्शन

## 12 हजार रिश्वत लेते प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निगरानी विभाग ने नालंदा जिले में बड़ी कार्रवाई की है। नगरनौसा प्रखंड की पंचायती राज पदाधिकारी अनुष्का कुमारी को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, खपुरा गांव निवासी अजय कुमार से एक योजना की फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर रिश्वत की मांग की गई थी। यह योजना छठ घाट की सीढ़ी निर्माण से जुड़ी बताई जा रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि बार-बार आग्रह के बावजूद पदाधिकारी बिना पैसे लिए काम करने को तैयार नहीं थीं, जिसके बाद उन्होंने निगरानी विभाग से संपर्क किया। शिकायत मिलने के बाद निगरानी टीम ने मामले की जांच की, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद विशेष टीम बनाकर जाल बिछाया गया। योजना के तहत शिकायतकर्ता को रुपये लेकर पदाधिकारी के पास भेजा गया। जैसे ही उन्होंने पैसे लिए, पहले से तैयार टीम ने मौके पर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने हाथ छुड़ाकर भागने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद महिला अधिकारियों और जवानों ने उसे तुरंत काबू में कर लिया। इसके बाद टीम उन्हें



अपने साथ लेकर चली गई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर कई लोग सामने आकर आरोप लगाने लगे कि संबंधित पदाधिकारी हर काम के लिए पैसे की मांग करती थीं। निगरानी विभाग अब उनके कार्यालय में अन्य मामलों की भी जांच करेगा। राज्य सरकार की ओर से पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोप सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, यहां तक कि नौकरी समाप्त करने तक की प्रक्रिया अपनाई जा सकती है।

## गयाजी में 2 दिनों से लापता युवक की मिली लाश, दोस्तों संग निकला था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी के बोधगया प्रखंड में बुधवार को दोस्तों के साथ निकले युवक की दो दिन बाद लाश मिली है। परिजन ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। परिजन की शिकायत के बाद तीन युवकों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल पूछताछ और जांच पड़ताल जारी है। परिजन का आरोप है कि सिर में गोली मारकर अपराधियों ने शव को नदी किनारे फेंक दिया। लेकिन चेरकी थानाध्यक्ष ट्विंकल सिंह का कहना कि गोली लगने की बात स्पष्ट नहीं हो सकी है। सिर में चोट के निशान हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद ही युवक की मौत का कारण पता चल सकेगा। मारे गए युवक को आखिरी बार जिन लोगों के साथ देखा गया था, उन्हें हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

मृतक की पहचान सादोपुर गांव के रहने वाले 26 साल के उदय यादव के रूप में हुई है। परिजन के मुताबिक, 18 मार्च की शाम करीब 6 बजे उदय अपने चार दोस्तों के साथ घर से निकला था। इसके बाद वो वापस नहीं लौटा। रात तक इंतजार हुआ। फिर खोजबीन शुरू हुई। कोई सुराग नहीं मिला तो परिवार ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

**युवक की लाश मिलने के बाद परिजन ने किया विरोध प्रदर्शनः** मामले की जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया। इसी



बीच शुक्रवार यानी 20 मार्च की दोपहर करीब 11:30 बजे भूसीया घाट के पास उदय की डेड बॉडी बरामद हुई। शव को चेरकी थाना लाया गया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। पुलिस शुरुआती तौर पर मामले को संदिग्ध मान रही है। लेकिन हत्या की आशंका से इनकार नहीं कर रही।

उधर, युवक की लाश मिलने के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने गया-चेरकी-शेरघाटी रोड को जाम कर दिया। सड़क पर टायर जलाए गए। करीब डेढ़ घंटे तक यातायात ठप रहा। परिजन ने कहा कि ये हत्या का मामला है। चेरकी थानाध्यक्ष ट्विंकल कुमारी ने बताया कि फिलहाल हिरासत में लिए गए तीन युवकों से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। लेकिन पुलिस की ओर से अब तक हिरासत में लिए गए युवकों के नाम को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

## जू सफारी में सिखाए घोंसला बनाने के गुर, छात्रों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में विलुप्त हो रही गौरैया के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से आज 'विश्व गौरैया दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजगीर जू सफारी के तत्वावधान में नगर के मध्य विद्यालय, राजगीर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने प्रकृति के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। इस दौरान छात्रों को गौरैया के पारिस्थितिक महत्व और उनके घटते कुनबे को फिर से बसाने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया।



**छात्रों ने बनाए आकर्षक इको-फ्रेंडली घोंसलेः** कार्यक्रम के आकर्षण का मुख्य केंद्र 'गौरैया घोंसला निर्माण प्रतियोगिता' रही। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने गत्ते, जूट, सूखी




घास और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर नन्हीं चिड़ियों के लिए सुरक्षित और आकर्षक घोंसले तैयार किए। बच्चों के हुनर को देख वहां मौजूद वन विभाग के अधिकारी और शिक्षक भी दंग रह गए।

**शहरीकरण और विकिरण से संकट में गौरैयाः डॉ. संजीतः** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजगीर जू सफारी के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. संजीत ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने गौरैया के अस्तित्व पर मंडराते खतरों की चर्चा करते हुए कहा कि बढ़ते शहरीकरण और मोबाइल टावरों से निकलने वाले विकिरण के कारण इनकी संख्या में भारी गिरावट आई है। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि गौरैया हमारे पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा है। हमें अपने घरों की छतों या बालकनी में दाना-पानी रखने और कृत्रिम घोंसले लगाकर इन्हें फिर से अपने आंगन में बुलाना होगा।

**वनकर्मियों ने दिया संरक्षण का संदेशः** इस पूरे आयोजन का सफल समन्वय वन रक्षी (Forest Guard) राज कुमार मंडल और प्रिंस कुमार की ओर से किया गया। उन्होंने न केवल बच्चों को वैज्ञानिक तरीके से घोंसला बनाने की तकनीक सिखाई, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की महती भूमिका पर भी चर्चा की। स्कूल के शिक्षकों ने जू सफारी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का जुड़ाव प्रकृति के साथ और गहरा होता है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट घोंसला बनाने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।

# विक्रमशिला सेतु के 3 पिलर्स की प्रोटेक्शन वॉल टूटी, पुल से रोजाना गुजरती हैं 25 हजार गाड़ियां

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर खतरा मंडरा रहा है। गंगा नदी पर बने इस सेतु के पिलर संख्या 17, 18 और 19 की प्रोटेक्शन वॉल तेज बहाव की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई है। एक पिलर की प्रोटेक्शन वॉल पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। प्रोटेक्शव वॉल क्षतिग्रस्त होने से सेतु के मुख्य ढांचे को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो स्थिति और भयावह हो सकती है। इस सेतु का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने साल 2001 में किया था। इस सेतु की लंबाई 4.7KM है। रोजाना एक लाख से अधिक लोग इस पुल से गुजरते है। वहीं, प्रोटेक्शन वॉल क्षतिग्रस्त होने की सूचना डीएम मिली, इसके बाद वो जांच के आदेश दिए हैं।





## 8 साल से नहीं हुई मरम्मत

**पहले भी एक्सपेंशन जॉइंट पर गैप आया था:** इससे पहले भी विक्रमशिला सेतु के अलग-अलग स्पैन के बीच एक्सपेंशन जॉइंट का गैप बढ़ने का मामला सामने आया था। यह गैप 1 से 2 इंच था, जो बढ़कर करीब 6 इंच तक पहुंच गया था। रिटायर्ड इंजीनियरों का मानना है कि गंगा नदी के तेज बहाव, बड़े जहाजों और भारी नावों की आवाजाही के कारण पिलरों पर लगातार दबाव पड़ता है। इस स्थिति में प्रोटेक्शन वॉल क्षतिग्रस्त हुई है। इसका असर पिलर्स पर पड़ेगा। बाढ़ के समय यह दबाव और बढ़ जाता है, जिससे जोखिम कई गुना बढ़ सकता है।

**डीएम बोले- जांच के लिए टीम को भेजा:** भागलपुर DM डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जांच के लिए टीम को भेजा जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया है और अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी है।

**8 साल से नहीं हुई मरम्मत:** विक्रमशिला सेतु पर ट्रैफिक का भारी दबाव है। इस सेतु से प्रत्येक दिन 25 हजार छोटी-बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं। ओवर लोडेड ट्रकों के गुजरने से एक्सपेंशन जॉइंट्स में पहले ही 6 इंच का गैप आ चुका है। इसके बावजूद साल 2016 के बाद से इस सेतु की कोई तकनीकी मरम्मत नहीं हुई है। हाल के दिनों में सिर्फ रंग-रोगन कर चमक बढ़ाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ रुपए के सोना-चांदी बरामद, 2 शातिर अरेस्ट, लंबा सफर तय करने वाले यात्री को बनाते थे निशाना



**भागलपुर।** भागलपुर में लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाने वाले एक शातिर गिरोह के 2 बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर यह सफलता हासिल की। अभियान का नेतृत्व जीआरपी इंस्पेक्टर नसीम अहमद और आरपीएफ इंस्पेक्टर ए.के. गिरी ने किया। पुलिस के अनुसार, गिरोह जमालपुर-हावड़ा एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के कीमती सामान और जेवरात चोरी करता था। गिरफ्तार आरोपी संजय कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने बबरगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर स्थित उसके घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान तीन झोलियों में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में सोने-चांदी के गहने बरामद किए गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इनकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस अब इन गहनों के असली मालिकों की पहचान के लिए हाल के मामलों से मिलान कर रही है।

**विदेशी करेंसी से बढ़ी जांच की दिशा:** कार्रवाई के दौरान बरामद सामान में अमेरिकी डॉलर, मलेशियाई रिंगिट और ऑस्ट्रेलियाई मुद्रा भी मिली है। विदेशी करेंसी मिलने के बाद पुलिस को गिरोह के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है। यह भी जांच की जा रही है कि ये मुद्राएं किसी विदेशी यात्री से लूटी गई हैं या किसी बड़े गिरोह का हिस्सा हैं। दूसरा आरोपी नवगछिया के राघोपुर गांव का निवासी बताया गया है। दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उनके पास से मिली डायरी और मोबाइल फोन के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर एक गिरी ने बताया कि भागलपुर-हावड़ा रेलखंड पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है। अधिकारियों का मानना है कि इस गिरोह के पकड़े जाने से लूट की घटनाओं में कमी आएगी। फिलहाल बरामद सामान को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है।

### मुंगेर विश्वविद्यालय का आठवां स्थापना दिवस मनाया गया यूनिवर्सिटी की दिखाई प्रोग्रेस, जमीन अधिग्रहण पर सवाल उठे

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय का आठवां स्थापना दिवस आरडी एंड डीजे कॉलेज सभागार में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह का उद्घाटन कुलपति प्रो. संजय कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो. महेश्वर मिश्रा, प्राचार्य प्रो. बिजेंद्र कुमार और कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. संजय कुमार ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी समय है। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना से अब तक की प्रगति पर प्रकाश डाला। कुलपति ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने शिक्षकों, कर्मियों और छात्रों से समर्पण के साथ विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं, कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने विश्वविद्यालय के समक्ष प्रमुख चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण का मामला अब भी लंबित है। कुलसचिव ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित मुंगेर दौरे के दौरान भूमि शिलान्यास की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इस संबंध में जिलाधिकारी से बातचीत हुई है, जिन्होंने 24-25 मार्च के बाद इस दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया है। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर समारोह को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, डीन, पीजी विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डीएम के जनता दरबार में 57 फरियादियों की फरियाद पर हुई सुनवाई

**अररिया।** समाहरणालय स्थित परमान सभागार में डीएम विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनता दरबार में कुल 57 मामलों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ईद पर्व को लेकर जिले में 279 स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल तैनात

**किशनगंज।** ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। शनिवार को मनाए जाने वाले पर्व के मद्देनजर जिले के कुल 279 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थानाध्यक्षों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाई जाए तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मेले एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप एवं फेसबुक पर साइबर सेल द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने आम लोगों से भी सोशल मीडिया पर संयम बरतने की अपील की है। एहतियातन जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। यह सुरक्षा व्यवस्था किशनगंज, कोचाधामन, बहादुरगंज, दिघलबैंक, पोठिया, ठाकुरगंज एवं टेढ़ागाछ प्रखंडों में लागू की गई है। कई संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला आपदा कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06456-225152 जारी किया गया है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना या समस्या होने पर आमजन इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने आम लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है।

### अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुम्मे की नमाज,अमन चैन व खुशहाली की मांगी दुआ

**पूर्वी चंपारण।** रमजान के मुबारक माह के आखिरी जुमा पर शुक्रवार को जिले भर में अलविदा जुमा की नमाज पूरे अकीदत, एहतराम के साथ अदा की गई। शहर की विभिन्न मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी थी। रोजेदारों और नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह में सजदा कर मुल्क की सलामती, अमन-चैन, आपसी भाईचारे, खुशहाली और इंसानियत की तरक्की के लिए खास दुआएं मांगीं। नमाज के बाद सामूहिक रूप से दुआ कर रोजेदारों ने आमीन कहा और पूरे वातावरण में रूहानियत का रंग छाया रहा।मोतिहारी शहर के मुख्य पथ स्थित बड़ी मस्जिद व छोटी मस्जिद के साथ विभिन्न मस्जिदो में अलविदा की नमाज़ अदा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने मस्जिद में पहुंचकर नमाज़ अदा कर देश व दुनिया में अमन-चैन तथा खुशहाली की दुआ मांगी। इसकी जानकारी मस्जिद के इमाम मुफ्ती जैद अहमद कासमी ने देते हुए कहा कि रमजान का महीना इस्लाम में बेहद पाक और बरकत वाला महीना माना जाता है। पूरे एक महीने तक रोज़ा रखकर इबादत की जाती है, जिसमें लोग अल्लाह की इबादत, नमाज़, तिलावत और जरूरतमंदों की मदद करते हैं। इमाम ने बताया कि रमजान का अंतिम शुक्रवार "अलविदा जुमा" के नाम से जाना जाता है, जिसे मुस्लिम समुदाय के लोग विशेष महत्व के साथ मनाते हैं। इस दिन नमाज़ के दौरान लोग अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और समाज में भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाए रखने की दुआ करते हैं। नमाज़ के बाद मस्जिद परिसर और आसपास के इलाकों में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से भी आवश्यक व्यवस्था की गई थी।

## आशा कार्यकर्ताओं का बकाया राशि भुगतान मांग को लेकर एक दिवसीय धरना




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सहरसा।** बिहार राज्य आशा एवं फैसिलिटेटर संघ से सम्बद्ध बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सीटू के बैनर तले सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सौर बाजार में आशा एवं आशा फैसिलिटेटर तथा वैक्सीन के आठ माह से बकाए राशि भुगतान नहीं होने के चलते एक दिवसीय धरना दिया। धरना को संबोधित कर सीटू नेता व्यास प्रसाद यादव ने कहा सरकार आशा फैसिलिटेटर जनविरोधी सरकार है। सभी संविदा कर्मी को सरकारी कर्मचारी का दिया जाय।

सीपीएम नेता कुलानन्द कुमार ने कहा संविदा कर्मी की मांग जायज है। सरकार अपने पूंजीपति मित्रों के हित में काम कर रहे हैं जो बहुत ही निंदनीय बात है। सरकार आशा फैसिलिटेटर को फिलहाल कम से कम 26000 हजार रू मानदेय दिया जाय,वही आशा संघ के जिला मंत्री कुमारी ज्योतिष रानी ने धरना को संबोधित कर कहा सरकार आशा फैसिलिटेटर के साथ सोतेला व्यवहार कर रहे हैं बकाया राशि सभी आशा फैसिलिटेटर को जल्द नहीं मिला तो 01 अप्रैल से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करने पर विचार किया जा रहा है। उपस्थित प्रखंड मंत्री अमृता कुमारी, मोहन मुखिया, सचिदानंद यादव कुमारी सीमा,राणा कुमारी, गीता देवी, रामविलास यादव,हरे राम यादव, अमरेन्द्र कुमार आदि ने संबोधित किया।

## दोस्तों के साथ पार्टी में गए युवक की संदिग्ध मौत, भाई का आरोप- फोन कर दोस्तों ने शराब पीने बुलाया था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में दोस्तों के साथ पार्टी में गए करने गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कोयला खुर्द गांव की है। मृतक की पहचान अशोक यादव के बेटे गोलू यादव (33) के रूप में हुई है। गुरुवार की शाम करीब 7 बजे गनदेव कापरी के फोन पर गोलू यादव की पार्टी में शामिल होने के लिए गया था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसके दोस्तों ने घटना की जानकारी उसके बड़े भाई निर्मल यादव को दी।




सूचना मिलने पर निर्मल यादव मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोस्तों ने गोलू को जगदीशपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती करा दिया था। वहां स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जब मायागंज अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने गोलू को मृत घोषित कर दिया। मामले को लेकर मृतक के बड़े भाई निर्मल यादव ने बताया कि शाम करीब 7 बजे उनका भाई घर पर था। गनदेव कापरी ने उसे शराब पार्टी में बुलाया था। उसके साथ अमित यादव, मंसूर पासवान और लालू यादव भी मौजूद थे।

निर्मल यादव ने आरोप लगाया कि गनदेव कापरी ने फोन कर बताया कि उनका भाई बेहोश हो गया है। इसके बाद वह बाइक से घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। बाद में बताया गया कि उसे जगदीशपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निर्मल यादव ने आरोप लगाया कि सभी ने मिलकर उनके भाई की हत्या की है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

निर्मल घर का सबसे छोटा बेटा था, वह मजदूरी कर घर का भरण पोषण करता था। तीन साल पहले उनकी शादी हुई है, एक बच्चा भी है। गुरुवार को देर शाम 7:00 बजे वह घर में किसी को बिन बताए अपने दोस्तों के कहने पर पार्टी में गया हुआ था। तभी यह घटना हुई। शुक्रवार को मायागंज अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद से पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## 12 मार्च से युवक लापता, गर्लफ्रेंड के परिजनों पर किडनैप करने का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में एक युवक 12 मार्च से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। 2 साल से एक लड़की से अफेयर चल रहा था। लड़की पक्ष पर मारपीट और किडनैप करने का आरोप है। परिजनों ने एसएसपी प्रमोद यादव को लिखित आवेदन देकर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पिता मोहन मोदी ने बताया कि मेरा बेटा रोहित(27) एक लड़की अंजलि से प्यार करता था। उसने उसे शादी का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उसने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद भी दोनों के बीच बातचीत होती रही। उसके घर वाले इस बात से नाराज थे, धमकी दी जा रही थी। लड़की पड़ोस में ही रहती है।

साजिश के तहत 12 मार्च को मेरे बेटे को पंकज चौरसिया के घर बुलाया। वहां पहले से मौजूद लोगों ने दरवाजा बंद कर दिया। लाठी-डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी।



मारपीट में एक हाथ टूट गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचा। बेटे को अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे गायब कर दिया।

**आवेदन देने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप:** मोहन मोदी ने आगे बताया कि14 मार्च को बबरगंज थाने में आवेदन दिया। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। 18 मार्च को केवल एक पक्ष से पूछताछ की गई, जबकि दूसरे पक्ष की बात नहीं सुनी गई।

**लड़की ने भी दर्ज कराया मामला:** दूसरी ओर, अंजलि ने भी रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जिसमें उस पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

**उचित कार्रवाई का आश्वासन:** वहीं, एसएसपी प्रमोद कुमार ने पीड़ित का आवेदन स्वीकार कर जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा की छानबीन की जा रही है।

## पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** सैनिक स्कूल गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर नरगा कोठी में भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति बिहार पटना के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को सरस्वती संस्कार/शिक्षा केंद्र आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का प्रारंभ भागलपुर विभाग संयोजक लक्ष्मी नारायण डोकनिया, विद्यालय के सदस्य मधुसूदन झा, विभाग प्रमुख सतीश कुमार सिंह, संस्कार केंद्र प्रवासी कार्यकर्ता गंगा चौधरी, परमेश्वर कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



मौके पर लक्ष्मीनारायण डोकानिया ने कहा कि संस्कार केंद्र एक शिक्षक विद्यालय है। जहाँ सेवा बस्ती में शिक्षा से वंचित रहने वाले बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान किया जाता है। इन केन्द्रों पर साक्षरता, स्वाध्याय, स्वावलंबन, संस्कृति, स्वदेश प्रेम एवं सामाजिक समरसता का अनौपचारिक शिक्षा प्रदान किया जाता है। यह संस्कार केंद्र पिछड़े एवं सेवा बस्तियों में निःशुल्क चलाए जाते हैं। हमें आदिवासी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र एवं अन्य ऐसे क्षेत्रों को भी चुनना है, जहां अभी भी स्कूल नहीं है और बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं।

मधुसूदन झा ने आभार ज्ञापन करते हुए कहा कि हमें समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचना है। हमें ध्येय से लक्ष्य की प्राप्ति करना है। प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग 24 मार्च तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग है। इस प्रशिक्षण वर्ग में भागलपुर, बांका एवं मुंगेर विभाग के सरस्वती संस्कार केंद्र के आचार्य/आचार्या भाग ले रहे हैं। प्रस्तावना प्रवासी कार्यकर्ता परमेश्वर कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं संचालन प्रवासी कार्यकर्ता गंगा चौधरी द्वारा किया गया।

## एमजीसीयू में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान सम्मेलन का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार में "फ्रंटियर एरियाज ऑफ केमिस्ट्री (ICFAC-2026)" पर आधारित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य और सफल आयोजन किया गया। तीन दिन तक चले इस सम्मेलन में देश-विदेश से आए 500 से अधिक वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और छात्रों ने भाग लेकर इसे वैश्विक वैज्ञानिक संवाद का महत्वपूर्ण मंच बना दिया। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. रंजीत वर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रो. गौतम ब्रह्मचारी और कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष सह संयोजक प्रो. देवदत्त चतुर्वेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र का मुख्य आकर्षण "डॉ. सुप्रभात राय मेमोरियल अवार्ड" रहा, जिसका पहला सम्मान सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ के प्रो. टी. नरेंद्र को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रो. ए.एस. नेगी ने उनकी उपलब्धियों को रेखांकित किया, जबकि प्रो. अतुल गुप्ता ने स्वर्गीय डॉ. सुप्रभात राय के जीवन और विश्व की पहली गैर-स्टेरॉयडल गर्भनिरोधक "सहेली" के विकास में उनके योगदान को याद किया। इस दौरान भावुक क्षण भी देखने को मिले।

कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और नई बीमारियों से निपटने में रसायन विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। वहीं प्रो. रंजीत वर्मा ने युवा वैज्ञानिकों को निडर होकर प्रश्न पूछने और इस मंच का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. गौतम ब्रह्मचारी ने ग्रीन केमिस्ट्री के महत्व को रेखांकित किया और प्रो. आर्तत्राण पाल ने रसायन विज्ञान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के बढ़ते उपयोग को भविष्य की आवश्यकता बताया।




सम्मेलन के दौरान 300 से अधिक पृष्ठों की 'एब्सट्रैक्ट बुक' के डिजिटल संस्करण का भी विमोचन किया गया, जिसमें अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और पोलैंड सहित कई देशों के शोध पत्र शामिल हैं। तकनीकी सत्रों की शुरुआत प्रो. टी. नरेंद्र के "नेचुरल प्रोडक्ट्स ड्रग डिस्कवरी" पर लेक्चर के साथ हुआ। इसके अलावा प्रो. नवीन बी. पटेल, प्रो. बिमल कृष्णा बनिक, प्रो. रमेंद्र प्रताप और प्रो. लुकमान हकीम चौधरी सहित कई वैज्ञानिकों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र में देश-विदेश के वैज्ञानिक प्रो. गौतम ब्रह्मचारी, प्रो. निकोडेम कुज्निक (दक्षिण अफ्रीका), प्रो. आशीष के. तिवारी (बीएचयू), प्रो. राम सागर मिश्रा (जेएनयू) और प्रो. रामेश्वर अधिकारी (नेपाल) ने अपने-अपने शोध कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन के दूसरे दिन रसायन विज्ञान के भविष्य पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , डेटा साइंस और मॉलिक्यूलर हाइब्रिडाइजेशन के प्रभाव पर गहन चर्चा हुई।प्रो. अतुल गुप्ता ने एस्ट्रोजन और स्तन कैंसर पर अपनी महत्वपूर्ण रिसर्च साझा की। डॉ. सुजीत साहू ने स्मार्टर ड्रग डिस्कवरी विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि एआई और रेषयस जैसी तकनीकों की मदद से दवा खोज प्रक्रिया तेज और किफायती बन रही है।प्रो. बापुराव बी. शिंगटे ने मॉलिक्यूलर हाइब्रिडाइजेशन पर अपने शोध के माध्यम से बताया कि कैसे दो अणुओं को जोड़कर नई और प्रभावी दवाएं विकसित की जा सकती हैं, जो 'कैंडिडा' जैसे संक्रमणों के उपचार में उपयोगी साबित हो सकती हैं।तीसरे दिन की शुरुआत प्रो. नरेश पटवारी (आईआईटी मुंबई) के परिचय से हुई, जिनके योगदान ने सम्मेलन को नई दिशा दी।

इस दौरान प्रो. ए.एस. नेगी (CSIR–CIMAP, लखनऊ) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और समृद्ध बनाया। प्रथम वक्ता डॉ. नीरज कुमार मिश्रा (लखनऊ विश्वविद्यालय) थे, जिन्होंने C–H बॉन्ड फंक्शनलाइजेशन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने इसके रिएक्शन मैकेनिज्म और सिंथेटिक ट्रांसफॉर्मेशन को समझाते हुए बताया कि यह तकनीक आधुनिक ड्रग कैंडिडेट्स के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोपहर के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अमेरिकन केमिकल सोसाइटी -American Chemical Society (ACS) और रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री -Royal Society of Chemistry (RSC) के अंतर्गत ओरल और पोस्टर कैटेगरी में विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही आईसीएफएसी अवॉर्ड के तहत भी उत्कृष्ट शोध कार्यों को सराहा गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### अस्पतालों में लग रही है आग, लापरवाही की कीमत चुका रहे हैं मरीज

छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक अमूमन हर जगह निजी और छोटे अस्पताल बिना वैध लाइसेंस और सुरक्षा प्रमाणपत्र के चलते पाए जाते हैं। किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में मरीज प्राय- अपने जीवन की रक्षा के लिए जाते हैं, लेकिन जब वहीं उनकी जान जोखिम में पड़ जाए, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? चिकित्सा को व्यवसाय बना कर देश में हर जगह खुल रहे अस्पतालों में जिस तरह सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जाती है, उस पर सवाल उठना स्वाभाविक है। दिल्ली से लेकर कोलकाता, झांसी, अहमदाबाद और जयपुर तक सभी जगहों पर आग लगने की घटनाओं में मरीजों की मौत की वजह अग्निशमन संबंधी सुरक्षा मानकों में घोर लापरवाही पाई गई।ओडिशा के कटक में रविवार देर रात राज्य सरकार द्वारा संचालित एससीबी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में भीषण आग मरीजों के लिए सबसे सुरक्षित सघन चिकित्सा कक्ष में लग गई और उसमें कम से कम दस मरीजों की मौत हो गई और ग्यारह चिकित्सा कर्मचारी झुलस गए। यह तब है जबकि मुख्यमंत्री ने कुछ महीने पहले ही राज्य के सभी चिकित्सा संस्थानों को आग से बचाव के उपाय करने की हिदायत दी थी।सवाल है कि क्या वहां अग्नि सुरक्षा के बुनियादी मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा था? इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी है? यह दुखद है कि अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से कभी सबक नहीं लिया गया। कई जगहों पर तो आग से बचाव के साधन नहीं थे, तो कहीं आपातकालीन निकास की उचित व्यवस्था नहीं थी। यहां तक कि अग्निशमन सुरक्षा प्रमाणपत्र की मियाद निकल जाने पर भी न तो अस्पतालों को चेतावनी दी जाती है और न ही उन पर कोई कड़ी कार्रवाई होती है।छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक अमूमन हर जगह निजी और छोटे अस्पताल बिना वैध लाइसेंस और सुरक्षा प्रमाणपत्र के चलते पाए जाते हैं। क्या ऐसा संबंधित महकमे की लापरवाही और अधिकारियों की सांठगांठ के बिना संभव हो सकता है?कायदे से सभी चिकित्सा संस्थानों में अग्नि से बचाव के साधनों की नियमित और सख्ती से जांच की जानी चाहिए। ऐसा न होने का ही नतीजा है कि ओडिशा में अति सुरक्षित सघन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कई मरीजों की जान चली गई।

### ताक पर मानवता-स्कूल और मासूमों को बनाया जा रहा निशाना

दुनिया भर में बढ़ते युद्धों के बीच मानवीय मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनदेखी हो रही है। काबुल, लेबनान, यूक्रेन और ईरान में अस्पतालों, स्कूलों और चिकित्सा सुविधाओं पर हमलों से बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए। जिनेवा कन्वेंशन के बावजूद ऐसे हमले जारी हैं।युद्ध के मौजूदा दौर में मानवीय मूल्यों को ताक पर रखा जा रहा है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हैं। हाल में यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है।इस मामले में पाकिस्तान की दलील है कि उसने सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया था। हालांकि यह उसकी अपनी करतूतों पर पर्दा डालने की एक नाकाम कोशिश है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे सैन्य कार्रवाई के नाम पर किया गया नरसंहार बताया है। पिछले साल भी जब पाकिस्तान-अफगानिस्तान में टकराव हुआ था, तो पाकिस्तानी सेना ने अफगानी क्रिकेटर्स को निशाना बनाया था।यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान तक, जैसे-जैसे संघर्ष का दायरा बढ़ रहा है, मानवता को आघात पहुंच रहा है। पिछले शुक्रवार को दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर इस्राइल ने हमला किया था, जिसमें 12 स्वास्थ्यकर्मियों की जान चली गई। लेबनान का दावा है कि मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से चिकित्सा सुविधाओं पर कम से कम 37 हमले हुए हैं और 31 हेल्थकेयर स्टाफ की मौतें हुई हैं। इसी तरह, ईरान पर हमले के पहले ही दिन अमेरिका-इस्राइल की मिसाइल एक स्कूल पर जा गिरी थी, जिसमें लगभग 170 लोगों की मौत हो गई और इसमें ज्यादातर बच्चे थे।अंतरराष्ट्रीय कानून, खासकर जिनेवा कन्वेंशन कहता है कि जीवन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचों पर हमला नहीं किया जा सकता। मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

*निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन चुनावों में राजनीतिक दल संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें, चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता और दृढ़ता बनाए रखे तथा मतदाता जागरूकता के साथ मतदान करें।*

## राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

(ललित गर्ग)

इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं। इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो। इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा। हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकर्ताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है। इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा।

## हिमालय में बढ़ते संकट पर समाधान की तलाश

(दिलीप लाल)

हिमालय पूरे दक्षिण एशिया के पर्यावरणीय संतुलन की आधारशिला है। भारत की प्रमुख नदियां सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र यहीं से निकलती हैं। करोड़ों लोगों की जल-सुरक्षा इसी पर निर्भर है और असंख्य वनस्पतियों व जीव-जंतुओं का जीवन भी इसी पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ा हुआ है। लेकिन पिछले कुछ दशकों में हिमालय का यह नाजुक संतुलन तेजी से बिगड़ता दिखाई दे रहा है। भूस्खलन, अचानक आने वाली बाढ़, बादल फटना, पहाड़ी शहरों में जल-संकट और पर्यावरणीय क्षरण जैसी घटनाएं अब सामान्य होती जा रही हैं। इस संकट के पीछे कई कारण एक साथ काम कर रहे हैं। सबसे बड़ा कारण है अनियंत्रित और असंतुलित विकास। पहाड़ी क्षेत्रों में बिना पर्याप्त वैज्ञानिक अध्ययन के बड़े पैमाने पर सड़कें, होटल, बहुमंजिला इमारतें और अन्य ढांचागत परियोजनाएं खड़ी की जा रही हैं। पहाड़ों की ढलानों की वहन क्षमता और भूगर्भीय संवेदनशीलता को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। परिणामस्वरूप थोड़ी सी बारिश या भूकंपीय गतिविधि भी भूस्खलन और भू-धंसाव जैसी घटनाओं को जन्म देती है। दूसरा बड़ा कारण तेजी से बढ़ता पर्यटन है। हिमालयी राज्यों के अनेक प्रसिद्ध स्थलों पर छुट्टियों और लंबे सप्ताहांत के दौरान पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। इससे वाहनों की संख्या बढ़ती है, प्रदूषण में इजाफा होता है और सीमित संसाधनों वाले पहाड़ी कस्बों पर भारी दबाव पड़ता है। जल, बिजली, कचरा प्रबंधन और यातायात जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं इस दबाव को संभालने में अक्सर असमर्थ दिखाई देती हैं। वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन भी हिमालय की समस्याओं को और जटिल बना रहे हैं। तापमान में बदलाव, अनियमित वर्षा और चरम मौसम की घटनाओं में वृद्धि से हिमालय की पारिस्थितिकी पर गहरा असर पड़ रहा है। ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने और वर्षा के पैटर्न में बदलाव से नदियों के प्रवाह और जल उपलब्धता पर भी दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। इन चुनौतियों का समाधान केवल चेतावनियों से नहीं, बल्कि ठोस नीति और दूरदर्शी योजना से संभव है। इसी दिशा में हाल ही में नई दिल्ली के इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में हिमालयन राउंडटेबल का आयोजन किया गया, जिसमें नीति-निर्माताओं, जलवायु वैज्ञानिकों, वास्तुकारों, पर्यावरण विशेषज्ञों और प्रशासन से जुड़े विशेषज्ञों ने हिमालयी विकास की चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श किया। इस चर्चा में विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि हिमालय के लिए विकास का दृष्टिकोण सामान्य मैदानी क्षेत्रों से अलग होना चाहिए। वास्तुकला और अवसंरचना निर्माण को स्थानीय भूगोल, जलवायु और पारिस्थितिकी के अनुरूप तैयार करना होगा। साथ ही जिम्मेदार पर्यटन, मजबूत पर्यावरणीय नियम, वैज्ञानिक आधार पर भूमि उपयोग योजना और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी को भी प्राथमिकता देनी होगी।यह पहल सीपी कुकरेजा फाउंडेशन फॉर डिजाइन एक्सिलेंस की ओर से की गई है, जो वास्तुकला, शहरी नियोजन और स्थिरता से जुड़े मुद्दों पर शोध और संवाद को प्रोत्साहित करती है। सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट्स के एमडी दिक्षु सी. कुकरेजा ने निर्माण के पारंपरिक तरीकों को अमल में लाने और हिमालय की सुरक्षा पर बेहतर योजना बनाने की जरूरत है। TERI के वरिष्ठ निदेशक दीपांकर सहारिया ने हिमालय में अनियमित वर्षा, भूस्खलन और अचानक आने वाली बाढ़ को रोकने के लिए स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6037

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6036

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 6037



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. दुनिया की सबसे लंबी गुफा इस देश में है इसकी लंबाई का अंदाजा इसी बात से लगया जा सकता है किस इसमें एक नदी और जंगल भी है (5)
5. किसी संख्या को उसी संख्या से गुणा करने पर प्राप्त होने वाला गुणनफल (2)
6. लुब्ध करना, चुग्गा डालना या दाना डालना (5)
8. एक प्रशंसा सूचक संबंधी उद्गार (3)
10. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी)(2)
11. सनिश्चय नहीं, बिल्कुल नहीं (3)
13. आसान, सरल, सामान्य (3)
17. रस्म, प्रथा, दस्तूर, रीति (3)
18. दौड़ने वाला, दौड़ाक (3)
21. दोष, मनोविकार, तकलीफ (2)
22. हीन होने का भाव, अभाव (3)
24. एक स्त्री से प्रेम करने वाले आपस में दो व्यक्ति (2)
25. निशाना, अनुमेय (2)

**ऊपर से नीचे**

1. पंजाब की व्यास नदी का नाम, जिसका अर्थ होता है पाशमुक्तकारिणी (3)
2. खोजना, चाहना (4)
3. कमल, कुमुद आदि की लंबी और खोखली डंडी, लोहे का अर्धचंद्राकार टुकडा (2)
4. मचलने का भाव, लालसा, हठ (3)
5. यह देश पश्चिमी अफ्रीका में है जिसकी राजधानी अकरा है (2)
7. गंगा नदी को यह भी कहा गया है (5)
9. नाट्य वेश , परिधान, वर्णधर्म (2)
12. असम की पहाड़ियों में बसने वाली एक जंगली जाति, अनुपस्थिति, गैर हाजिरी (2)
14. विविध भारती से नाटकों पर आधारित एक दैनिक कार्यक्रम (5)
15. न्यायाधी, फैसला करने वाला (2)
16. अवरोधहीन, अबाधित (4)
19. जंगल, अरण्य, कानन (2)
20. पंक्ति, श्रेणी, क्रम, सिलसिला (3)
23. समस्त, एक प्रसिद्ध टीवी चेनल (2)

### वर्ग पहेली 6036 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | स | | रो |
| मी | न | | म | क | र | ध्व | ज |
| न | का | र | ना | | प | स्त | |
| स | | सि | | ना | र | | मा |
| या | च | क | | म | स्त | मौ | ला |
| नी | ल | | ना | ज | | ल | |
| | ता | ना | | द | | वी | र |
| ता | ऊ | | जा | गी | र | | क्षा |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन मेहनत और प्रगति से भरा रहेगा। सकारात्मक सोच आपको आगे बढ़ने में मदद करेगी, हालांकि दिनचर्या थोड़ी बिगड़ सकती है। काम में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी, जिससे आपको नतीजे अच्छे मिलेंगे। दोस्तों के जरिए कमाई के नए मौके मिल सकते हैं। इसमें आपको आपकी माता का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

### वृष
आज मन थोड़ा अस्थिर रह सकता है। आज आपको परिवार की कुछ बातें भी परेशान कर सकती हैं। नौकरी या फिर इंटरव्यू से जुड़े मामलों में आपको सफलता मिल सकती है, लेकिन आपके खर्च बढ़ सकते हैं। इसलिए आप आपका बजट संभालकर चलें। वहीं आज आपको पुराने दोस्तों से मिलना खुशी देगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रोक हुआ काम पूरा होगा।

### कर्क
आज धैर्य और संयम से काम लेना होगा। सफलता के लिए मेहनत बढ़ानी पड़ेगी। नौकरी या फिर कार्यक्षेत्र में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। खर्च बढ़ सकते हैं, लेकिन जीवनसाथी का साथ मिलेगा। मानसिक तनाव से बचने की कोशिश करें।आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। फौरन से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आया है। पढ़ाई और करियर में सफलता मिलने के योग हैं। धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ नोकझोंक हो सकती है। आंखों से संबंधित कोई समस्या आ सकती है समय समय पर चेकअप करवाते रहें। जल्दबाजी में आप करियर को लेकर कोई निर्णय न लें। जो लोग नौकरी की तलाश में है।

### मिथुन
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। गुस्से और बेवजह के विवाद से थोड़ा दूर रहें। दोस्तों के सहयोग से आय के नए रास्ते खुल सकते हैं, लेकिन आपके खर्च भी बढ़ेंगे। रिश्तों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। मानसिक तनाव और चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है।

### कन्या
आज मन खुश रहेगा, लेकिन आज कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। साथ ही आप उन्हें अच्छे से निभा पाएंगे। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। तनाव से दूर रहकर धैर्य बनाए रखें।

### तुला
आज आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। काम में आपको सफलता मिलेगी। इतना ही नहीं आज आपको अधिकारियों का भी सहयोग मिलेगा। नौकरी में बदलाव के योग बन सकते हैं। आय में बढ़ोतरी के संकेत हैं, ऑफिस के किसी काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है। किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। सेहत का ध्यान रखें।

### वृश्चिक
आज गुस्से पर काबू रखना जरूरी होगा। साथ ही आज आपको काम में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी, लेकिन दोस्तों के सहयोग से बिजनेस में बदलाव संभव है। आपकी आय बढ़ेगी, हालांकि खर्च भी साथ-साथ बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी का साथ मिलेगा और सेहत सामान्य रहेगी।आज अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। अच्छा ऑफर मिल सकता है।

### मकर
आज दिन उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है, लेकिन अंत में अच्छे परिणाम मिलेंगे। नए काम या फिर बिजनेस के अवसर सामने आ सकते हैं। आय में बढ़ोतरी और निवेश के मौके मिलेंगे। रिश्तों में मिठास आएगी और सेहत भी अच्छी रहेगी। आज आपकी नए कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे।

### कुंभ
आज आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन काम में चुनौतियां आ सकती हैं। मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। सफलता थोड़ी देर से मिलेगी। खर्च बढ़ सकते हैं, लेकिन लाभ भी संभव है। परिवार का सहयोग मिलेगा और स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। रिश्तो में आपको तालमेल बनाए रखने की आवश्यकता है। आप किसी के कहने में आकर कोई बड़ा निवेश न करें, नहीं तो नुकसान हो सकता है।

### धनु
आज मन शांत रहेगा और परिवार में अच्छा माहौल बना रहेगा। साथ ही आज आपको काम में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ सकते हैं, लेकिन आमदनी भी बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ हल्का मतभेद हो सकता है। पेट से जुड़ी समस्या से बचने के लिए खानपान का ध्यान रखें।आज किसी बुजुर्ग की मदद करने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

### मीन
आज रुझान धर्म और कला की ओर बढ़ेगा। साथ ही परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। दोस्तों के सहयोग से लाभ मिल सकता है। धन लाभ के संकेत हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें और मानसिक तनाव से बचें।आज आपको पहले किए किसी सामाजिक कार्य के लिए सम्मान मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ टाइम स्पेंड करेंगे। जिससे उनके रिश्ते मजबूत होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

# असम चुनावः सीट बंटवारे पर कांग्रेस के जवाब का इंतजार कर रहा झामुमो, 31 सीटों पर प्रत्याशी देने की तैयारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने असम विधानसभा चुनाव को लेकर फिलहाल वेट एंड वाच की स्थिति में है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह सीट बंटवारे के मुद्दे पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अंतिम जवाब का इंतजार कर रही है, जिसके बाद ही उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी।

कांग्रेस के साथ बातचीत सकारात्मक दिशा में है, लेकिन अभी तक कोई अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। हाल ही में असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई और प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह पार्टी झामुमो अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले थे, जिसमें संभावित सीटों और रणनीति पर चर्चा हुई।

जानकारी के अनुसार पार्टी ने जानबूझकर उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। झामुमो का मानना है कि गठबंधन की राजनीति में समन्वय बेहद अहम होता है और बिना सहमति के उम्मीदवारों की घोषणा करना राजनीतिक तौर पर उचित नहीं होगा।

झामुमो का असम चुनाव में सक्रिय होना महज औपचारिकता नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर में अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराने की एक दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। झारखंड के बाहर अपनी पहचान बनाने की कोशिश में पार्टी आदिवासी और श्रमिक वर्ग के मुद्दों को केंद्र में रखकर चुनावी मैदान में उतरना चाहती है।



असम के कई इलाकों में झारखंड से गए श्रमिकों और आदिवासी समुदायों की उपस्थिति को देखते हुए पार्टी को संभावनाएं नजर आ रही हैं। यही वजह है कि झामुमो कांग्रेस के साथ तालमेल बनाकर चुनाव लड़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

हालांकि, सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है। झामुमो की तैयारी 31 सीटों पर है। कांग्रेस जहां राज्य में अपनी पारंपरिक उपस्थिति के आधार पर अधिक सीटों की दावेदारी कर सकती है, वहीं झामुमो सीमित सीटों पर ही सही, लेकिन प्रभावी लड़ाई चाहती है।

अगर समय रहते सहमति नहीं बनी तो इसका असर दोनों दलों की चुनावी तैयारी पर पड़ सकता है। ऐसे में बातचीत का जल्द निष्कर्ष निकलना जरूरी है।

असम विधानसभा चुनाव झामुमो के लिए केवल विस्तार का अवसर नहीं, बल्कि गठबंधन राजनीति में उसकी भूमिका की भी परीक्षा साबित हो सकता है। झारखंड में कांग्रेस के साथ सरकार चला रहा झामुमो यह संदेश देना चाहता है कि वह अन्य राज्यों में भी सहयोगी दल के रूप में भरोसेमंद साझेदार बन सकती है। अब नजरें कांग्रेस के अंतिम रुख पर टिकी हैं।

जैसे ही सीट बंटवारे पर सहमति बनती है, झामुमो अपनी चुनावी रणनीति को सार्वजनिक कर सकती है। इससे यह भी स्पष्ट होगा कि पार्टी असम की राजनीति में कितनी गंभीरता से अपनी दावेदारी पेश करने जा रही है।

## गिरिडीह की मेयर पहुंची निगम ऑफिस, कर्मियों से किया सीधा संवाद

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह की नव निर्वाचित महापौर प्रमिला मेहरा ने पहली बार नगर निगम कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और विशेष रूप से सफाई कर्मियों से मुलाकात कर शहर की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। महापौर ने कर्मियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने साफ-सफाई को लेकर जमीनी स्थिति समझने के लिए कर्मचारियों से सीधे संवाद किया।

**समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा:** बैठक के दौरान सफाई कर्मियों ने अपनी लंबित समस्याओं को महापौर के सामने रखा। इस पर महापौर प्रमिला मेहरा ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निगम कर्मियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि वे बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें। अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि वे नियमित रूप से व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें।

महापौर ने आगामी ईद, चैती छठ और रामनवमी को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र के सभी 36 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान शहर में स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि लोगों को साफ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इसके लिए सभी कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है।

**लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी:** महापौर ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप नगर आयुक्त प्रशांत कुमार लायक, अर्बन प्लानर मंजूर आलम, सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदू देवी देवता और पर्व त्योहार का अपमान कर रहे सीएम, आदित्य साहू का आरोप- राहुल गांधी की राह पर चल रहे हेमंत



**रांची, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा विधानसभा में हिंदू देवी देवताओं, पर्व त्योहारों पर की गई टिप्पणी आपत्तिजनक है। गुरुवार को प्रेस वक्तव्य जारी कर आदित्य साहू ने कहा कि हजारों वर्षों से सनातन संस्कृति विरोधियों ने हमले किए लेकिन उसे मिटाने में सफल नहीं हो सके।

उन्होंने कहा भारत साधु संतों, मठ मंदिरों,यज्ञ हवन पूजा विधानों का देश है जिसपर गुलामी के दौर में भी राष्ट्रविरोधी ताकतों ने हमले किए और आजादी के बाद अब कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों ने इसकी जिम्मेवारी ले ली है। झारखंड भाजपा ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से भी सरकार पर हमला किया है।

कांग्रेस पार्टी ने राम के अस्तित्व को नकार दिया, भगवा आतंक का नारा गढ़ा, त्रिशूल को आतंकवाद से जोड़ा। तुष्टिकरण की चाहत में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी अब राहुल गांधी के नक्शे कदम पर चल रहे।

साहू ने कहा कि बुधवार को विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन हेमंत सोरेन ने जिस प्रकार हिन्दू देवी देवताओं का मजाक बनाया, पूजा पद्धति का उपहास उड़ाया वह अत्यंत निंदनीय है, दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी भी धर्म, सम्प्रदाय का उपहास उड़ाना सत्ता को शोभा नहीं देता।

साहू कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी समय-समय पर सपरिवार पूजा पाठ करते हैं। लेकिन वोट बैंक और तुष्टीकरण की मानसिकता, सत्ता की लालच ने उन्हें दोहरा चरित्र का नेता बना दिया। उनकी भाषा बदल दी।

उन्होंने कहा कि हिम्मत है तो मुख्यमंत्री अन्य धर्मों की मान्यताओं, उनके पूजा पद्धतियों को अपमानित करके देख लें। कभी मूर्ति का आकार छोटा करने, कभी रामनवमी का झंडा छोटा करने, कभी डीजे नहीं बजाने का आदेश निर्गत कर हेमंत सरकार ने पहले ही अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित प्रदेश के अन्य भाजपा नेता भी बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में हेमंत के वक्तव्य को मुद्दा बना कर झामुमो व प्रदेश सरकार पर आक्रामक दिख रहे हैं। वहीं जेएएम समर्थक इसे निर्रथ मुद्दा बता रहे हैं। उनका कहना है, हेमंत राज्य के विकास में निरंतर कार्यरत है।

### रांची-लोहरदगा रूट की तमाम ट्रेनें मार्च के अंत तक पटरी पर लौटेंगी, कोयल पर ब्रिज की मरम्मत अंतिम चरण में



**रांची, एजेंसी।** रांची और लोहरदगा के बीच ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। ढाई महीने से प्रभावित रांची-लोहरदगा रेलखंड पर मार्च माह के अंत तक ट्रेनों का परिचालन फिर से सामान्य होने की उम्मीद है। भारतीय रेल ने कोयल नदी पर बने रेलवे पुल की मरम्मत का काम तेज कर दिया है और इसे अंतिम चरण में बताया जा रहा है। पुल के पिलरों में दरार आने के कारण रेलवे ने सुरक्षा के मद्देनजर इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन लोहरदगा और टोरी तक रोक दिया था। इसके बाद कई ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से चलाया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त दूरी और समय का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार लोहरदगा और ईरगांव रेलवे स्टेशन के बीच स्थित कोयल नदी रेलवे पुल के पिलरों में दरार पाई गई थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने तत्काल इस मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया।

मरम्मत कार्य के दौरान पुल के पिलर संख्या चार और छह के बीच पहले जहां 12 मीटर का गार्डर था, वहां अब 24 मीटर का स्टील गार्डर लगाया गया है।

साथ ही पिलर संख्या पांच को हटा दिया गया है, ताकि पुल पर पड़ने वाले भार को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। रेलवे के अनुसार स्टील गार्डर हल्का होने के कारण संरचना पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा। बाद में पिलर को स्थायी रूप से तैयार कर लिया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस, रांची-नई दिल्ली राजधानी, चोपन-रांची एक्सप्रेस, सासाराम-रांची एक्सप्रेस तथा अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों को निर्धारित मार्ग के स्थान पर बरकाकाना और अन्य स्टेशनों से होकर चलाया जा रहा है।

## झारखंड होमगार्ड को मिलेगा 70 करोड़ का बूस्ट, हजारीबाग में बनेगा 450 बेड का महिला बैरक और परेड ग्राउंड

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार गृह रक्षा वाहिनी के सुदृढ़ीकरण को लेकर आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू करने जा रही है। जर्जर भवनों, अधिकारियों व गृह रक्षकों के रहने आदि की व्यवस्था के लिए सरकार की कई योजनाएं प्रस्तावित है।

करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से राज्य सरकार गृह रक्षा वाहिनी का सुदृढ़ीकरण करने जा रही है। हजारीबाग में गृह रक्षकों के प्रशिक्षण केंद्र में 450 बेड का महिला बैरक बनेगा और वहां परेड ग्राउंड का भी निर्माण होगा। तैयारियां पूरी है। योजनाएं धरातल पर उतारने की तैयारी है।

मिली जानकारी के अनुसार पांच जिले साहिबगंज, लोहरदगा, रामगढ़, जमशेदपुर व पाकुड़ जिले में जिला समादेष्टा आवास एवं यूएस क्वार्टर का निर्माण होना है। इसके अलावा जमशेदपुर, लोहरदगा में प्रशासनिक भवन बनाया जाना है।

इसके अलावा विभिन्न गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय में आवासीय, गैर आवासीय भवनों, बैरक, मैगजीन भवन, गेस्ट हाउस आदि की मरम्मति का कार्य होगा।



राज्य में गृह रक्षक वर्तमान में बुनियादी सुविधाओं की समस्या झेल रहे हैं। खासकर महिला गृह रक्षकों के आवासन व अन्य सुविधाओं का अभाव है, जिसे देखते हुए ही यह व्यवस्था की जा रही है। अब गृह रक्षकों पर सरकार का पूरा ध्यान भी है। उन्हें काम भी दिया जा रहा है। राज्य सरकार के संस्थाओं में निजी सुरक्षा एजेंसी के स्थान पर गृह रक्षकों की तैनाती कर उन्हें काम दिया जा रहा है, ताकि उन्हें काम मिलेगा तो उस अनुरूप उन्हें मानदेय भी मिलेगा।

इतना ही नहीं, राज्य में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए सिपाहियों की कमी के चलते यातायात सिपाही के स्थान पर गृह रक्षकों को तैनात किया गया है।

राज्य में होने वाले सभी पर्व, त्योहार, चुनाव आदि में भ गृह रक्षकों की तैनाती की जा रही है। हाल में राज्य में नगर निकाय चुनाव व होली आदि के दौरान राज्य में गृह रक्षकों को तैनात किया गया था। अब राज्य सरकार भी चाहती है कि राज्य में विधि व्यवस्था ड्यूटी में केंद्रीय बलों की आवश्यकता न पड़े।

इसके पीछे उद्देश्य यही है कि केंद्रीय बल पर जो खर्च आएगा, उससे कम खर्च में गृह रक्षकों से काम हो सकेगा। इससे यह होगा कि राज्य की विधि व्यवस्था को भी संभाला जा सकेगा और गृह रक्षकों को काम मिलेगा तो उसके बदले उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। यही वजह है कि उनकी बुनियादी सुविधाओं के प्रति सरकार ने पूर्व की तुलना में अधिक ध्यान देना शुरू कर दिया है।

### धनबाद में दो दुकानें जलकर राखः लाखों का नुकसान



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के तेतुलमारी थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के पास देर रात आग लगने से दो दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। यह घटना रात करीब 2 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग सबसे पहले एक चाय और सब्जी की दुकान में लगी। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और पास की पंचर दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

**जनप्रतिनिधियों की मदद से पानी के टैंकर बुलाए गए :** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। जनप्रतिनिधियों की मदद से पानी के टैंकर बुलाए गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक दोनों दुकानों का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इस घटना में लगभग 3 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। राहत की बात यह रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई।

फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चला है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## पाकुड़ के मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र में तीसरी बार चोरी

### ताला तोड़कर हजारों के बर्तन चुराए, केंद्र में रोज 300 लोगों का बनता है खाना

**पाकुड़, एजेंसी।** पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के मालपहाड़ी रोड स्थित मुख्यमंत्री दाल भात योजना केंद्र में तीसरी बार चोरी की घटना सामने आई है। शुक्रवार सुबह अज्ञात चोरों ने केंद्र का ताला तोड़कर लगभग 20 से 30 हजार रुपए मूल्य के बर्तन चुरा लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केंद्र की संचालिका टुकु सरकार को शुक्रवार सुबह केंद्र खोलने पर चोरी का पता चला। चोरों ने मुख्य दरवाजे के ताले तोड़कर अंदर रखे खाना बनाने के डेग, खाने की थालियां, कल्छुल, कड़ाही, चम्मच और ग्लास सहित अन्य बर्तन चुरा लिए। चोरी की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। यह केंद्र राज्य सरकार द्वारा गरीबों को मात्र 5 रुपए में भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है। स्थानीय लोगों ने गरीबों के लिए संचालित होने वाले इस केंद्र में बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है।



**पहले भी दो बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं:** संचालिका टुकु सरकार ने बताया कि यह तीसरी बार है, जब केंद्र में चोरी हुई है। इससे पहले भी दो बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। इस बार लगभग 20 से 30 हजार रुपए मूल्य के बर्तन चोरी हुए हैं।

टुकु सरकार के अनुसार, केंद्र में प्रतिदिन लगभग 300 लोगों को भोजन कराया जाता है। चोरी की घटना के बाद केंद्र का संचालन जारी रखना काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। संचालिका ने यह भी बताया कि जिस भवन में केंद्र संचालित है, वह काफी जर्जर अवस्था में है। इस संबंध में प्रशासन को कई बार लिखित जानकारी दी गई है, लेकिन भवन की मरम्मत अभी तक नहीं हो पाई है। इस केंद्र की निगरानी आपूर्ति विभाग द्वारा की जाती है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, स्थानीय लोगों ने नगर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

## 25 को चलेगी रांची-आनंद विहार टर्मिनल अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन, गोरखपुर स्पेशल सहित कई ट्रेनें रद

**रांची, एजेंसी।** ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 02887/02888 रांची - आनंद विहार टर्मिनल - रांची अतिरिक्त होली स्पेशल का परिचालन होगा। 02887 रांची - आनंद विहार टर्मिनल अतिरिक्त होली स्पेशल 25 मार्च को रांची से प्रस्थान करेगी।

ट्रेन का रांची प्रस्थान 16:25 बजे, मेसरा आगमन 16:48 बजे प्रस्थान 16:50 बजे, बरकाकाना आगमन 17:42 बजे प्रस्थान 17:45 बजे, टोरी आगमन 19:43 बजे प्रस्थान 19:45 बजे, गढ़वा रोड आगमन 22:45 बजे प्रस्थान 22:50 बजे, चुनार आगमन 03:30 बजे प्रस्थान 03:35 बजे, गोविंदपुरी (कानपुर) आगमन 08:40 बजे प्रस्थान 08:45 बजे एवं आनंद विहार टर्मिनल आगमन 18:00 बजे होगा।



ट्रेन का आनंद विहार टर्मिनल प्रस्थान 19:30 बजे, गोविंदपुरी (कानपुर) आगमन 02:30 बजे प्रस्थान 02:35 बजे, चुनार आगमन 07:50 बजे प्रस्थान 07:55 बजे, गढ़वा रोड आगमन 14:00 बजे प्रस्थान 14:05 बजे, टोरी आगमन 15:58 बजे प्रस्थान 16:00 बजे, बरकाकाना आगमन 17:30 बजे प्रस्थान 17:33 बजे, मेसरा आगमन 18:28 बजे प्रस्थान 18:30 बजे एवं रांची आगमन 19:10 बजे होगा।

इस ट्रेन में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 02 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 16 कोच, वातानुकूलित 3-टियर का 01 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर का 01 कोच, कुल 22 कोच होंगे।

तकनीकी बाधाओं के कारण रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ स्पेशल ट्रेनें रद रहेंगी। 08105 रांची - झंझारपुर होली स्पेशल 23 मार्च एवं 30 मार्च को, 08106 झंझारपुर - रांची होली स्पेशल 24 मार्च एवं 31 मार्च को, 08629 रांची - गोरखपुर होली स्पेशल 23 मार्च एवं 30 मार्च को और 08630 गोरखपुर - रांची होली स्पेशल 25 मार्च एवं एक अप्रैल को रद रहेगी।

### झारखंड पात्रता परीक्षा अब 26 अप्रैल को, सहायक प्राध्यापक नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त

**रांची, एजेंसी।** राज्य के विश्वविद्यालयों व कालेजों में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति के लिए अर्हता तय करने को लेकर आयोजित होनेवाली झारखंड पात्रता परीक्षा (जेट) अब 26 अप्रैल को होगी।

झारखंड लोक सेवा आयोग ने पूर्व में इस परीक्षा की संभावित तिथि 29 मार्च घोषित की थी, लेकिन यह परीक्षा इस तिथि को नहीं हो सकेगी। आयोग ने संबंधित जिलों के उपायुक्तों को इसकी जानकारी देते हुए नए सिरे से केंद्रों की सूची मांगी है।

आयोग के उपसचिव ने उपायुक्तों को अपरिहार्य कारणों से 29 मार्च की होनेवाली परीक्षा स्थगित किए जाने तथा अब यह परीक्षा 26 अप्रैल को आयोजित किए जाने की जानकारी देते हुए पत्र भेजा है। हालांकि आयोग की ओर से इसकी जानकारी अभी तक अपनी वेबसाइट के माध्यम से अभ्यर्थियों को नहीं दी गई है। बताते चलें कि इसी परीक्षा के माध्यम से इस बार पीएचडी में भी नामांकन होना है। यह परीक्षा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक बनने के साथ-साथ पीएचडी में नामांकन के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## सरहुल 2026: 'केकड़ा पकड़ाई' और 'जल रखाई' के साथ प्रकृति पर्व का आगाज, भक्ति के रंग में डूबी रांची

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सबसे बड़े प्रकृति पर्व 'सरहुल' की शुरुआत आज यानी शुक्रवार से हो रही है। राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया को होने वाली परंपराओं के साथ आज शाम सरना स्थलों पर विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे।

सिरमटोली सरना स्थलः यहां विशेष तैयारी की गई है। पूरे परिसर की सफाई कर उसे पारंपरिक पेंटिंग और लोक नृत्यों की कलाकृतियों से सजाया गया है। प्रमुख मार्ग: हातमा कचहरी रोड से लेकर सुजाता चौक और सिरमटोली तक का मार्ग दूधिया रोशनी में नहाया हुआ है।

स्वागत मंचः अल्बर्ट एक्का चौक पर विभिन्न 'खोड़हा दलों' के स्वागत के लिए भव्य स्टेज बनाए गए हैं, जहाँ पुष्प वर्षा के साथ श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया जाएगा। सरहुल का मुख्य आकर्षण शनिवार को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा होगी। राजधानी के 298 विभिन्न सरना स्थलों से श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते मुख्य शोभायात्रा में शामिल होंगे। खोड़हा दलों की थाप और मांदर की गूंज से पूरा शहर गुंजायमान रहेगा।



राजधानी रांची में 20 से 22 मार्च तक प्रकृति 2026 अखिल भारतीय बसंत कला शिविर का आयोजन किया जाएगा। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड की ओर से आयोजित यह तीन दिवसीय कार्यक्रम जैप परिसर स्थित शौर्य सभागार में होगा। इसमें देशभर के कलाकार शामिल होकर अपनी कला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश देंगे। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम बैक टू नेचर : प्रकृति की ओर लौटें, रखी गई है। इसका उद्देश्य लोगों को प्रकृति के महत्व से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कलाकार जंगल, जल, जैव विविधता जैसे विषयों को अपनी कृतियों में उकेरेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लाइव पेंटिंग होगा, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए कलाकार मौके पर ही चित्र बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। यह पहल कला के माध्यम से लोगों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में अहम मानी जा रही है। यह शिविर वर्ल्ड स्पैरो डे, इंटरनेशनल डे आफ फारेस्ट्स और वर्ल्ड वाटर डे के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया है। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों के साथ संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा, जो जमीनी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।



# गोलमाल 5 में अक्षय कुमार की एंट्री

निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपने फैंस को एक बड़ा तोहफा दिया है। निर्देशक ने अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। इसकी घोषणा करते हुए रोहित ने एक लंबा नोट लिखा है, साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। सबसे खास बात ये है कि इस वीडियो में मेकर्स ने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज भी दिया है।

## अक्षय कुमार की हुई फिल्म में नई एंट्री

'गोलमाल 5' में असल सरप्राइज शरमन जोशी नहीं बल्कि अक्षय कुमार हैं। जी हां, गोलमाल फ्रेंचाइज में अब अक्षय कुमार की भी एंट्री हो गई है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए। अक्षय कुमार की एंट्री और शरमन जोशी की वापसी के बाद अब गोलमाल 5 के और भी रोचक होने की उम्मीद है।

## शरमन जोशी की हुई वापसी



रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में फिल्म की प्रमुख कास्ट नजर आ रही है, जिसमें अजय देवगन, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और कुणाल खेमू नजर आ रहे हैं। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। वीडियो के अंत में जब पूरी कास्ट एक साथ होती है, तो अजय देवगन एक सरप्राइज की बात करते हैं, तभी पहली गोलमाल 'गोलमाल फन अनलिमिटेड' का हिस्सा रहे शरमन जोशी की एंट्री होती है। सभी को लगता है कि वो ही इस बार का सरप्राइज हैं। लेकिन ऐसा नहीं है।



# शादी के बाद काम पर लौटीं रश्मिका मंदाना, शुरू की अगली फिल्म की शूटिंग

**विजय देवकरोंडा से शादी के बाद रश्मिका मंदाना अब काम पर लौट आई हैं। उन्हें हाल ही में फिल्म के सेट पर देखा गया। रश्मिका ने फिल्म 'मैसा' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म के निर्देशक रविन्द्र पुले ने यह जानकारी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा की है।**

रश्मिका मंदाना कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं। इनमें फिल्म 'मैसा' भी शामिल है। रश्मिका मंदाना ने शादी के बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। डायरेक्टर रविंद्र पुले ने आज मंगलवार को इंस्टाग्राम स्टोरी से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने सेट से फोटो शेयर करते हुए रश्मिका को टैग किया है। साथ ही कैप्शन लिखा है, 'मैसा'। शुरुआत हो गई है'।

## उदयपुर में हुई रश्मिका विजय की शादी

निर्देशक रविंद्र पुले ने जो तस्वीर शेयर की है, उसमें जंगलनुमा एरिया नजर आ रहा है। कास्ट और क्रू के सदस्य दिख रहे हैं। हालांकि, रश्मिका मंदाना नजर नहीं आ रही हैं। रविंद्र ने एक अन्य फोटो भी साझा की है, जिसमें वे खुद सेट पर दिख रहे हैं। बता दें कि रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को विजय देवरकोंडा से उदयपुर में शादी रचाई।

## रश्मिका की आगामी फिल्में

रश्मिका मंदाना आने वाले वक्त में कई फिल्मों में नजर आएंगी। इनमें 'कॉकटेल 2', 'रणबाली', 'एनिमल पार्क', 'पुष्पा 3' और 'मैसा' के नाम शामिल हैं। फिल्म 'रणबाली' में रश्मिका को उनके एक्टर पति विजय देवरकोंडा के साथ देखा जाएगा। बात करें फिल्म 'मैसा' की तो इसमें रश्मिका बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आएंगी। 27 जून 2025 को इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें रश्मिका को दमदार अंदाज में देखा गया था।

# क्या 'सरकार 4' में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक बच्चन?


## निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने किया बड़ा खुलासा

हाल ही में फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने 'सरकार 4' का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि वो इस पर काम कर रहे हैं। निर्देशक ने बताया था कि इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू होने वाली है। अब उन्होंने इसकी कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है।
फिल्म की कास्ट पर क्या बोले राम गोपाल वर्मा?
एक इंटरव्यू में राम गोपाल वर्मा ने बताया कि सरकार 4 की स्क्रिप्ट पर काम हो चुका है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट' मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

## 'सरकार' फ्रेंचाइजी के बारे में

'सरकार' सीरीज की शुरुआत साल 2005 में हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन ने सुभाष नागरे का दमदार किरदार निभाया था। फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन भी नजर आए थे, जिन्होंने इस फिल्म में अमिताभ के बेटे 'शंकर' के किरदार निभाया था। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म 'सरकार राज' 2008 में रिलीज हुई, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन भी अहम भूमिका में थीं। फिर 2017 में 'सरकार 3' आई, जिसमें अमिताभ और अभिषेक के अलावा यामी गौतम, मनोज बाजपेयी और अमित साध जैसे कलाकार दिखाई दिए थे। अब 'सरकार 4' की घोषणा के बाद फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है।









# नवाजुद्दीन ने बॉलीवुड में 'फेक मूवीज' पर कसा तंज

एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जिन्हें आखिरी बार नेटफ्लिक्स की क्राइम थ्रिलर 'रात अकेली है: बंसल मर्डर्स' में देखा गया था, उन्होंने एक इवेंट में बॉलीवुड पर 'फेक फिल्में' बनाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि सच्चाई जानते हुए, उसके बारे में कोई बोलता नहीं है। लेकिन उस पर फिल्में बनाई जा रही हैं। इस पर लोगों को लग रहा है कि एक्टर ने 'धुरंधर' और 'द केरल स्टोरी' जैसी फिल्मों को निशाना बनाया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक इवेंट में हिस्सा लिया और वहां पर उनसे ईरान-इजराइल युद्ध के बारे में पूछा गया कि मौजूदा हालात को देखते हुए और जिस तरह से फिल्में ऐसे विषयों को स्क्रीन पर ला रही हैं, तो क्या फिल्ममेकर्स के पास भी समाज को गाइड करने की जिम्मेदारी होती है तो एक्टर ने जवाब दिया, 'समाज को गलत दिखा में ले जाने की जरूरत नहीं है। सच्चाई बहुत इम्पॉर्टेंट है और सच्चाई हर इंसान आज की डेट में जानता है। जिस तरह की फिल्में बन रही हैं, उनके पीछे की सच्चाई क्या है, आप जानते हैं लेकिन आप बोलेंगे नहीं।' जब उनसे नैरेटिव-बेस्ड फिल्मों के बारे में पूछा गया तो वह बोले, 'झूठी फिल्में बन रही हैं हमारे यहां। फेक फिल्में बन रही हैं। ये सब जानते हैं। दुनिया में क्या हो रहा है। सब जानते हैं।



# भूमि पेडनेकर ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर की बात

करियर के शुरुआती दिनों में अपने अभिनय से प्रशंसा बटोरने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पिछले काफी वक्त से बड़े पर्दे से दूर हैं। हालांकि, ओटीटी पर उनकी सीरीज 'दलदल' इसी साल रिलीज हुई है। इसे क्रिटिक्स और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई। अब अभिनेत्री ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने 'द रॉयल्स' के बाद लिए अपने ब्रेक के बारे में भी बताया। 'दलदल' को मिली प्रतिक्रिया और ईश्वर के साथ अपने जुड़ाव पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जैसा रिस्पॉन्स मिलना था, वैसा ही मिला।

## युवाओं को दी ईश्वर से संबंध खोजने की सलाह

भूमि ने कहा कि आप जिस भी आस्था में विश्वास करते हैं, जिस भी ऊर्जा में आप विश्वास करते हैं, वह आपको बहुत स्थिर रखता है। युवाओं को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि मेरी सबसे बड़ी सलाह युवाओं को यही है कि ईश्वर के साथ, ब्रह्मांड के साथ अपना संबंध खोजें। जो कुछ भी है उसके साथ बहुत जरूरी है।
इमरान खान के साथ
इमरान खान के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म के बारे में बात करते हुए भूमि ने कहा कि सौभाग्य से मैंने इस ब्रेक से ठीक पहले एक बहुत ही प्यारी फिल्म की शूटिंग की थी। यह आखिरी दिन था जब मैंने तय किया कि ठीक है, अब मैं आगे बढ़ रही हूं।

## कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहीं भूमि

खुद को इमरान खान की फैन बताते हुए भूमि ने कहा कि इमरान के साथ काम करना मेरी ख्वाहिशों में से एक था। मैं उनकी बहुत सारी फिल्मों की फैन रह चुकी हूं। बचपन से ही 'जाने तू या जाने ना', और वह सबके चहेते थे। इसके अलावा भी मैं कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं।



## लीड एक्टर के तौर पर एक दशक बाद वापसी करेंगे इमरान

खबरों के मुताबिक, भूमि और इमरान खान की आने वाली फिल्म का नाम 'अधूरे हम अधूरे तुम' है। इस फिल्म का निर्देशन 'ब्रेक के बाद' के निर्देशक दानिश असलम करेंगे। इसके साथ ही इमरान खान एक दशक बाद बड़े पर्दे पर लीड एक्टर के तौर पर वापसी करेंगे। हालांकि, वो इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' में नजर आए थे। लेकिन इसमें उनका कैमियो ही था।

# मैं एक्टर्स से फिल्म के लिए भीख नहीं मांगता



**वेटरन फिल्ममेकर प्रियदर्शन ने अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ काम करने को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि एक समय उन्होंने अपनी फिल्म हंगामा-2 के लिए कार्तिक आर्यन को अप्रोच किया था, लेकिन एक्टर ने फिल्म करने से मना कर दिया था। इस पर प्रियदर्शन ने कहा कि उन्हें किसी भी अभिनेता से काम के लिए भीख मांगना पसंद नहीं है।**

इंटरव्यू में प्रियदर्शन ने कहा कि कई बार अभिनेता सीधे मना नहीं करते, बल्कि सम्मानपूर्वक बात करके प्रोजेक्ट से दूरी बना लेते हैं। उनके मुताबिक, अगर किसी कलाकार को निर्देशक या स्क्रिप्ट पर भरोसा नहीं है तो वह जबरदस्ती उसे मनाने में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने साफ कहा, 'मैं किसी भी अभिनेता से फिल्म करने के लिए भीख नहीं मांगता। जो मेरे काम पर भरोसा करता है, मैं उसी के साथ काम करता हूं।

## कार्तिक समेत इन स्टार्स ने ठुकराई थी फिल्म

प्रियदर्शन ने खुलासा किया कि हंगामा-2 का कॉन्सेप्ट सिर्फ कार्तिक आर्यन को ही नहीं, बल्कि आयुष्मान खुराना और सिद्धार्थ मल्होत्रा को भी सुनाया गया था। हालांकि तीनों कलाकारों ने यह फिल्म करने से मना कर दिया। इसके बाद प्रियदर्शन ने फिल्म में मिजान जाफरी को लीड रोल में लेकर प्रोजेक्ट पूरा किया। देशक का मानना है कि कई बार कलाकार स्क्रिप्ट या निर्देशक पर भरोसा नहीं कर पाते, इसलिए प्रोजेक्ट से दूर हो जाते हैं। लेकिन वह इस बात को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेते और नए कलाकारों के साथ काम करने को तैयार रहते हैं।



## स्क्रिप्ट के बाद तय करते हैं कास्ट

प्रियदर्शन ने कहा कि वह कभी भी किसी खास अभिनेता को ध्यान में रखकर फिल्म नहीं लिखते। पहले पूरी कहानी और किरदार तैयार करते हैं, उसके बाद तय करते हैं कि कौन-सा कलाकार उस रोल के लिए सबसे फिट रहेगा। उनके मुताबिक, अगर कोई स्टार फिल्म करने से मना कर देता है तो यह इंडस्ट्री का सामान्य हिस्सा है। निर्देशक के तौर पर उनका काम अच्छी कहानी बनाना है, न कि कलाकारों के पीछे भागना।

## जल्द रिलीज होगी 'भूत बंगला'

वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियदर्शन इन दिनों अपनी नई हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में नजर आएंगे और यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। करीब 14 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी एक साथ लौट रही है। फिल्म में कॉमेडी के साथ हॉरर का तड़का देखने को मिलेगा और दर्शकों को इससे काफी उम्मीदें हैं। प्रियदर्शन हिंदी सिनेमा के सबसे सफल कॉमेडी डायरेक्टर्स में गिने जाते हैं। उन्होंने हेरा फेरी, हंगामा, चुप चुप के और भूल भुलैया जैसी कई लोकप्रिय फिल्में बनाई हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लिफ्ट में फंसने से व्यक्ति की मौत

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शुक्रवार तड़के ट्रामा केयर सेंटर की लिफ्ट में फंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की लापरवाही को लेकर तनाव व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे की है। मृतक अस्पताल में भर्ती मरीज का परिजन बताया जा रहा है, जो पांचवीं मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुआ था। अचानक तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट बीच में ही अटक गई। आरोप है कि उस समय लिफ्ट का संचालन करने के लिए कोई ऑपरेटर वहां मौजूद नहीं था, जिसके कारण समय रहते उसे बाहर नहीं निकाला जा सका और लिफ्ट के भीतर ही उसने दम तोड़ दिया। सुबह घटना की खबर फैलते ही मृतक के परिजनों और अन्य मरीजों के रिश्तेदारों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया और सुरक्षा पर सवाल उठाए। स्थिति बिगड़ती देख टाला थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि लिफ्ट में ऑपरेटर की अनुपस्थिति और तकनीकी खराबी के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### गैंगस्टर रवि काना की अग्रिम जमानत याचिका पर होगी सुनवाई

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा की सेक्टर-39 कोतवाली में दर्ज जान से मारने की धमकी देने और पांच करोड़ रंगदारी मांगने के मामले में गैंगस्टर रवि काना की ओर से अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। इस मामले और सेक्टर-63 कोतवाली में दर्ज एक अन्य प्रकरण में जिला अदालत में 25 मार्च को सुनवाई होगी। रवि काना के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता के मुताबिक, सेक्टर-62 निवासी वादी ने सेक्टर-39 में दर्ज कराए मामले में बताया था कि 21 फरवरी की रात एक शादी में शामिल होकर कार से घर लौटते समय रास्ते में बाइक सवार युवकों ने उन्हें मदद मांगने के बहाने रोका था। कार से उतरने पर आरोपियों ने खुद को रवि काना गिरोह का सदस्य बताते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी। मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने घटना का विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। पुलिस विवेचना में सामने आया कि रवि काना गिरोह पहले भी धमकी देकर वसूली कर चुका है। इसके अलावा सेक्टर-63 कोतवाली में दर्ज रंगदारी के एक अन्य मामले में भी रवि काना की अग्रिम जमानत को लेकर सुनवाई होनी है।

### गाजियाबाद में नगर निगम ने संभाली हरनंदी नदी की कमान

**साहिबाबाद (गाजियाबाद), एजेंसी।** नगर निगम द्वारा हरनंदी नदी में जलकुंभी हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सिटी फारेस्ट से लेकर इंदिरापुरम एनएच नौ तक करीब नौ किलोमीटर तक हरनंदी नदी में जलकुंभी हटाई जाएगी। नगर निगम जलकल विभाग द्वारा हरनंदी नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए खरपतवार को हटाया जा रहा है। सफाई डीविडर मशीन से सफाई की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि हरनंदी नदी की सफाई का अभियान पहली बार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहा है, जिसमें जलकुंभी हटाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। नदी के किनारे भी सफाई अभियान चलाते हुए कार्य किया जा रहा है। करीब नौ किलोमीटर निगम सीमा में आने वाली हरनंदी नदी के क्षेत्र को पूर्ण रूप से जलकुंभी मुक्त किया जाएगा। जलकुंभी हटाकर हरनंदी नदी कि आक्सीजन को भी बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# हिमाचल में ऑरेंज अलर्ट के बीच बारिश और बर्फबारी, मार्च में दिसंबर जैसी ठंड

**शिमला, एजेंसी।** राजधानी शिमला सहित निचले इलाकों में सुबह से ठंडी हवाओं के साथ बारिश का क्रम जारी है। शिमला शहर व इसके आसपास के क्षेत्रों में गत रात्रि से रूक-रूक कर वर्षा हो रही है। जबकि मनाली, केलंग और लाहुल-स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। दर्रों में पिछले चार दिनों से हिमपात होने का क्रम बना हुआ है और तीन फीट से अधिक हिमपात हो चुका है। मनाली व इसके आसपास सोलंगनाला में सुबह से हिमपात हो रहा है, जबकि मनाली के निचले हिस्सों में गत रोज से वर्षा हो रही है। अटल टनल और उसके आसपास के इलाकों में भी बर्फ गिरने का सिलसिला जारी है, जिसके चलते सोलंगनाला से आगे वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। वर्षा व हिमपात से कई जगहों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है। चंबा जिले में लगातार बारिश और ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी के कारण पठानकोट-चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग और पांगी वाया साच-पास समेत कई सड़कें बंद हो गई हैं। करीब 30 बिजली ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े हैं। किन्नौर में मालिंग नाला के पास भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-5 अवरुद्ध हो गया है।

किन्नौर, लाहुल-स्पीति व शिमला, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा जिलों के ऊंचाई वाले स्थानों में एक-दो स्थानों पर भारी हिमपात होने और इन जिलों के साथ मंडी जिला के निचले क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में मौसम ने मार्च के महीने में दिसंबर जैसी सर्दी का अहसास करा दिया है।

राज्य के कई हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में लगातार बर्फबारी हो रही है, जबकि बीती रात कई स्थानों पर तेज आंधी भी चली। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए भारी वर्षा, बर्फबारी, ओलावृष्टि व तूफान चलने का आरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।



बर्फबारी के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीती रात लाहुल-स्पीति जिला के गोंदला में 13 सेंटीमीटर, केलंग में 12 सेंटीमीटर, कुकुमसेरी में 11.4 सेंटीमीटर, हंसा में 10 सेंटीमीटर, किन्नौर के सांगला में 1.4 सेंटीमीटर और कल्पा में 0.4 सेंटीमीटर बर्फ दर्ज की गई है। वहीं, बारिश की बात करें तो मनाली में 57 मिमी, सराहन में 32.5 मिमी, सियोबाग में 32.4 मिमी, जोगिंदरनगर में 10 मिमी, धर्मशाला में 15.3 मिमी, शिमला में 16 मिमी, ऊना में 8.4 मिमी, सुंदरनगर में 8.0 मिमी व हमीरपुर के नेरी में 16.5 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। शिमला में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री की गिरावट के साथ 7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। राज्य का औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल येलो अलर्ट के साथ खराब मौसम बना रहेगा। 21 और 22 मार्च को भी मौसम खराब रहेगा, लेकिन कोई अलर्ट नहीं है। 23 मार्च को फिर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके बाद 24 और 25 मार्च को भी मौसम खराब रहने का अनुमान है, हालांकि इन दिनों के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

### पंजाब में बारिश से बदला मौसम, मार्च में फिर लौटी ठंड; ऑरेंज अलर्ट जारी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** शहर में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। वीरवार सुबह से लगातार हुई बारिश के चलते ट्राईसिटी में ठंडक बढ़ गई और लोगों को मार्च के महीने में एक बार फिर हल्की सर्दी का अहसास हुआ। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश और ठंडी हवाओं के कारण शहर के अधिकतम तापमान में करीब 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री और न्यूनतम 14.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। खास बात यह रही कि दिन और रात के तापमान में केवल 6 डिग्री का अंतर रहा, जो सामान्य से कम है। पिछले 24 घंटों में शहर में 4.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए चंडीगढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि आज भी शहर में बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसके साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और जरूरी होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी है।

## भूखंड बेचने के नाम पर युवक से 91 लाख रुपये की ठगी

### ग्रेटर नोएडा में मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** कोर्ट के आदेश पर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने भूखंड बेचने के नाम




पर युवक से धोखाधड़ी कर 91 लाख रुपये ठगने वाले आरोपी मां-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपियों ने बैनामा नहीं किया, धनराशि वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। गाजियाबाद के ग्राम हरौला निवासी संजीव की भूखंड की खरीदारी के संबंध में वर्ष 2015 में बीटा दो स्थित दानबीर के कार्यालय पर थानसिंह और उनकी मां रामकली से मुलाकात हुई थी। मां-बेटे ने बताया कि ग्राम अटौर में सड़क के किनारे की जमीन बेचना चाहते हैं। कार्यालय में ही 2.61 लाख रुपये में भूखंड का सौदा तय हुआ। अलग-अलग तारीखों में विभिन्न माध्यमों से पीड़ित ने आरोपियों को 91 लाख रुपये भुगतान कर दिए। इसके बाद भूखंड के इकरारनामा का निस्तारण कराने की बात कही। इसके बाद आरोपी लगातार टाल मटोल करते रहे। पीड़ित ने बीच में पंचायत के माध्यम से समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया। बैनामा नहीं होने पर परेशान होकर पीड़ित ने जून 2025 में रुपए वापस मांगे तो आरोपितों ने जानमाल की धमकी दी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने थान सिंह और उनकी मां रामकली के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैफिक का 'ब्लैकआउट': प्रीपेड मीटर का बैलेंस निगेटिव होते ही चौराहों के सिग्नल- कैमरे हुए ठप

**गाजियाबाद, एजेंसी।** शहर के अधिकांश ट्रैफिक सिग्नल और आइटीएमएस कैमरों की बिजली की लाइन कट गई है। इससे ट्रैफिक सिग्नल बंद हो गए और कैमरों की लाइव फीड भी बंद हो गई। शहर में



सिर्फ तीन-चार स्थानों पर ही सिग्नल चालू रहे। यातायात पुलिस का कहना है कि प्रीपेड बिजली मीटर होने के कारण निगेटिव बैलेंस होने पर धीरे-धीरे अधिकांश चौराहे-तिराहों पर ट्रैफिक सिग्नल और कैमरों की बिजली कटनी शुरू हो गई। बुधवार को भी कुछ स्थानों पर बिजली गुल हुई इसके बाद बृहस्पतिवार दोपहर तक अधिकांश स्थानों पर सिग्नल बंद हो गए। यातायातकर्मियों ने प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक संचालित किया। इंटीग्रेटिड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत नगर निगम ने शहर के 57 प्रमुख चौराहों और मार्गों पर 870 कैमरे लगवाए हैं। इनमें से 377 कैमरों को चालान प्रणाली से जोड़ा गया है। एक फरवरी से इन कैमरों के जरिए चालान करने शुरू भी कर दिए गए। बृहस्पतिवार को अधिकांश स्थानों पर लगे कैमरे और सिग्नल बंद हो गए। सिर्फ चौधरी मोड़ और चिरंजीव विहार समेत सिर्फ तीन-चार अन्य जगह लगे सिग्नल ही चले। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर होने की वजह से बिजली कट गई है। नगर निगम अधिकारियों से बात कर शीघ्र बिजली बहाल कराई जा रही है। हालांकि बृहस्पतिवार शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। यातायातकर्मियों ने हापुड़ चुंगी चौराहा, मोहन नगर, बुद्ध चौक, डाबर तिराहा, हापपुड़ तिराहा समेत अन्य तिराहे-चौराहों पर यातायात संचालित किया।

## पंजाब में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए कटे 3,495 पेड़, हाई कोर्ट ने एनएचएआई से मांगा स्पष्ट रोडमैप

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए हजारों पेड़ों की कटाई के मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से विस्तृत जानकारी मांगी है। अदालत ने कहा कि पंजाब जैसे राज्य में, जहां हरित क्षेत्र पहले से ही सीमित है, 3,495 पेड़ों की कटाई को हल्के में नहीं लिया जा सकता। सुनवाई के दौरान एनएचएआई के वकील ने बताया कि पटियाला बाईपास को फोरलेन और जीरकपुर बाईपास को छह लेन बनाने के लिए पेड़ काटे जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि इन परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि और पेड़ों का पूरा विवरण अतिरिक्त हलफनामे के साथ प्रस्तुत किया गया है, जिसमें साइट की तस्वीरें और गूगल इमेज भी शामिल हैं। एनएचएआइ ने दावा किया कि जिन 3,495 पेड़ों को काटा जाना है, उनके बदले में 20,667 पेड़ राज्य सरकार को सौंपे जा चुके हैं। इसके अलावा, लगभग 3.25 हेक्टेयर और 17.57 हेक्टेयर भूमि भी प्रतिपूरक वनीकरण के लिए दी गई है। परियोजनाओं के लिए करीब सात करोड़ रुपये का मुआवजा भी राज्य को जमा कराया गया है। हालांकि, अदालत ने इस दावे पर संतोष व्यक्त नहीं किया। कोर्ट ने विशेष रूप से उस गूगल इमेज पर सवाल उठाए जिसमें प्रतिपूरक




भूमि दिखाई गई थी। अदालत ने कहा कि इमेज में दो सड़कें और एक नहर नजर आ रही है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि दी गई भूमि का उपयोग किस प्रकार किया जाएगा। कोर्ट ने यह भी पूछा कि जिस भूमि को प्रतिपूरक वनीकरण के लिए दिखाया जा रहा है, क्या वहां पहले भी पेड़ों की कटाई हो चुकी है। यदि ऐसा है, तो उसी भूमि को दोबारा प्रतिपूरक वनीकरण के रूप में कैसे स्वीकार किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की कि 3,500 पेड़ कोई छोटी संख्या नहीं है, और पंजाब में केवल 3-4 प्रतिशत हरित क्षेत्र होने के कारण पर्यावरणीय संतुलन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अदालत ने एनएचएआई को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई में अधिक स्पष्ट और विस्तृत गूगल इमेज तथा भूमि संबंधी पूरी जानकारी प्रस्तुत करे। अब इस मामले की अगली सुनवाई में यह तय होगा कि परियोजनाओं को पेड़ों की कटाई की अनुमति दी जाए या पर्यावरणीय पहलुओं को देखते हुए कोई सख्त शर्तें लागू की जाएं।

## गुरुग्राम में पति ने नर्स को दिया जहर का इंजेक्शन; 4 महीने पहले हुई थी लव मैरिज

**गुरुग्राम, एजेंसी।** चार महीने पहले प्रेम विवाह करने वाली एक महिला की बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायकेवालों ने पति पर दहेज के कारण प्रताड़ित करने और जहरीला इंजेक्शन लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया। शिकायत के आधार पर सेक्टर 93 चौकी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। आरोपित फिलहाल फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। मृत महिला की पहचान गुरुग्राम के साढ़राणा गांव की रहने वाली 23 वर्षीय काजल के रूप में की गई। बताया जाता है कि चार महीने पहले काजल गुरुग्राम के निजी अस्पताल में नर्स के रूप में काम करती थीं। उसी अस्पताल में गाजियाबाद का युवक अरुण शर्मा एक्सरे करता था। दोनों में प्रेम संबंध हो गए। नवंबर 2025 में परिवारवालों की रजामंदी के बाद शादी हो गई। होली तक दोनों बसई गांव में किराये से रहते थे। इसके बाद काजल पति के साथ मायके में रहने चली गई। काजल के भाई गुरदीप ने अरुण पर बार-बार पैसे मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। यह भी कहा कि अरुण नशा करने का आदी था। उसने कुछ समय पहले नौकरी भी छोड़ दी थी। बुधवार सुबह अरुण और काजल में झगड़ा हुआ। शाम को अचानक काजल की तबीयत बिगड़ गई। नाक से खून आ रहा था। परिवार के लोग काजल को निजी अस्पताल ले गए। वहां से उन्हें नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में काजल को मृत अवस्था में छोड़कर अरुण वहां से फरार हो गया। गुरदीप ने बताया कि काजल के कमरे के बाथरूम से इंजेक्शन और सिरिंज बरामद किया गया। अरुण पर जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या करने आरोप लगाया गया। सेक्टर 93 चौकी पुलिस को मामले में शिकायत दी गई।

# कांग्रेस उम्मीदवार प्रतीक बोरदोलोई ने उम्मीदवारी वापस ली

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। मार्गेरिटा विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रतीक बोरदोलोई ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। उन्होंने यह कदम अपने पिता और कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रद्युत बोरदोलोई के पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद उठाया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में प्रतीक बोरदोलोई ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उनका कहना है कि पिता के कांग्रेस छोड़ने के बाद, उनका मैदान में डटे रहना जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी निष्ठा को लेकर असमंजस पैदा करेगा।

प्रतीक ने अपने पत्र में उम्मीदवारी वापस लेने का कारण बताते हुए लिखा, 'पार्टी के प्रति अत्यंत सम्मान और गहरी जिम्मेदारी की भावना के साथ, मैं मार्गेरिटा विधानसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के फैसले से अवगत कराना चाहता हूं। मेरे पिता के अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने के बाद मेरा उम्मीदवार बने रहना उचित नहीं होगा।' उन्होंने आगे लिखा कि मार्गेरिटा की जनता और अनगिनत समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी उम्मीदवार के प्रति पूर्ण स्पष्टता और विश्वास होना चाहिए। अगर मेरी प्रतिबद्धता को लेकर कोई भी भ्रम पैदा होता है, तो यह उनके साथ अन्याय होगा।

### पार्टी के प्रति वफादारी जारी रहेगी

प्रतीक ने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस के आदर्शों में उनका विश्वास अभी भी अडिग है। उन्होंने कहा कि उनका यह फैसला पार्टी संगठन के प्रति सम्मान और उसके अनुशासन को बनाए रखने की इच्छा से प्रेरित है। पार्टी नेतृत्व जो भी जिम्मेदारी सौंपेगा, वे उस हैसियत से काम करते रहेंगे।

### पिता प्रद्युत बोरदोलोई का कांग्रेस से मोहभंग



प्रतीक का यह फैसला उनके पिता प्रद्युत बोरदोलोई के लोकसभा सीट और कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में जाने के बाद आया है। प्रद्युत ने पार्टी छोड़ने के कई कारण बताए। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर उन्हें लगातार अपमान का सामना करना पड़ रहा था और नेतृत्व की ओर से उन्हें कोई समर्थन नहीं मिल रहा था। प्रद्युत ने असम केंद्रीय चुनाव समिति की एक बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि इमरान मसूद ने एक उम्मीदवार (जिस पर प्रद्युत ने आपराधिक साठगांठ का आरोप लगाया था) के खिलाफ उनके आरोपों को मनगढ़ंत बताकर खारिज कर दिया था। इस घटना से उन्हें गहरी ठेस पहुंची। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उनका इस्तीफा सिर्फ 'टिकट बंटवारे' से जुड़ा नहीं है, बल्कि इसके पीछे 'कई अन्य मुद्दे' हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए टिकट जीवन-मरण का प्रश्न नहीं था... महत्वपूर्ण बात यह थी कि मैं सिर ऊंचा रखकर चल सकूं।

### कांग्रेस के लिए लगातार झटके

प्रद्युत बोरदोलोई का यह कदम असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोराह के भाजपा में शामिल होने के ठीक एक महीने बाद सामने आया है। भूपेन बोरा ने भी तीन दशक तक कांग्रेस की सेवा करने के बाद पार्टी का साथ छोड़ दिया था। चुनाव आयोग की रविवार को की गई घोषणा के अनुसार, असम की सभी 126 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव 9 अप्रैल को एक ही चरण में होगा और मतगणना यानी नतीजे 4 मई को आएंगे।

# गुरुग्राम के वीआइपी सेक्टर-56 में बदहाल सुविधाएं, सीवर ओवरफ्लो से लोग परेशान

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के सबसे महंगे और वीआइपी माने जाने वाले सेक्टरों में शामिल सेक्टर-56 के निवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इलाके में सीवर ओवरफ्लो, टूटी सड़कों, खराब सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। कई स्थानों पर सीवर का पानी सड़कों पर भरा रहता है, जिससे बदबू फैल रही है और लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। सेक्टर-56 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के प्लाट के साथ-साथ कई बड़ी और आलीशान सोसायटियां भी स्थित हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर स्थिति बदहाल है। सीवर लाइन की नियमित सफाई नहीं होने के कारण कई जगह सीवर ओवरफ्लो हो रहा है और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। निवासियों का कहना है कि कई वर्षों से नगर निगम को शिकायतें दी जा रही हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। सड़कों की हालत भी बेहद खराब है। सेक्टर की कई सड़कें



जर्जर हो चुकी हैं, जिससे धूल उड़ती रहती है और प्रदूषण बढ़ता है। कई जगह पानी की पाइपलाइन भी टूटी हुई है, जिससे पेयजल सड़कों पर बहता रहता है। नियमित सफाई नहीं होने से भी सेक्टर की स्थिति और खराब होती जा रही है। सीवर लाइन की सफाई के लिए कई बार कनिष्ठ अभियंता से लेकर कार्यकारी अभियंता तक शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। जर्जर सड़कों से उड़ने वाली धूल भी प्रदूषण बढ़ा रही है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। सेक्टर में कई जगह सड़कों पर सीवर का पानी भरा रहता है। इससे बदबू फैलती है और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। लोगों के लिए सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो गया है। पूरे सेक्टर की सीवर लाइन की डी-सिल्टिंग कराना ही समस्या का स्थायी समाधान है। कई वर्ष से सीवर लाइन की सफाई नहीं हुई है। जब तक पूरी लाइन की डी-सिल्टिंग नहीं होगी।




ऑस्ट्रेलिया में पहले राउंड के बाद

# दीक्षा संयुक्त आठवें स्थान पर

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** पार-71 सैंक्चुअरी कोव गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हो रही ऑस्ट्रेलियन डब्ल्यूपीजीए चैंपियनशिप के पहले राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर सबसे आगे रहीं। उन्होंने 4-अंडर 67 का मजबूत शुरुआती राउंड खेला और लीडरबोर्ड पर संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर रहीं। वह लीडर केल्सी मैकडॉनल्ड (64) से चार शॉट पीछे हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती राउंड के साथ एक नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया है। हिताशी बख्शी का शुरुआती राउंड भी काफी अच्छा रहा; उन्होंने 2-अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपने हफ्ते की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (72) और वाणी कपूर (73) हैं, जिनके लिए हफ़्ते की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही। उन्होंने क्रमशः 1-ओवर 72 और 2-ओवर 73 का स्कोर किया। वे अभी संयुक्त-68 और संयुक्त -81 स्थान पर हैं। दीक्षा का दिन बोगी-मुक्त रहा। उन्होंने अपने राउंड की शुरुआत नौवें होल से की, जहाँ से 'बैक नाइन( अंतिम नौ होल) शुरू होते हैं। उन्होंने दसवें होल पर बर्डी बनाई, और फिर 'फ्रंट नाइन (शुरुआती नौ होल) पर तीन और बर्डी बनाकर दिन का समापन 4-अंडर पार स्कोर के साथ किया। दो बार की एलईटी विजेता दीक्षा अब संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर हैं। हिताशी बख्शी (69), जो एलईटी पर तीन मुश्किल हफ़्तों के बाद अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाह रही हैं, ने 'फ्रंट नाइन' से शुरुआत की। चौथे, छठे और नौवें होल पर बर्डी बनाने के बावजूद, उन्होंने 'फ्रंट नाइन' पर 'इवन पार' (बराबर का स्कोर) खेला। उन्होंने पांचवें होल पर एक बोगी और आठवें होल पर एक 'डबल बोगी' बनाकर तीन शॉट गंवा दिए।

21 वर्षीय हिताशी ने 12वें और 18वें होल पर दो और बर्डी बनाई और दिन का समापन 2-अंडर पार स्कोर के साथ करते हुए खुद को संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर पहुंचा दिया। केल्सी मैकडॉनल्ड ने शुरुआती राउंड में 7-अंडर 64 का नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया और एक स्ट्रोक की बढ़त के साथ सबसे आगे चल रही हैं। स्थानीय स्टार हन्ना ग्रीन दूसरे स्थान पर हैं और इंग्लैंड की शार्लेट हीथ के साथ मिलकर लीडर से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे हैं। ग्रीन बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रही हैं; उन्होंने पिछले हफ्ते ही एडिलेड में जीत हासिल की थी, और उससे ठीक दो हफ्ते पहले सिंगापुर में अपना सातवां एलपीजी खिताब जीता था।

## तेंदुलकर और लारा जैसे दिग्गज क्रिकेटर दिखेंगे मैदान में

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक खेले जाएंगे




**मुंबई (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, युवराज सिंह, शेन वाटसन, क्रिस गेल और कुमार संगकारा जैसे धुरंधर पूर्व क्रिकेटर 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के दूसरे सत्र में भाग लेंगे। ये मैच मुंबई, वडोदरा और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। लीग के कमिश्नर सुनील गावस्कर ने कहा, आईएमएल के पहले सत्र ने साबित कर दिया कि दिग्गज क्रिकेटरों का जादू अभी भी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलता है। दूसरे सत्र में फोकस उस अनुभव को बेहतरीन प्रतिस्पर्धा, यादगार पलों और खेल के लिए उसी जुनून से जोड़ने पर रहेगा। दूसरे सत्र में छह फ्रेंचाइजी टीमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की होंगी।

## अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति चयनकर्ता

### आईपीएल के जरिए वनडे विश्व कप संभावितों को तलाशेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है और पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।




अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एस एस दास, आर पी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर नवंबर में होगा। चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढ़ाने की मांग की है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।

अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है। अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आर पी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरू और हैदराबाद में देखेंगे। अधिकारी ने कहा, बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं। टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे।

# आईपीएल से चुनी जाएगी वन-डे वर्ल्ड कप 2027 की टीम

### 20 इंडियन प्लेयर्स शॉर्टलिस्ट, सिलेक्टर्स उनकी परफार्मेंस और फिटनेस पर नजर रखेंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 28 मार्च से शुरू हो रहा आईपीएल भारतीय खिलाड़ियों के लिए खास रहने वाला है। टी-20 फॉर्मेट में खेली जानी वाली इस लीग से टीम इंडिया की वनडे वनडे वर्ल्ड कप 2027 की टीम तय होगी।

मीडिया सूत्र और बीसीसीआई सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सिलेक्शन कमेटी ने 20 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिनके प्रदर्शन पर इस आईपीएल के दौरान खास नजर रखी जाएगी। अजित अगरकर की अगुवाई वाली समिति का फोकस इन खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर रहेगा।

इतना ही नहीं, पंजाब मुल्लांपुर में 6 से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच में भी टीम इंडिया अपनी फुल-स्ट्रेंथ के साथ उतरेगा। सारे सीनियर खिलाड़ी इसमें खेलेंगे।



### स्टेडियम जाकर मैच देखेंगे सिलेक्टर्स

बीसीसीआई ने सिलेक्टर्स को मैच देखने की जिम्मेदारी बांट दी गई है। हर चयनकर्ता हफ्ते में कम से कम एक आईपीएल मैच स्टेडियम में जाकर देखेगा, ताकि हर सप्ताह शॉर्टलिस्ट प्लेयर्स की पांच मैचों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार हो सके।
इसके अलावा बाकी मैचों को टीवी के जरिए ट्रैक किया जाएगा। इस बार चयनकर्ता नए उभरते खिलाड़ियों के बजाय पहले से तय वनडे कोर ग्रुप के प्लेयर्स पर ही ध्यान देंगे।
**सिलेक्टर्स के जोन बांटे, अगरकर मुंबई में रहेंगे-** चयनकर्ताओं की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर मुंबई में रहेंगे, जबकि एसएस दास कोलकाता से मैच देखेंगे। वहीं आरपी सिंह और अजय रात्रा एनसीआर क्षेत्र में मौजूद रहेंगे, जबकि प्रज्ञान ओझा बेंगलुरु और हैदराबाद में मुकाबलों पर नजर रखेंगे।

### अफगान टीम के खिलाफ टेस्ट में सीनियर टीम उतारेगा भारत

अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारत अपनी फुल-स्ट्रेंथ टीम उतारेगा। हालांकि इस मैच में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलेंगे, फिर भी टीम मैनेजमेंट इसे हल्के में नहीं ले रहा है। अगस्त से मार्च के बीच भारत को 9 टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में सभी रेड-बॉल खिलाड़ी इस मुकाबले में उपलब्ध रहेंगे। यह भी तय माना जा रहा है कि बुमराह और सिराज, अगर आईपीएल के दौरान फिट रहते हैं, तो अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा होंगे।

## वह 25 साल का है, 20 का नहीं

### डिविलियर्स ने आईपीएल 2026 से पहले अभिषेक को दी सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी डिविलियर्स का मानना ??है कि भारत के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपने करियर के ऐसे मोड़ पर पहुंच गए हैं, जहाँ उन्हें अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी चाहिए और दबाव को बेहतर तरीके से संभालना चाहिए, खासकर टी20 विश्व कप में उनके उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन के बाद। अभिषेक को भारत के वर्ल्ड कप जीतने के अभियान के दौरान रन बनाने में मुश्किल हो रही थी, उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग




(आईपीएल) के 19वें सीजन से पहले सनराइज हैदराबाद का उप-कप्तान बनाया गया है। यह सीज़न 28 मार्च से शुरू होगा। डिविलियर्स ने जियो हॉटस्टार पर कहा, वह अब 25 साल का है, 20 का नहीं। इसलिए, यह निश्चित रूप से वह दौर है जब उसे ज्यादा जिम्मेदारी लेना शुरू कर देना चाहिए। मीडिया का दबाव होगा और लोग उससे और ज्यादा लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे। हम जानते हैं कि टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान उसका प्रदर्शन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहा था, जो निराशाजनक था। फाइनल में उसने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन उसके अलावा उसके लिए यह टूर्नामेंट काफी शांत रहा। वह कभी-कभी थोड़ा अनिश्चित सा लग रहा था। डिविलियर्स ने आगे बताया कि हालांकि अभिषेक ने अपनी प्रतिभा पहले ही दिखा दी है, लेकिन अगला कदम परिपक्वता और निरंतरता का है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उम्मीदें तो बढ़ेंगी ही और आईपीएल 2026 में सफलता पाने के लिए मानसिक रूप से इन उम्मीदों को संभालना ही सबसे अहम होगा। उन्होंने कहा, उनका आईपीएल 2025 शानदार रहा, उन्होंने लगभग 200 के स्ट्राइक-रेट से रन बनाए और उनका औसत 30 के आस-पास रहा। टूर्नामेंट में 400 से ज्यादा रन बनाने वाले एक ओपनिंग बल्लेबाज के लिए यह अच्छा प्रदर्शन है, लेकिन यह और भी बेहतर हो सकता था। एक बार फिर, वही शब्द लगातार अच्छा प्रदर्शन मेरे जहन में आता है। यह एक निजी चुनौती है जिसे उन्हें मानसिक रूप से पार पाना होगा।

डिविलियर्स ने आगे कहा, दुनिया का नंबर एक इंटरनेशनल टी-20 बल्लेबाज होने के साथ-साथ उम्मीदें भी जुड़ी होती हैं, और क्रिकेट की दुनिया में 'उम्मीद' सबसे खतरनाक शब्द है। जब आपको ऐसा महसूस होता है कि पूरी दुनिया की नजरें आप पर ही टिकी हैं, तो आने वाले इस पूरे सीजन में उन मानसिक चुनौतियों से लड़ना उन्हीं के हाथ में है। डिविलियर्स ने अभिषेक को यह भी सलाह दी कि वे हर समय आक्रामक रवैया अपनाने के बजाय मैच की परिस्थितियों को समझने में ज्यादा समझदारी दिखाएं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने मुश्किल गेंदबाजों के हिसाब से खुद को ढालने और अपनी बनाई हुई रणनीति पर भरोसा रखने के महत्व पर जोर दिया, जिससे उन्हें अपने प्रदर्शन में और ज्यादा निरंतरता लाने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने कहा, उनकी सफलता, उनके करियर की लंबी उम्र और उनके प्रदर्शन में निरंतरता का राज इसी बात में छिपा है कि वे अलग-अलग तरह के मैच-अप्स (गेंदबाज और बल्लेबाज के बीच की टक्कर) को कितनी अच्छी तरह समझते हैं और उनका कितना सम्मान करते हैं। मान लीजिए,

## भारत की अंडर 20 महिला टीम एशियाई कप खेलने थाईलैंड पहुंची

### दो दशक बाद किया क्वालीफाई

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की 24 सदस्यीय अंडर 20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले पंद्रह दिन के अनुकूलन शिविर में भाग लेने शुक्रवार को यहां पहुंच गई। भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम दो अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी। भारत को पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और आठ अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20



विश्व कप में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम ने इंडियन वुमेंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलूरू में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है। इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था। भारत ने स्वीडन की सीनियर टीम के खिलाफ पांच दोस्ताना मैच भी खेले। यूरोप से आने के बाद टीम ने कोलकाता में अभ्यास शिविर में भी भाग लिया।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर** – मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू
**डिफेंडर** – अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रूचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम
**मिडफील्डर** – अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी

## अगले साल 29 अक्टूबर से शुरू होंगे राष्ट्रमंडल युवा खेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल युवा खेलों का आठवां चरण अगले साल 29 अक्टूबर से चार नवंबर तक माल्टा और गोजो में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह 29 अक्टूबर को होगा जिसके बाद 30 अक्टूबर से चार नवंबर तक स्पर्धायें होंगी।




इन खेलों में आठ स्पर्धाएं तैराकी और पैरा तैराकी, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, नेटबॉल, सेलिंग, स्क्वाश, ट्रायथलॉन, वॉटर पोलो और भारोत्तोलन शामिल हें। राष्ट्रमंडल खेलों की मुख्य कार्यकारी केटी सैडलियर ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में कहा, माल्टा 2027 एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी माहौल का वादा करता है।

विश्व स्तर की सुविधाएं हमारे युवा खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव देंगी जिससे कल के सितारों को प्रेरित करने और उन्हें विकसित करने में मदद मिलेगी।

# पीएसएल में बांग्लादेशी खिलाड़ियों के खेलने पर सस्पेंस

### बीसीबी बोला-सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ही पाकिस्तान जाएंगे प्लेयर्स, सुरक्षा कारणों से फैसला

**ढाका (एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी अब सरकार की मंजूरी पर निर्भर करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने क्षेत्रीय तनाव को देखते हुए यह फैसला लिया है। पहले बोर्ड ने 6 खिलाड़ियों को एनओसी दिया था। इनमें मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन एमोन (लाहौर कलंदर्स), शोरीफुल इस्लाम, नाहिद राणा, तंजीद हसन तमीम और रिशाद हुसैन (पेशावर जाल्मी) शामिल हैं। पीएसएल 26 मार्च से 3 मई तक खेला जाना है, लेकिन अब खिलाड़ियों के पाकिस्तान जाने से पहले सरकार से अनुमति ली जाएगी।

**अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बनी वजह-** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के क्रिकेट ऑपरेशंस चेयरमैन नजमुल आबेदीन ने कहा कि मौजूदा हालात सामान्य नहीं हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव की वजह से खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर रिस्क है।

- **सरकार तय करेगी कि पाकिस्तान जाना सुरक्षित है या नहीं-** नजमुल आबेदीन ने आगे कहा कि बोर्ड के लिए वहां की जमीनी हकीकत को समझना मुमकिन नहीं है। यह काम सरकार का है। उन्होंने कहा, सरकार को वहां की सुरक्षा स्थिति के बारे में बेहतर जानकारी होगी। अगर सरकार हमें हरी झंडी देती है और कहती है कि यात्रा करना सुरक्षित है, तभी खिलाड़ी वहां जाएंगे। सैद्धांतिक रूप से हमने एनओसी देने का फैसला किया है, लेकिन सब कुछ उस समय के हालात पर निर्भर करेगा। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को घरेलू तीन वनडे मैचों की सीरीज में 2-1 से हराया।




- **न्यूजीलैंड सीरीज के लिए कैंप मिस करेंगे खिलाड़ी-** अगर सरकार से मंजूरी मिल जाती है, तो पीएसएल खेलने वाले 6 खिलाड़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के तैयारी कैंप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। न्यूजीलैंड की टीम 13 अप्रैल को बांग्लादेश दौरे पर आ रही है, जहां उसे 3 वनडे और 3 टी-20 मैच खेलने हैं। वनडे सीरीज 17 अप्रैल से शुरू होगी, जबकि टी-20 सीरीज 27 अप्रैल से 2 मई के बीच खेली जाएगी।
- **वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन को देखते हुए आंशिक एनओसी-** बीसीबी ने खिलाड़ियों को आंशिक एनओसी जारी किया है ताकि वे न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध रहें। बांग्लादेश इस समय आईसीसी वनडे रैंकिंग में नौवें नंबर पर है और अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कोशिश में है। पाकिस्तान को 2-1 से हराने के बाद बांग्लादेश की नजरें अब न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी रैंकिंग सुधारने पर हैं।

# सन्नी हत्याकांड में युवती गिरफ्तार, साजिश रचने का आरोप, इंस्टाग्राम विवाद और लव ट्रायंगल में वारदात

## बॉयफ्रेंड को मर्डर के लिए उकसाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर जिले में चर्चित सन्नी कुमार सिंह अपहरण और हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में षड्यंत्र और उकसावे की भूमिका में शामिल एक युवती को हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवती की पहचान अंकिता सिंह के तौर पर हुई है, जो मूल रूप से आयर थाना क्षेत्र के बलिगांव गांव की रहने वाली है। पनवादा इंस्पेक्टर विपिन बिहारी और दरोगा दीपक कुमार के नेतृत्व में एक टीम वारंट लेकर फरीदाबाद पहुंची थी। वहां स्थानीय क्राइम ब्रांच के सहयोग से मुजेसर थाना क्षेत्र स्थित संजय सिंह कॉलोनी, सेक्टर-23 में छापेमारी कर युवती को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कांड में इस्तेमाल मोबाइल भी जब्त कर लिया है, जिसे साक्ष्य के तौर पर जांच में शामिल किया जा रहा है। गिरफ्तार युवती को 48 घंटे के ट्रांजिट रिमांड पर गुरुवार को आरा लाया गया, जहां कोर्ट में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि युवती पर मुख्य आरोप हत्या के लिए उकसाने और साजिश रचने का है।



**आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामदः** इस मामले में इससे पहले भी पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें टाउन थाना क्षेत्र के चरखंभा गली निवासी कथित प्रेमी बादल उर्फ मुखिया, महादेवा खरा कुआं निवासी आदर्श ठाकुर, अजीमाबाद थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर निवासी अनीष कुमार तथा मृतक का चचेरा भाई करण शामिल है। सभी आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद किया था। जांच में सामने आया है कि यह पूरा मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हुए विवाद और लव ट्रायंगल से जुड़ा हुआ है।

**अपहरण के बाद हत्या कर फेंका शवः** 30 जनवरी 2026 की सुबह बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी उपेंद्र सिंह के पुत्र सन्नी कोचिंग के लिए घर से निकला था। केजी रोड से उसका अपहरण कर लिया गया। बाद में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को पिपरहिया अंडरपास के पास फेंक दिया गया था। अनुसंधान में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार युवती पहले सन्नी के चचेरे भाई करण के संपर्क में थी। बाद में उसके दोस्त बादल से भी बातचीत करने लगी थी, जिसका सन्नी विरोध करता था। इसी को लेकर इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज हुई थी। पुलिस के मुताबिक, इसी विवाद से नाराज होकर युवती ने बादल को सन्नी के खिलाफ भड़काया और कथित तौर पर हत्या की शर्त तक रख दी। हालांकि, प्रारंभिक पूछताछ में युवती ने आरोपियों से बातचीत और विवाद की बात स्वीकार की है, लेकिन हत्या की साजिश में अपनी सीधी संलिप्तता से इनकार किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, हादसे में एक युवक की मौत, मछली लाने के लिए बाजार जा रहा था



**आरा(भोजपुर)।** भोजपुर में बुधवार देर शाम तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मसाढ़ टोला निवासी उपेंद्र यादव के पुत्र उमेश कुमार(18) के तौर पर हुई है। घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र के पासवान चौक के पास की है। पिता ने बताया कि बाइक से मछली लाने के बाजार जा रहा था। रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। सूचना पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में हॉस्पिटल लेकर गए। जहां डॉक्टरों मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव सौंप दिया। मृतक छह भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिवार में मां मनाको देवी, बहन मुन्नी, सुगन छोटक और भाई रंजीत, रामबाबू, मुकेश है। इस घटना के बाद मृतक की मां मनाको देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पिता ने 6 माह की बेटी को मंदिर में पटका, गोद में देकर मां कपड़े धोने गई थी, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

**आरा।** भोजपुर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक पिता ने अपनी छह माह की मासूम बेटी को हनुमान मंदिर परिसर में पटक दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के छोटकी इटहना गांव की है। मृत बच्ची की पहचान धोबहा के पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी दीपांकर कुमार की पुत्री आराध्या कुमारी के तौर पर हुई है। मां सुनती कुमारी ने बताया कि पिछले एक महीने से पति की तबीयत खराब चल रही है। उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। इसी वजह से उन्हें छोटकी इटहना गांव स्थित औघड़ बाबा के पास दिखाने के लिए ले जाया करती थी। सुनती कुमारी ने आगे बताया कि बुधवार की शाम भी पति और बच्ची के साथ वहां पहुंची थी। इसी दौरान बच्ची ने शौच कर दिया। साफ करने के बाद बेटी को अपने पति की गोद में दे दिया। इसके बाद खुद कपड़ा धोने चली गई। इसी बीच, मानसिक रूप से अस्वस्थ पिता ने अचानक बच्ची को उठाकर मंदिर में पटक दिया। जब तक कुछ समझ पाती, तब तक बच्ची की हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी। उसे तुरंत इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुनती कुमारी की शादी तीन साल पहले हुई थी। आराध्या उनकी इकलौती संतान थी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### एमपी का युवक 3 साल बाद परिवार से मिला, बनारस में हुआ था लापता, डुमरांव पुलिस की मदद से हुई घर वापसी



**बक्सर।** बक्सर जिले के डुमरांव थाना क्षेत्र में तीन साल से लापता एक युवक को उसके परिवार से मिलाया गया है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले का यह युवक तीन साल पहले बनारस में लापता हो गया था। डुमरांव पुलिस की तत्परता से उसकी पहचान संभव हो सकी। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के रामपुर गांव निवासी 27 वर्षीय छोटू कौल लगभग तीन साल पहले रोजगार की तलाश में बनारस गया था। परिजनों ने बताया कि वह वहां फल का ठेला लगाकर गुजारा करता था। कुछ समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह मानसिक रूप से अस्थिर हो गया, जिसके बाद वह अचानक लापता हो गया। परिवार उसकी लगातार तलाश कर रहा था। बुधवार रात डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को सूचना मिली कि बंझू डेरा के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। वह अपना नाम और पता ठीक से नहीं बता पा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को थाने ले आई। प्रारंभिक पूछताछ में युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। पुलिस द्वारा लगातार प्रयासों और पूछताछ के बाद युवक ने धीरे-धीरे अपना नाम और घर का पता बताया। इस जानकारी के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क किया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी डुमरांव पहुंच गए। गुरुवार को युवक का भाई पंकज कौल थाने पहुंचा। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद छोटू को उसके भाई के साथ घर भेज दिया गया। लंबे समय बाद बेटे के मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने बताया कि तीन साल की तलाश के बाद उसके सुरक्षित मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। । साथ ही यह भी स्पष्ट होता है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों की पहचान और देखभाल समाज और प्रशासन दोनों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

### शांति समिति की मीटिंग, प्रशासन अलर्ट, ईद, चैती छठ, रामनवमी पर जुलूस में भड़काऊ नारे-गीत पर बैन

**बक्सर।** बक्सर में आगामी ईद-उल-फितर, चैती छठ और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले के वरीय पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड स्तर के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में डीएम ने मार्च माह में पड़ने वाले प्रमुख पर्वों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 और 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 24 और 25 मार्च को चैती छठ तथा 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी। वर्तमान में चल रहे रमजान माह के मद्देनजर मस्जिदों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। ईद-उल-फितर को लेकर जिला पदाधिकारी ने नगर निकायों को ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 20 मार्च को अंतिम जुम्मे की नमाज को देखते हुए विशेष तैयारी रखने को कहा गया। चैती छठ पर्व के लिए गंगा घाटों पर विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए गए। नगर परिषद बक्सर को घाटों की साफ-सफाई, रोशनी, श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन और गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने का भी निर्देश दिया गया। रामनवमी को लेकर प्रशासन ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जुलूस निकालने के लिए शत-प्रतिशत लाइसेंस अनिवार्य किया गया है और जुलूस केवल पूर्व निर्धारित मार्गों पर ही निकाले जाएंगे। जुलूस में भड़काऊ नारे, उत्तेजक गीत और प्रतिबंधित हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण रोक रहेगी। साथ ही किसी भी समुदाय की भावना को आहत करने वाली झांकी या दृश्य पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान डीजे के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव को जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल की तैनाती और नियंत्रण कक्ष स्थापित कर विधि-व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखते हुए त्योहारों को मिल-जुलकर मनाएं।

## कुएं में डूबने से बुजुर्ग की मौत, घर के पास बैठे हुए थे



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में कुएं में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान अवधेश सिंह(70) के तौर पर हुई है। घटना पवना थाना क्षेत्र के नरौनी गांव की है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में उनके घर के पास ही एक कुआं है। गुरुवार को वहीं पर बैठे हुए थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से कुएं में गिर पड़े। कुछ समय तक किसी को इसकी जानकारी नहीं हो सकी। बाद में कुछ लोगों की नजर कुएं पर पड़ी तो अंदर शव को तैरता देखा। तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई।

**घर में मचा कोहरामः** मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अवधेश सिंह चार भाइयों और तीन बहनों में सबसे बड़े थे। उन्होंने शादी नहीं की थी। छोटे भाई के साथ रहते थे। मौत की खबर से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## बच्ची को मिला नया परिवार, बेंगलुरु के दंपत्ति को दत्तक पूर्व पालन-पोषण के लिए सौंपा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर जिले के विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में रह रही एक बालिका को बेंगलुरु के दंपत्ति को पालन-पोषण और देख-रेख के लिए सौंपा गया है। जिला पदाधिकारी श्रीमती साहिला ने यह प्रक्रिया पूरी की। बच्ची को अपने जीवन में पाकर दंपत्ति भावुक हो उठे और उन्होंने खुशी व्यक्त की। यह पल बच्ची के उज्जवल भविष्य की नई शुरुआत है। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया और नियमों की जानकारी दी। बताया गया कि गोद लेने के इच्छुक अभिभावकों को केंद्रीय दत्तक संसाधन प्राधिकरण (CARA) के अधिकृत पोर्टल CARINGS (carings.wcd.gov.in) पर पंजीकरण करना अनिवार्य है।





**30 दिनों में जमा करना होता है डॉक्यूमेंट्सः** पंजीकरण के दौरान आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या जन्म प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों में से किसी एक पहचान पत्र की आवश्यकता होती है। सभी जरूरी दस्तावेज 30 दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना होता है। दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में गृह अध्ययन रिपोर्ट, प्रतीक्षा सूची, मिलान प्रक्रिया, आरक्षण, स्वीकृति एवं न्यायालय में याचिका जैसे कई चरण शामिल होते हैं।

**दंपत्ति के बीच 2 साल का वैवाहिक संबंध होना जरूरीः** इसके साथ ही अभिभावकों की शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्थिति, वित्तीय सक्षमता और दत्तक ग्रहण के प्रति उनकी प्रेरणा का भी मूल्यांकन किया जाता है। नियमों के अनुसार, दंपत्ति के बीच कम से कम दो वर्षों का स्थिर वैवाहिक संबंध होना जरूरी है और दोनों की सहमति अनिवार्य होती है।

**एकल पुरुष सिर्फ लड़के को ले सकते है गोदः** एकल पुरुष केवल बालक को ही गोद ले सकते हैं, जबकि एकल महिला बालक और बालिका दोनों को गोद ले सकती है। वहीं, दो संतान वाले दंपत्ति सामान्य श्रेणी के बच्चों को गोद नहीं ले सकते। वे केवल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को ही दत्तक ग्रहण कर सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी गैर-कानूनी माध्यम से बच्चा गोद लेना या देना अपराध है, इसलिए पूरी प्रक्रिया को कानूनी तरीके से ही पूरा करना आवश्यक है। इस दौरान वरीय उप समाहर्ता-सह-प्रभारी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल संरक्षण पदाधिकारी (गैर-संस्थागत एवं संस्थागत) तथा दत्तक ग्रहण संस्थान के प्रभारी समन्वयक भी उपस्थित रहे।

## विवाहिता की हत्या मामले में सास–पति गिरफ्तार, दहेज के लिए जहर खिलाकर मारने का आरोप

### पिता बोले– मेरी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** आरा के मुसहर टोली में महिला की संदिग्ध मौत मामले में पुलिस ने फरार पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है। दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जहर देकर हत्या करने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों में मो. शाहिद और उसकी मां मुनिया खातून उर्फ नन्हकी खातून शामिल हैं। मामला टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा इलाके का है।

मंगलवार(17 मार्च 2026) दोपहर को नाजिया खातून की मौत हो गई थी। प्रारंभिक जानकारी में इसे आत्महत्या बताया जा रहा था, लेकिन परिजनों के आरोप के बाद मामला हत्या में बदल गया। मृतका के पिता औरंगाबाद जिले के अमझरशरीफ गांव निवासी मो. मुस्तकीम कलंदर के बयान पर टाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें पति और सास को नामजद किया गया है।



**हत्या को आत्महत्या बताया जा रहा थाः** परिजनों के अनुसार, नाजिया की शादी 2024 में मो. शाहिद के साथ पूरे रीति-रिवाज और लेनदेन के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही महीनों बाद से उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति और सास अक्सर उसके साथ मारपीट करते थे और मानसिक रूप से भी परेशान करते थे। घटना के दिन भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था।

आरोप है कि उसे जहर देकर मार दिया गया और मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।

साक्ष्य और परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## दंपती ने खाया जहर, पत्नी की मौत, घरेलू विवाद में दोनों के बीच हुआ था झगड़ा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा मुसहर टोली में जहर खाने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका टाउन थाना क्षेत्र धरहरा मुसहर टोली वार्ड नंबर-34 निवासी मो. शाहिद की 20 वर्षीय पत्नी नाजिया खातून है। औरंगाबाद जिला के हसपुरा थाना क्षेत्र के अमझरशरीफ गांव निवासी मृतका के पिता मो. मुस्तकीम ने बताया कि बेटी नाजिया खातून की 2024 में धरहरा मुसहर टोली निवासी मो. शाहिद से शादी की थी।

शादी के कुछ महीने बीत जाने के बाद से ही घरेलू विवाद को लेकर उसकी सास-पति मारपीट करने लगे। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि जहर खाने से उनकी बेटी की मौत हो गई है। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल धरहरा मुसहर टोली पहुंचे। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। दूसरी तरफ मृतका के पिता मो.मुस्तकीम ने उसके पति मोहम्मद शाहिद और सास पर अपनी बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है।



**पति ने भी खाया था जहरः** पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बता दे कि दोनों पति-पत्नी ने आपस में झगड़ने के बाद जहर खा लिया था। हालांकि. उसके पति मो. शाहिद की तबीयत बिल्कुल ठीक थी। लेकिन उसे गंभीर हालत में मोहल्ले वासियों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया था। बताया जाता है कि मृतका की सिर्फ एक बेटी सनिका परवीन है। इस घटना के बाद मृतका की मां और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हवलदार को ड्यूटी पर जाने के दौरान तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा एडीएम ऑफिस के पास सड़क हादसे में घायल बीएमपी हलवदार की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पहले रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक जवान सत्येंद्र कुमार सिंह(55) भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के रहने वाले थे।

मृतक जवान के भाई राजेश्वर कुमार ने बताया कि गहा अनुमंडल में एडीएम आवास में ड्यूटी पर तैनात थे। 16 मार्च की सुबह किसी काम से जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सहकर्मियों ने इलाज के अनुमंडलीय अस्पताल में एडमिट कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। पटना में इलाज कराकर वापस गांव ले आए थे।

**घर में मचा कोहरामः** बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। आरा सदर हॉस्पिटल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिवार में पत्नी सीता देवी, दो पुत्री प्रियंका, प्रिया और दो पुत्र सुधीर, सुभाष है। परिवार के सभी सदस्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ‘तिलहन-दाल पर एमएसपी गारंटी से आत्मनिर्भर बनेगा भारत’

### बक्सर सांसद सुधाकर सिंह की लोकसभा में फार्मर रिलेटेड डिमांड

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने लोकसभा में किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने सरकार की कृषि नीति पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि तिलहन और दालों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी मिलने से भारत इन क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन सकता है।

सांसद सिंह ने संसद में बताया कि सरकार वर्तमान में धान और गेहूं पर एमएसपी की बात करती है, लेकिन तिलहन और दाल जैसी आवश्यक फसलों को अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश हर साल लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये का तिलहन और करीब 50 हजार करोड़ रुपये की दाल विदेशों से आयात करता है। इससे देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बाहर जा रही है, जिसका लाभ भारतीय किसानों के बजाय विदेशी कंपनियों को मिल रहा है।



**किसान इन फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित नहीं हो पा रहेः** उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की इच्छाशक्ति की कमी के कारण किसान इन फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित नहीं हो पा रहे हैं। सुधाकर सिंह के अनुसार, यदि सरकार एमएसपी की गारंटी देती है, तो देश के किसान तिलहन और दाल उत्पादन में क्रांति ला सकते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। सांसद ने यह भी याद दिलाया कि भारत पहले तेल उत्पादन में आत्मनिर्भर था। उस समय एमएसपी नहीं था, बल्कि आयात शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) बढ़ाकर किसानों को संरक्षण दिया जाता था। उन्होंने बताया कि विश्व व्यापार संगठन के नियमों के तहत विकासशील देशों को कृषि क्षेत्र में 3 प्रतिशत से लेकर 300 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की छूट है, जिसका उपयोग वे अपने किसानों की सुरक्षा के लिए कर सकते हैं।

**आयात शुल्क बढ़ाने और MSP की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने की मांगः** सुधाकर सिंह ने सरकार से मांग की कि वह इस छूट का लाभ उठाते हुए तिलहन और दाल पर आयात शुल्क बढ़ाए और एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करे। उनका मानना है कि इन कदमों से किसानों की आय में वृद्धि होगी, देश की विदेशी मुद्रा बचेगी और भारत खाद्य तेल व दाल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि थोड़े से आर्थिक निवेश और सही नीतिगत फैसलों से देश कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है, जिसके लिए केवल मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है।